# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

जबलपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025


**बड़ा सवाल : इस्तीफा दिया या लिया गया?**

**दिल्ली सरकार का बड़ा ऐलान**

**खिलाड़ी को नौकरी भी दी जाएगी**

## ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले को मिलेंगे 7 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत ऐतिहासिक फैसला लिया है। दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने जानकारी दी है कि ओलंपिक में जीतने वाले विजेताओं को सरकार की ओर से कैश रिवॉर्ड को बढ़ा दिया गया है।

*बिना किसी अपॉइंटमेंट के ही राष्ट्रपति भवन पहुंचकर त्यागपत्र सौंप आए*

# उपराष्ट्रपति धनखड़ के इस्तीफे से हैरानी... प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तम स्वास्थ्य की कामना की, हरिवंश मिले राष्ट्रपति से



नितिन गडकरी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, निर्मला सीतारमण समेत तमाम वरिष्ठ मंत्री भी इस मामले पर चुप हैं



- *संसद के मौजूदा मानसून सत्र में नए उपराष्ट्रपति का चुनाव होने की संभावना कम*
- *सरकार इस सत्र में चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं करेगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मानसून सत्र के पहले दिन राज्यसभा में चेयरमैन की जिम्मेदारी संभालते हुए एकदम सामान्य दिख रहे जगदीप धनखड़ ने दिन खत्म होने से पहले इस्तीफा दे दिया। रात को अचानक एक्स पर इस्तीफे का ऐलान किया और बिना किसी अपॉइंटमेंट के ही राष्ट्रपति भवन पहुंचकर त्यागपत्र सौंप आए। इसके बाद पूरी रात चुप्पी रही और मंगलवार को लगभग दोपहर में पीएम नरेंद्र मोदी ने तीन लाइन की एक पोस्ट एक्स पर लिखी।

उन्होंने लिखा- श्री जगदीप धनखड़ जी को भारत के उपराष्ट्रपति सहित कई भूमिकाओं में देश की सेवा करने का अवसर मिला है। मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। नितिन गडकरी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, निर्मला सीतारमण समेत तमाम वरिष्ठ मंत्री भी चुप हैं। संसद के मौजूदा मानसून सत्र में नए उपराष्ट्रपति का चुनाव होने की संभावना कम है।

## महाभियोग मामले में सरकार को न्यायपालिका के खिलाफ आक्रामक होकर खेलने का मौका नहीं मिल पाया

### 2 कारण हैं चर्चाओं में

1 विपक्ष की ओर से जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को स्वीकार करने से सरकार असहज थी। सरकार चाहती थी कि विपक्ष के प्रस्ताव को इतनी जल्दी न स्वीकार किया जाए। इससे सरकार को न्यायपालिका के खिलाफ आक्रामक होकर खेलने का मौका नहीं मिल पाया।

2 विपक्ष का प्रस्ताव स्वीकार होने के बाद ही जो बैठक थी, उसमें केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और किरेन रिजिजू नहीं पहुंचे। इसके अलावा जगदीप धनखड़ को एक फोन आने की बात भी चल रही है। कहा जा रहा है कि इस तरह फोन पर विपक्ष के प्रस्ताव स्वीकार करने पर आपत्ति जताए जाने और फिर मंत्रियों के न पहुंचने से वह अपमानित महसूस कर रहे थे।

### 11 दिन पहले पूर्व राष्ट्रपति धनखड़ ने कहा था- 2027 में रिटायर हो जाऊंगा

10 जुलाई को एक कार्यक्रम में उन्होंने खुद कहा था कि वो अपना कार्यकाल पूरा करेंगे और 2027 में रिटायर होंगे, लेकिन सिर्फ 11 दिन में उनका रुख बदल गया और उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

### अगला उपराष्ट्रपति कौन ?...हरिवंश का नाम सबसे आगे

भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की ओर से नए उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की घोषणा जल्द होने की संभावना है। इस रेस में सबसे मजबूत नाम राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह का माना जा रहा है। वे जनता दल (यूनाइटेड) के राज्यसभा सांसद हैं और 2020 से उपसभापति के तौर पर काम कर रहे हैं। हरिवंश सिंह को केंद्र सरकार का करीबी और भरोसेमंद चेहरा माना जाता है।

भाजपा किसी राज्य के वर्तमान राज्यपाल को भी उम्मीदवार बना सकती है। कई विकल्प हैं और नाम को लेकर मंथन चल रहा है। धनखड़ से पहले एम. वेंकैया नायडू उपराष्ट्रपति थे और वह भी भाजपा के वरिष्ठ नेता रह चुके थे। इससे पहले के रुझानों को देखते हुए यह माना जा रहा है कि इस बार भी एनडीए एक ऐसा चेहरा सामने लाएगा, जो संगठनात्मक रूप से मजबूत और सदन संचालन में दक्ष हो।

## दिल्लीः एयर इंडिया फ्लाइट में लगी आग

**नई दिल्ली।** हॉन्गकॉन्ग से दिल्ली आई एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 315 में दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड होने के बाद आग लग गई। घटना के बारे में एयर इंडिया के प्रवक्ता ने



बताया कि लैंडिंग और गेट पर पार्क होने के तुरंत बाद सहायक पावर यूनिट में आग लग गई। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान विमान से यात्री उतर रहे थे और सिस्टम डिजाइन के अनुसार एपीयू ऑटोमेटिक शटडाउन हो गया, जिससे स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया गया। इस घटना में विमान को कुछ नुकसान पहुंचा, लेकिन सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित रूप से विमान से उतर गए।

**विमान दुर्घटना पर 15 पृष्ठों की रिपोर्ट के बाद उठाया कदम**

# एयर इंडिया ने 'बोइंग के बेड़े' में ईंधन नियंत्रण स्विच की जांच पूरी

## कहा-कोई समस्या ही नहीं मिली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर इंडिया ने अपने बेड़े के सभी बोइंग 787 और बोइंग 737 विमानों के ईंधन नियंत्रण स्विच (एफसीएस) के लॉकिंग तंत्र का ऐहतियाती निरीक्षण पूरा कर लिया है। एयरलाइन ने बताया है कि उसने 14 जुलाई, 2025 को जारी डीजीसीए के निर्देशों का पालन किया है। एयर इंडिया ने बताया कि निरीक्षणों में, उक्त लॉकिंग तंत्र में कोई समस्या नहीं पाई गई। एयर इंडिया ने 12 जुलाई को स्वैच्छिक निरीक्षण शुरू किया था और डीजीसीए द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर इसे पूरा कर लिया।



नियामक को इसकी सूचना दे दी गई है। एयर इंडिया ने कहा कि इसमें कोई समस्या नहीं है। यह निरीक्षण 12 जून को हादसे के मद्देनजर किया गया। 12 जून को एअर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान अहमदाबाद से लंदन के गैटविक के लिए उड़ान भरने के तुरंत बाद एक इमारत से टकरा गया था।

### जांच रिपोर्ट में हुआ था खुलासा

यह कदम एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर 15 पृष्ठों की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद उठाया गया, जिसमें खुलासा हुआ था कि इंजन को ईंधन आपूर्ति करने वाले स्विच उड़ान भरने के एक सेकंड के भीतर ही बंद हो गए थे। यही इस दर्दनाक हादसे का प्रमुख कारण था।

**इंदौरवासियों को बड़ी सौगात** : मुंबई से 23 को और 24 जुलाई को इंदौर से तेजस होगी रवाना

# इंदौर से मुंबई के बीच दौड़ेगी सुपरफास्ट तेजस एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

## तेजस एक्सप्रेस मुंबई और इंदौर के बीच बोरिवली, वापी, सूरत, वडोदरा, दाहोद, रतलाम और उज्जैन स्टेशनों पर ठहरेगी

मुंबई और इंदौर के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। पश्चिम रेलवे पहली बार इंदौर से मुंबई के लिए सुपरफास्ट तेजस स्पेशल ट्रेन की शुरुआत करने जा रही है। यह ट्रेन 23 जुलाई से मुंबई से रवाना होगी, जबकि इंदौर से पहली तेजस ट्रेन 24 जुलाई को चलेगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन चलाई जाएगी। मुंबई सेंट्रल से इंदौर के लिए ट्रेन संख्या 09085 हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को रात 11:20 बजे रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 1 बजे इंदौर पहुंचेगी। इसी तरह, इंदौर से मुंबई के लिए ट्रेन संख्या 09086 हर मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को शाम 5 बजे चलेगी और दूसरे दिन सुबह 7:10 बजे मुंबई पहुंचेगी।




### किराया अन्य ट्रेनों से ज्यादा

तेजस एक्सप्रेस का किराया इस रूट की दुरंतो एक्सप्रेस और अवंतिका एक्सप्रेस से अधिक रखा गया है। थर्ड एसी का किराया 1805, सेकंड एसी का किराया 2430 जबकि फर्स्ट एसी का किराया 3800 है। जबकि दुरंतो एक्सप्रेस में फर्स्ट एसी का किराया 3425 और अवंतिका एक्सप्रेस में 2870 है। तेजस ट्रेन, दुरंतो और अवंतिका की तुलना में अधिक समय लेगी। दुरंतो एक्सप्रेस इंदौर से मुंबई का सफर 11 घंटे 10 मिनट में पूरा करती है।

### तेजस ट्रेन की खासियत

तेजस एक्सप्रेस देश की पहली कॉर्पोरेट ट्रेन है, जिसे आईआरसीटीसी संचालित करता है। इसमें एलसीडी स्क्रीन, वाई-फाई, स्वचालित दरवाजे, बायो-वैक्यूम टॉयलेट और आरामदायक सीटें जैसी आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।




## मराठी भाषा विवाद के बीच राज्यपाल की चेतावनी

# मुझे हिंदी नहीं आती तो क्या आप मुझे मारेंगे और मैं सीख जाऊंगा

### राधाकृष्णन ने कहा-अगर आप आकर मुझे पीटेंगे, तो क्या मैं तुरंत मराठी में बात करने लगूंगा? यह नामुमकिन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में जारी मराठी बनाम हिंदी भाषा विवाद के बीच राज्य के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि भाषा विवाद की वजह से हिंसा की घटनाएं राज्य में निवेश पर बुरा असर डाल सकती हैं।

उन्होंने आगाह किया कि अगर ऐसा हुआ तो इससे महाराष्ट्र को दीर्घकालिक रूप से नुकसान होगा। उन्होंने यह भी कहा कि सभी की मातृभाषा का सम्मान किया जाना चाहिए। इससे राधाकृष्णन ने कहा कि अगर आप आकर मुझे पीटेंगे, तो क्या मैं तुरंत मराठी में बात करने लगूंगा? यह नामुमकिन है।

*हिंसा की घटनाएं राज्य में निवेश पर असर डालेंगी*

*महाराष्ट्र को दीर्घकालिक नुकसान होगा*



**'जब मैं तमिलनाडु में सांसद था तो...', वाकया सुनाकर दी नसीहत**

*अपनी बात को और अधिक स्पष्ट करने के लिए गवर्नर राधाकृष्णन ने तमिलनाडु में सांसद रहने के दौरान हुई एक घटना भी साझा की, जहां उन्होंने कुछ इसी तरह का भाषा विवाद और मारपीट की घटना देखी थी। उन्होंने कहा कि जब मैं तमिलनाडु में सांसद था, तो एक दिन हाईवे पर मैंने कुछ लोगों को किसी को पीटते हुए देखा। मैंने तुरंत अपने ड्राइवर से गाड़ी रोकने को कहा और खुद गाड़ी से उतर गया। मुझे देखकर, जो लोग पीट रहे थे, वे भाग गए और जो लोग पिट रहे थे, वे वहीं खड़े रहे। मैंने उनसे पूछा कि समस्या क्या है, तो वे हिंदी में बता रहे थे और मैं सिर्फ मार-मार समझ पा रहा था। मैंने होटल मालिक को बुलाया और उससे पूछा, तो उसने मुझे बताया कि वे तमिल नहीं जानते, वे लोग उन्हें पीटने की कोशिश कर रहे थे और उनसे सिर्फ तमिल में बात करने को कह रहे थे। इससे आगे राधाकृष्णन ने कहा कि अगर आप आकर मुझे पीटेंगे, तो क्या मैं तुरंत मराठी में बात करने लगूंगा? यह नामुमकिन है। मैंने उन लोगों से माफी मांगी।*

**नफरत फैलाएंगे, तो कौन सा निवेशक आएगा?**

*इस घटना को साझा करने की वजह बताते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की नफरत की घटनाओं को देखकर निवेशक राज्य में निवेश करने नहीं आएंगे, जिससे लंबे समय में महाराष्ट्र को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि मैं यह क्यों कह रहा हूं? अगर हम इस तरह की नफरत फैलाएँगे, तो कौन सा निवेशक आएगा? कोई निवेशक नहीं आएगा, कोई उद्योग नहीं आएगा। लंबे समय के लिए हम महाराष्ट्र को नुकसान पहुंचा रहे हैं।*

**हिंदी न बोल पाने का जताया दुःख**

*उन्होंने हिंदी न बोल पाने और न ही समझ पाने का दर्द भी साझा किया और कहा कि यह उनके लिए एक बाधा है। उन्होंने कहा कि मैं हिंदी नहीं समझ पाता, और यही मेरे लिए एक बाधा है... इसलिए हमें ज़्यादा से ज़्यादा भाषाएं सीखनी चाहिए, और हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए, इसमें कोई समझौता नहीं होना चाहिए। महाराष्ट्र के गवर्नर की यह टिप्पणी राज्य में गैर-मराठी भाषियों के खिलाफ हाल की हिंसा की घटनाओं के बीच आई है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने कई हिन्दी भाषियों के साथ मराठी नहीं बोलने पर मारपीट की है। इसकी वजह से राज्य में सियासी पारा चढ़ा हुआ है।*

**मराठी बोलो नहीं तो बिहार भेजेंगे**

## इनकार पर मनसे ने महिला से हाथ जोड़कर मंगवाई माफी

महाराष्ट्र में इन दिनों भाषा को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। उत्तर भारतीय लोगों को महाराष्ट्र में रहकर मराठी बोलने पर मजबूर किया जा रहा है। अब नया मामला मुंबई के घाटकोपर से सामने आया है, जहां एक उत्तर भारतीय महिला से मनसे के कुछ कार्यकर्ताओं ने मराठी न बोलने को लेकर माफी मंगवाई। उन्होंने महिला को मजबूर किया. वहां मौजूद मराठी महिला उससे कहती हैं कि दो बार जय महाराष्ट्र बोल, नहीं तो बिहार भेज देंगे तेरे को। इस दौरान का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उत्तर भारतीय महिला बेबस नजर आ रही है और मराठी महिलाओं के कहने पर माफी मांगती दिख रही है. करीब एक मिनट तक सभी महिलाएं उसे घेरकर खड़ी हुई हैं।



---

**खबर संक्षेप**

### रोशन अस्पताल से डिस्चार्ज, जानकारी दी

**मुंबई।** सुपरस्टार ऋतिक रोशन के पिता और दिग्गज फिल्म निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन को लेकर पिछले दिनों चौंकाने वाली खबर आई थी। राकेश रोशन को पिछले दिनों अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी गर्दन की एंजियोप्लास्टी की गई थी। अब राकेश को छुट्टी मिल गई है। उन्होंने तस्वीर शेयर करते हुए सेहत की जानकारी दी।



### चौधरी बने अमूल ब्रांड की संस्था के चेयरमैन

**आणंद।** सहकारी नेता अशोक चौधरी 'अमूल' ब्रांड का संचालन करने वाली सहकारी संस्था 'गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ' के निर्विरोध चेयरमैन चुने गए। यह महासंघ गुजरात और देश के कई अन्य राज्यों में दूध और डेयरी उत्पादों का विपणन करता है। कलेक्टर और चुनाव अधिकारी प्रवीण चौधरी ने यह जानकारी दी।



### शरद ने की फडणवीस की तारीफ, आप थकते नहीं

**महाराष्ट्र।** सियासी भूचाल के बीच अब एनसीपी के मुखिया शरद पवार ने देवेंद्र फडणवीस की खुलकर तारीफ की है। पवार ने कहा देवेंद्र इतनी मेहनत करतें है पर थकते क्यों नहीं है? देवेंद्र के काम की गति बहुत तेज है। उनकी मेहनत को देखकर मेरे मन में सवाल उत्पन्न होता है कि आखिर वेथकते क्यों नहीं है? महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस का आज जन्मदिन था।



### कांवड़ियों संग रहने वाले 5 बहुरूपिए गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** कांवड़ शिविरों के पास चोरी की फिराक में घूम रहे 5मुस्लिम युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये नाम बदलकर व शिवभक्त बनकर शिविर में कांवड़ियों के साथ रह रहे थे। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया था। हिंदू युवा वाहिनी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रहलाद पाहूजा ने मुकदमा दर्ज कराया है, जिससे गिरफ्तारी हुई।



### 270 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण, मुआवजा दिया

**औरंगाबाद।** वाराणसी से कोलकाता तक बनने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण में जमीन मुआवजा की दर को लेकर चल रहे विवाद के बीच किसानों ने मुआवजा राशि ले ली है। एक्सप्रेस-वे के लिए नबीनगर, कुटुंबा और देव अंचल में जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। तीनों अंचल से करीब 800 रैयतों ने जमीन का मुआवजा लिया है।



---

### एसआईआर (सर) के मुद्दे पर सदन में प्रदर्शन को लेकर भाजपा हमलावर

# विपक्ष कर रहा गुंडागर्दी, भारत कोई धर्मशाला नहीं, उसे जांच-पड़ताल से ऐतराज क्यों हो रहा?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को बिहार मतदाता सूची संशोधन के विरोध में विपक्षी दलों की कड़ी आलोचना की और उन पर गुंडागर्दी का सहारा लेने का आरोप लगाया ताकि बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों समेत विदेशी लोगों को चुनाव में वोट देने का अधिकार मिल सके। बता दें कि बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी और तख्तियां लहराकर लोकसभा की कार्यवाही स्थगित करने पर मजबूर कर दिया। संसद भवन परिसर में विपक्ष के तमाम सांसदों ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे को लेकर जोरदार तरीके से प्रदर्शन किया है।

भाजपा ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष इस प्रक्रिया का विरोध इसीलिए कर रहा है क्योंकि वह बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को भी वोटिंग अधिकार दिलवाना चाहता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। संविधान के अनुसार केवल भारतीय नागरिक ही वोट डाल सकते हैं। फिर जांच से आपत्ति क्यों?' उन्होंने दावा किया कि बिहार के अररिया, किशनगंज और पूर्णिया जिलों में जनसंख्या से ज़्यादा आधार कार्ड बने हैं। क्या ये नहीं जांचा जाना चाहिए कि कोई व्यक्ति एक से ज्यादा बूथ पर वोटर तो नहीं?




*इंडी गठबंधन बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं पर मेहरबान क्यों?*

**विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बना रहा: गिरिराज**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भी विपक्ष पर साधा निशाना और कहा कि विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव बना रहा है ताकि संस्थाएं उनके इशारे पर चलें। यह संविधान की खुली अवहेलना है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष की मंशा है कि रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को भी भारत में वोटिंग का अधिकार मिले। संपूर्ण विपक्ष अवाद घुसपैठियों पर मेहरबान क्यों है?



### एसआईआर के खिलाफ विपक्ष ने की नारेबाजी, पोस्टर लहराए





इस दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव समेत कई बड़े चेहरे इस प्रदर्शन में शामिल रहे। विपक्षी सांसद संसद के मकर द्वार की सीढ़ियों पर जमा हुए और एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ नारे लगाए। उनका आरोप था कि यह चुनावों में हेराफेरी के समान है। उन्होंने 'एसआईआर: भारतीय अधिकारों की चोरी' और 'एसआईआर: भारतीय गणराज्य को नुकसान पहुंचाना' लिखे हुए पेपर भी पकड़ रखे थे।

**एक साथ चर्चा संभव नहीं, विपक्ष करोड़ों की टैक्स मनी बर्बाद कर रहा**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के रवैये की निंदा की। उन्होंने कहा कि एक ओर वे बहस की मांग कर रहे हैं और दूसरी ओर खुद ही बहस नहीं होने दे रहे हैं। यह दोहरा मापदंड है। उन्होंने कहा कि बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में तय हुआ था कि पहले 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा होगी। वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष खुद ही संसद का समय बर्बाद कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीएसी में ये चर्चा हुई थी कि सबसे पहले ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी और उसका टाइम भी फिक्स किया गया है। ये निंदनीय है। विपक्ष हंगामा करके देश का करोड़ों रुपए रोजाना बर्बाद कर रहा है।



**सामाजिक न्याय मंत्री ने सदन में रखे दो प्रस्ताव**

सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने लोकसभा में दो प्रस्ताव रखे। जिसमें पहला प्रस्ताव, भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) के लिए दो सांसदों के चुनाव का था, जो दिव्यांगजनों से जुड़ी सेवाओं और प्रशिक्षण को नियंत्रित करता है। दूसरा प्रस्ताव विकलांगता पर केंद्रीय सलाहकार बोर्ड के लिए था, जो दिव्यांग कानून पर सरकार को सलाह देता है।

**एनएफएसए में जोड़े जा सकेंगे 79 लाख लाभार्थी**

राज्यसभा में केंद्र सरकार ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के तहत अभी 79 लाख और लाभार्थी जोड़े जा सकते हैं। फिलहाल 80.56 करोड़ लोगों को राशन मिल रहा है, जबकि लक्ष्य 81.35 करोड़ है। राज्य सरकारें इस सूची को लगातार अपडेट कर रही हैं।

**इसलिए संसद की कार्यवाही बाधित हुई: कांग्रेस**

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार बिहार में एसआईआर पर चर्चा के लिए तैयार नहीं हुई जिससे कार्यवाही बाधित हुई। जयराम रमेश ने कहा कि सरकार ने अब तक स्पष्ट जवाब नहीं दिया है कि पहलगाम एवं ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा तथा राज्यसभा में चर्चा कब शुरू होगी।



---

### सहकारिता मंत्री शाह ने कहा

## दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना की दी मंजूरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना को मंजूरी दे दी है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। योजना की पायलट परियोजना के अंतर्गत 11 राज्यों की 11 पैक्स में गोदामों का निर्माण पूरा हो चुका है। इसके अलावा, परियोजना के अंतर्गत गोदाम निर्माण के लिए 500 से अधिक पैक्स की पहचान की गई है और दिसंबर 2026 तक निर्माण पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। परियोजना के अंतर्गत 31 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से कुल 73,492 पैक्स को मंजूरी दी गई है। वहीं, 59,920 पैक्स को ईआरपी सॉफ्टवेयर पर शामिल किया गया है। पैक्स कम्प्यूटरीकरण परियोजना के अंतर्गत, कर्नाटक राज्य से 5,628 पैक्स को मंजूरी दी गई है। यह जानकारी सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी है।

**5 वर्ष में सभी गांवों को कवर करेंगे**

*केंद्र सरकार ने नई बहुउद्देशीय पैक्स/डेयरी/मत्स्य पालन सहकारी समितियों की स्थापना की योजना को मंजूरी दे दी है, जिसका लक्ष्य पांच वर्षों की अवधि में देश की सभी पंचायतों और गांवों को कवर करना है। इस पहल को नाबार्ड, एनडीडीबी, एनएफडीबी और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों का समर्थन प्राप्त है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के अनुसार, 15 फरवरी 2023 को योजना के अनुमोदन के बाद से 30 जून 2025 तक देश भर में कुल 22,933 नई बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियां पंजीकृत की गई हैं, जिनमें 5,937 एम-पैक्स शामिल हैं। पैक्स को मजबूत करने के लिए, सरकार द्वारा 2925.39 करोड़ के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ कार्यात्मक पैक्स के कम्प्यूटरीकरण के लिए परियोजना को मंजूरी दी गई है।*

---

### यूनिवर्सिटी चांसलर निकला धन कुबेर

## ईडी ने कुर्क की 20.28 करोड़ की चल और अचल संपत्तियां

एजेंसी ▶▶ शिलांग

केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पैसे लेकर फर्जी प्रमाणपत्र जारी करने के मामले में शिलांग में सीएमजे यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति यानी चांसलर और उनके परिवार के सदस्यों की करीब 20.28 करोड़ की संपत्ति अस्थायी तौर पर कुर्क की है। ईडीने बताया कि इन संपत्तियों में नई दिल्ली में 19.28 करोड़ मूल्य की 4 अचल संपत्तियां और बैंक बैलेंस के रूप में 1करोड़ की चल संपत्ति शामिल है, जिन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुर्क किया गया है।



**2013 और 2022 के बीच की थी जालसाजी**

*शिलांग में ईडी उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने 3 जुलाई को कुर्की आदेश जारी किया था, जिसमें कुलाधिपति चंद्रमोहन झा और उनके परिवार के सदस्यों की 20.28 करोड़ की संपति कुर्क करने की बात कही थी। ईडी नकहा है कि ये अचल संपत्तियां 2013 और 2022 के बीच खरीदी गईं, जबकि बैंक बैलेंस को छिपाने के प्रयास में 16 दिसंबर, 2024 को उनके परिवार को हस्तांतरित कर दिया गया।*

### सीजेआई ने महिला पर की तल्ख टिप्पणी

## तलाक की एवज में मांगे 18 करोड़ घर व लग्जरी कार... खुद सक्षम हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में महिला द्वारा तलाक की एवज में जो डिमांड की गई उसे सुनकर मुख्य न्यायाधीश भी हैरान रह गए। सर्वोच्च अदालत ने एक हाईप्रोफाइल तलाक मामले ने फैसला सुरक्षित रखा है। सिर्फ 18 महीने की शादी के बाद महिला ने जो मांग रखी, उस पर सीजेआई बीआर गवई ने तल्ख टिप्पणी की।



**पढ़ी- लिखी हो, खुद कमा सकती हो**

महिला की मांग थी कि उसे 18 करोड़ रुपए, मुंबई में एक घर और एक बीएमडब्ल्यू कार चाहिए। शादी खत्म करने के एवज में पति से ये 3 शर्तें रख दीं। सीजेआई ने जो टिप्पणी की वो चर्चा का विषय बन गई। सीजेआई ने कहा आप इतनी पढ़ी लिखी हैं, आपको खुद मांगना नहीं चाहिए, बल्कि खुद कमा के खाना चाहिए। इस तरह मांग नहीं रखनी चाहिए। महिला के वकील ने तर्क दिया कि ये मांग 'सेटलमेंट' का हिस्सा है, कोई 'भीख' नहीं।

## पहले पार्टी में अपनी हैसियत देखिए और निराधार बोलने के पहले सोचिए

### कांग्रेस के मुरलीधरन के कटाक्ष पर थरूर का पलटवार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरूर को लेकर पार्टी में खींचतान जारी है। कुछ दिन पहले पूर्व कांग्रेस सांसद के. मुरलीधरन ने थरूर की तीखी आलोचना की थी। मंगलवार को थरूर ने करारा जवाब दिया और कहा कि इस तरह की टिप्पणियां करने वालों को पहले यह देखना चाहिए कि उनकी पार्टी में हैसियत क्या है? केरल कांग्रेस के बड़े नेता के. मुरलीधरन ने कहा था कि जब तक थरूर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर अपना रुख नहीं बदलते, तब तक उन्हें तिरुवनंतपुरम में किसी पार्टी कार्यक्रम में नहीं बुलाया जाएगा। मुरलीधरन ने यह भी कहा था कि अब थरूर को 'हम में से एक नहीं 'माना जाता।

**थरूर बोले- जानता हूं उनकी भूमिका**



**राज्य कांग्रेस में बढ़ती खींचतान**

*केरल कांग्रेस में लंबे समय से थरूर को लेकर दो धड़े बन चुके हैं, एक उनका समर्थन करता है, जबकि दूसरा उन्हें 'मुखर और स्वतंत्र राय' के कारण असहज मानता है। थरूर हाल के दिनों में कई अहम मुद्दों पर पार्टी लाइन से अलग राय रखी है, जिससे पार्टी में नाराजगी है।*

*थरूर ने कहा कि सबसे पहले, मैं कहना चाहता हूं कि जो लोग ऐसा कह रहे हैं, उनके पास ऐसा कहने का कोई आधार होना चाहिए। वे कौन हैं? पार्टी में उनकी भूमिका क्या है? मैं जानना चाहता हूं। थरूर का यह बयान साफ संकेत देता है कि पार्टी के भीतर मतभेद अब खुलकर सामने आ रहे हैं, खासकर केरल में कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति को लेकर।*

---

### कांवड़ यात्रा : सुप्रीम कोर्ट ने उत्तरप्रदेश सरकार के आदेश को बरकरार

# सभी होटलों को लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन दिखाना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भोजनालयों के लिए क्यूआर कोड मामले पर सुप्रीम कोर्ट से उत्तर प्रदेश सरकार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने क्यूआर कोड संबंधी आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ यात्रा मार्ग के सभी होटल मालिकों को लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने क्यू कोड अनिवार्य करने के मुद्दे पर कोई निर्देश नहीं दिया। अदालत ने कहा कि अभी क्यूआर कोड के मुद्दे पर विचार नहीं किया गया है और मुख्य याचिका पर सुनवाई के दौरान इस पर विचार किया जा सकता है। मुख्य याचिका अभी अदालत में लंबित है।



**उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश को दी थी चुनौती**



सर्वोच्च न्यायालय उत्तर प्रदेश सरकार के उस निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई, जिसमें सरकार ने कांवड़ मार्ग पर सभी खाने-पीने की दुकानों और भोजनालयों पर क्यूआर कोड स्टीकर प्रदर्शित करने और साथ ही दुकानों के बाहर बैनर लगाकर दुकान मालिक के नाम और पहचान को प्रदर्शित करने को कहा था।

**इन्होंने दायर की थी याचिका**

इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तराखंड सरकार से जवाब मांगा था। सरकार के आदेश के खिलाफ याचिकाएं शिक्षाविद अपूर्वानंद झा, एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और अन्य ने दायर की थी।

**याचिकाकर्ताओं ने 'निजता का अधिकार' का बताया था उल्लंघन**

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने के लिए कहना भेदभाव है और साथ ही यह कांवड़ियों के लिए संकेत है कि उन्हें किस दुकान को नजरअंदाज करना है? दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने के लिए कहना भेदभाव है और साथ ही यह कांवड़ियों के लिए संकेत है कि उन्हें किस दुकान को नजरअंदाज करना है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि उन्हें डर है कि सरकार के इस फैसले से सांप्रदायिक तनाव बढ़ेगा और इससे भीड़ हिंसा की आशंका भी बढ़ जाएगी, खासकर अल्पसंख्यक समुदाय के दुकानदारों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं हो सकती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का आदेश निजता के अधिकार का उल्लंघन है। बीते साल सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड की सरकारों के ऐसे ही निर्देश पर रोक लगा दी थी।

### कर्नाटक के डीजीपी ने दिया आदेश

## वीआईपी काफिले के दौरान सायरन के इस्तेमाल पर लगा दी 'पाबंदी'



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के डीजीपी ने वीआईपी काफिले के दौरान सायरन के इस्तेमाल पर बैन लगाने का निर्देश दिया है। पुलिस महानिदेशक एमए सलीम ने सोमवार को पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए वीआईपी आवाजाही के दौरान सायरन के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करें।

**सायरन ध्वनि प्रदूषण में अहम कारक, लोग नहीं होंगे परेशान**

डीजीपी ने कहा कि वीआईपी काफिले के दौरान सायरन का अनावश्यक इस्तेमाल न केवल अनधिकृत व्यक्तियों को उस मार्ग के बारे में सचेत करता है जिससे वीआईपी की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है, बल्कि आम जनता के लिए भी परेशानी पैदा करता है। सायरन ध्वनि प्रदूषण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं और वाहन चालकों में घबराहट या भ्रम पैदा कर सकते हैं, जिससे अनियमित ड्राइविंग और यातायात बाधित हो सकता है।

जबलपुर
बुधवार, 23 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष-13
वर्ष : 20, अंक : 84
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




सांसद मिश्रा ने लीला से कहा था कि जब डिलीवरी की डेट हो, बता देना, हेलिकॉप्टर से उठवा लेंगे

# 'प्रसव पीड़ा' से परेशान लीला साहू ने की सांसद मिश्रा से गुहार-सांसद जी, अब हेलिकॉप्टर भेजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

सीधी जिले के खड्डी खुर्द गांव की गर्भवती महिला लीला साहू ने सांसद राजेश मिशेरा से हेलिकॉप्टर भेजने की अपील की है। उनका नौवां महीना चल रहा है। सांसद राजेश मिश्रा ने एक बयान में महिलाओं के ऐसे समय पर हेलिकॉप्टर भेजने की बात कही थी। अब लीला साहू ने इसकी मांग की है।

लीला साहू ने एक बार फिर खराब सड़क का मुद्दा उठाया है। अब उन्होंने कहा है कि वे प्रसव पीड़ा से गुजर रहीं हैं। सीधी के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा अपने कहे अनुसार हेलिकॉप्टर भेजें, जिससे वे अस्पताल में भर्ती हो सकें। लीला ने कहा कि अब वो वक्त आ गया क्योंकि गांव तक एंबुलेंस नहीं आ सकती है।

**लीला सांसद से पिछले साल भर से मांग रही थी गांव की सड़क**

**स्थानीय विधायक का दावा-वे खुद अपने पैसे से बनवा रहे हैं सड़क**



**क्या बोला था सांसद राजेश मिश्रा ने ?**

**सड़क कोई विश्वकर्मा नहीं बनाते हैं कि हाथ फैलाया और चमत्कार हो गया**

लीला का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा था कि सड़क बनने में समय लगता है। कई बार काम रूक जाता है। सड़क कोई विश्वकर्मा नहीं बनाते हैं कि हाथ फैलाया और चमत्कार हो गया। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस लीला साहू को मोहरा बना रही है। बात डिलीवरी की है तो गांव में हवाई सेवा के माध्यम से भी मरीजों को अस्पताल पहुंचाया जाता है।

**पुराने हादसे ने शुरू की थी जंग**

**दो महिलाओं की वक्त पर अस्पताल न पहुंचने पर हो गई थी मौत**

लीला का यह आंदोलन तब शुरू हुआ जब गांव की दो महिलाओं ममता और सीमा की समय पर अस्पताल न पहुंच पाने से मौत हो गई थी। ममता, लीला की भाभी थीं, जिन्हें खटिया पर उठाकर ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उस घटना के बाद लीला ने वीडियो के जरिए नेताओं से सवाल किया था कि जब उन्होंने 29 सीटों पर समर्थन दिया, तो बदले में सड़क क्यों नहीं मिल रही?

**कांग्रेस विधायक के निजी खर्च से बन रही सड़क**

*लीला साहू की पोस्ट वीडियो वायरल होने के बाद आखिरकार गांव की सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया। इसकी पुष्टि गर्भवती लीला साहू ने एक दिन पहले ही एक वीडियो शेयर करते हुए खुद की। सीधी जिले की चुरहट विधानसभा से कांग्रेस विधायक अजय सिंह (राहुल भैया) ने दावा किया है कि जब सरकार की ओर से क्षेत्र का सड़क निर्माण नहीं किया जा रहा था तो उन्होंने विधायक निधि के बजाए खुद अपने निजी खर्च से सड़क निर्माण शुरु कराया, ताकि गर्भवती महिला समेत गांव तक एंबुलेंस पहुंच सके। मांडू में मीडिया से चर्चा में राहुल भैया ने इसकी पुष्टि की। हालांकि, वे यह नहीं बता सके कि उन्होंने पिछले 1 साल से इस मामले में पहल क्यों नहीं की?*




**राष्ट्रपति और राज्यपालों की शक्तियों पर बहस**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से बिल पास करने की टाइमलाइन के मुद्दे पर कुछ सवाल पूछे थे, इस पर शीर्ष कोर्ट सुनवाई को तैयार

# क्या राष्ट्रपति को आदेश दे सकती है अदालत? सुप्रीम कोर्ट ने भेजा केंद्र व राज्यों को नोटिस

*सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पादरीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा था कि राज्यपाल को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। अगर राज्यपाल बिल को राष्ट्रपति के पास भेजते हैं, तो राष्ट्रपति को भी तीन महीने के अंदर फैसला देना होगा।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत की 5 सदस्यीय संवैधानिक बेंच ने विधेयकों की मंजूरी से जुड़ी राष्ट्रपति के 14 रेफरेंस पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और सभी राज्य सरकारों को नोटिस जारी किया है। इस बेंच की अध्यक्षता सीजेआई बीआर गवई कर रहे हैं। चीफ जस्टिस ने कहा है कि इस मामले की सुनवाई अगस्त के बीच में होगी।

सुप्रीम कोर्ट की इस संवैधानिक बेंच में सीजेआई बीआर गव जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट की इस संवैधानिक बेंच की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि इसमें तीन सबसे वरिष्ठ जज है। इसके अलावा अन्य सभी चार जज सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस भी हो सकते हैं।

**राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछे हैं 14 सवाल**



फाइल फोटो

*कोर्ट ने यह भी कहा था कि अगर समयसीमा का उल्लंघन होता है, तो राज्य सरकार कोर्ट से रिट ऑफ मैनडेमस की मांग कर सकती है*

**राष्ट्रपति ने क्यों दिया था रेफरेंस**

**तमिलनाडु के राज्यपाल के फैसले को लेकर शीर्ष कोर्ट ने दिया था फैसला**

दरअसल, चीफ जस्टिस ने कहा है कि इस केस की समयसीमा पर विचार मंगलवार को किया जाएगा। इसके बाद अगली सुनवाई अगस्त के बीच में की जाएगी। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट का रेफरेंस उस समय आया था, जब सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय बेंच ने तमिलनाडु के राज्यपाल के फैसले को लेकर एक अहम फैसला किया था।

**क्या था सुप्रीम कोर्ट का फैसला?**

**राज्यपाल बिल पर 3 महीने में लें फैसला, राष्ट्रपति भी 3 महीने में ही फैसला लें**

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पादरीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा था कि राज्यपाल को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। अगर राज्यपाल बिल को राष्ट्रपति के पास भेजते हैं, तो राष्ट्रपति को भी तीन महीने के अंदर फैसला देना होगा। इस दौरान कोर्ट ने यह भी कहा था कि अगर समयसीमा का उल्लंघन होता है, तो राज्य सरकार कोर्ट से रिट ऑफ मैनडेमस की मांग कर सकती है।

**संविधान के अनुच्छेद 143(1) में प्रावधान**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 143 (1) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल उठाए थे। संविधान का अनुच्छेद 143(1) राष्ट्रपति के सुप्रीम कोर्ट से विचार-विमर्श करने से संबंधित है। इसमें कहा गया है, 'यदि किसी भी समय राष्ट्रपति को ऐसा प्रतीत हो कि किसी कानून या तथ्य का लेकर कोई सवाल उठ रहा है, या उठ सकता है, जो सार्वजनिक महत्व का हो तो उस पर सर्वोच्च न्यायालय की राय ली जा सकती है। राष्ट्रपति उस सवाल को सर्वोच्च न्यायालय के पास भेज सकता हैं और न्यायालय, सुनवाई के बाद राष्ट्रपति को उस सवाल पर अपनी राय से अवगत करा सकता है।

**ये हैं 14 सवाल**

1. राज्यपाल के समक्ष अगर कोई विधेयक पेश किया जाता है तो संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत उनके पास क्या विकल्प हैं?
2. क्या राज्यपाल इन विकल्पों पर विचार करते समय मंत्रिपरिषद की सलाह से बंधे हैं?
3. क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा लिए गए फैसले की न्यायिक समीक्षा हो सकती है?
4. क्या अनुच्छेद 361 राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों पर न्यायिक समीक्षा को पूरी तरह से रोक सकता है?
5. क्या अदालतें राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों की समय-सीमा तय कर सकती हैं, (

**कई जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट**



## आधे घंटे झमाझम, पारा आधा डिग्री बढ़कर 6 डिग्री गिरा, कल से रफ्तार

दो दर्जन जिलों में सुबह से शाम तक मध्यम से तेज बारिश

राजधानी में शाम 5 से 5:30 बजे के बीच 12 मिमी दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो दर्जन से अधिक जिलों में मंगलवार को सुबह से शाम तक तेज से मध्यम बारिश हुई। राजधानी में शाम 5 से 5:30 बजे के बीच ही आधे घंटे में 12.2 मिमी बारिश हो गई। इससे सड़कें बह निकलीं।

दिन का पारा आधा डिग्री बढ़कर इस महीने का सर्वाधिक 33 डिग्री रहा, जो बारिश के बाद करीब 6 डिग्री गिरकर 27 डिग्री के नीचे पहुंच गया। गुरुवार से नया सिस्टम बनने से भोपाल सहित प्रदेशभर में बारिश की रफ्तार तेज होगी। इससे पहले बुधवार और गुरूवार को लोकल सिस्टम और आसपास सक्रिय सिस्टमों से मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को कई जिलों में मध्यम बारिश का यलो अलर्ट है, जबकि गुरुवार के बाद बारिश बढ़ेगी।

**शाम तक यहां झमाझम**


बालाघाट, मंडला, सिवनी, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, बैतूल, डिंडोरी, सीहोर, नरसिंहपुर में मध्यम बारिश होगी। रायसेन, विदिशा, राजगढ़, शाजापुर, सागर में देर शाम तक मध्यम बारिश जारी रही।

**आज यहां तेज बारिश**

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार बुधवार तक नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा में कहीं कहीं तेज बारिश हो सकती है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, उमरिया, पन्ना, छतरपुर जिलों में मध्यम बारिश होगी।

**खबर संक्षेप**

**भंडारे में गए दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत**



**सीधी।** मझौली थाना क्षेत्र के ग्राम मेडरा में मंगलवार दोपहर दो मासूम बच्चों की खेत में भरे पानी में डूबने से मौत हो गई। दोनों बच्चे गांव के प्रसिद्ध अलोप माता मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद लेने गए थे। मृतकों की पहचान 6 वर्षीय आयुष पाल और 7 वर्षीय अजय पाल के रूप में हुई है। दोनों दोपहर प्रसाद लेने के बाद मंदिर के पास खेत में नहाने चले गए।

**डिप्टी कमिश्नर ट्राइबल के घर ईओडब्ल्यू का छापा**



**जबलपुर।** आदिम जाति कल्याण विभाग की डिप्टी कमिश्नर जगदीश सरवटे के घर और निजी आवास ईओडब्ल्यू की टीम सर्चिंग में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि जगदीश सरवटे ने अपने कार्यकाल के दौरान कई अचल संपत्तियों का अधिग्रहण किया है, जो उनकी अभी तक की आय से अधिक है।

**कांग्रेस को दान में मिली राशि का देना होगा टैक्स**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी को इनकम टैक्स के एक मामले राहत नहीं मिली है। आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण ने 2017-18 के एक टैक्स छूट मामले में पार्टी की अपील को खारिज कर दी है। आयकर न्यायाधिकरण ने टैक्स अधिकारियों के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि पार्टी को उस वित्तीय वर्ष के दौरान प्राप्त दान पर आयकर देना होगा।

जबलपुर में नौकरी के नाम पर 3 लाख ठगे

**नियुक्ति पत्र सौंपा, ज्वॉइन करने पहुंचा तो पोल खुली**

**जबलपुर।** शहर में ठग ने रेलवे में नौकरी लगने के नाम पर ठगी की। पुलिस ने ठगी के आरोपी राकेश सराठे और उसकी महिला मित्र राखी वर्मा को हिरासत में लिया है। इन लोगों से फर्जी लेटरहेड और फर्जी आईडी कार्ड मिले हैं। आरोपियों ने संजीवनी नगर में रहने वाले एक गरीब परिवार से 3 लाख की ठगी की थी। कुछ ही दिनों में राकेश और राखी ने एक फर्जी ज्वॉइनिंग लेटर और फर्जी आईडी कार्ड बनवाया। इसे आदर्श को दे दिया। जब लेटर लेकर परिवार नौकरी के लिए रेलवे पहुंचा तो उन्हें बताया गया कि ये कागजात नकली हैं और आपके साथ धोखाधड़ी हो गई है।



■ शिकायत के बाद दो आरोपी पकड़ाए

दतिया में एएसआई ने लगाई फांसी

**वीडियो में थाना प्रभारी समेत रेत माफिया पर लगाए**

**दतिया।** जिले के गोंदन थाने में पदस्थ एएसआई प्रमोद पावन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उन्होंने कुछ वीडियो जारी किए, जिसमें उन्होंने पुलिस के संरक्षण में चल रहीं अवैध गतिविधियों का खुलासा किया है। एएसआई प्रमोद ने वीडियो में गोंदन थाना प्रभारी अरविंद भदौरिया, थरेट थाना प्रभारी अनफसुल हसन, आरक्षक चालक रुपनारायण यादव और आरक्षक अरविंद यादव पर मानसिक प्रताड़ना और अवैध गतिविधियों में संलिप्त होने के गंभीर आरोप लगाए हैं।



■ प्रताड़ना के लगाए आरोप जांच शुरू

नर्मदापुरम से नाटकीय ढंग से पकड़ाई

**साध्वी लक्ष्मी दास 90 लाख की धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार**

**भोपाल।** 90 लाख रुपए की कथित गबन और कोर्ट को गुमराह करने के मामले में लगभग डेढ़ साल से फरार चल रही साध्वी लक्ष्मी दास को पुलिस ने एक नाटकीय घटनाक्रम के बाद छिंदवाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। देहात थाना टीआई गनपत उईके ने बताया कि कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी साध्वी को पुलिस ने नर्मदापुरम जिले के चंद्रकलां गांव से गिरफ्तार कर मंगलवार सुबह छिंदवाड़ा लेकर पहुंची।



■ कोर्ट को गुमराह करने का आरोप

## भारत को मिले तीन अपाचे हेलिकॉप्टर



**रेगिस्तानी इलाकों में साबित होंगे गेम-चेंजर**

***नई दिल्ली।** भारतीय सेना के अपाचे एएच-64ई हमलावर हेलिकॉप्टरों की पहली खेप आखिरकार भारत पहुंच गई है। ये तीन हेलिकॉप्टर अमेरिकी परिवहन विमान के जरिए हिंडन एयरबेस पर उतरे हैं। लगभग 5000 करोड़ रुपए के सौदे के तहत भारत को छह अपाचे हेलिकॉप्टर मिलने थे, लेकिन आपूर्ति में देरी की वजह से 15 महीने का इंतजार करना पड़ा।*

मांडू में कांग्रेस के दो दिवसीय 'नव संकल्प शिविर' का समापन

सोशल मीडिया के उपयोग पर भी हुआ मंथन

## जो दिखता है वो बिकता है, इसलिए काम करिए और दिखाइए भी: सुप्रिया

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि जो दिखता है वह बिकता है इसलिए काम भी करिए और दिखाइए भी। उन्होंने सोशल मीडिया के सभी स्तर के प्लेटफॉर्म के बारे में समझाया और बताया कि सभी प्लेटफॉर्म का किस स्थिति में किस तरह से उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दौर में सोशल मीडिया दुष्प्रचार के खिलाफ आवाज उठाने का और जनता से सीधे जुड़ने का माध्यम है। इसलिए, कांग्रेस के विधायक और पदाधिकारी को इस दिशा में अपनी सक्रियता रखनी चाहिए।

**संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रही भाजपा: माकन**

**कांग्रेस को सर्वोपरि रख कर आगे बढ़ना होगा: सिंघार**



**कांग्रेस का राजनीतिक संदेश जन-जन तक पहुंचाएं**

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि इस नव संकल्प शिविर में हमने जो प्रण किए हैं और समूह चर्चा हुई है वह हमारे कार्यकर्ताओं और गांव-गांव तक कैसे पहुंचें इसे लेकर हमें काम करना है। विधानसभा में मुद्दों को उठाकर कांग्रेस का राजनीतिक संदेश हमें जन-जन तक पहुंचाना है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीबों और शोषितों की आवाज बनकर रही है। हमें गरीबों के बीच जाकर उनका दर्द समझना होगा। उन्होंने कहा कि हमें यह बात छोड़ देनी चाहिए कि संगठन हमारी इच्छा अनुसार चले। हमें कांग्रेस को सर्वोपरि रखकर आगे बढ़ना होगा। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि हम सबको एकजुट रहकर एक दूसरे का सम्मान बनाए रखना होगा।

दोहरे हत्याकांड से नगर में फैली सनसनी

## मां और उसकी तीन साल की बच्ची की गला दबाकर हत्या, अवैध संबंध का शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बीती रात नगर के वार्ड क्रमांक 8 में एक महिला और उसकी तीन वर्षीय पुत्री की निर्मम हत्या कर दी गई। सुबह पड़ोसियों की सूचना के बाद पुलिस को इसकी जानकारी मिली और फिर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार नवीन बस स्टैंड पर मंशापूर्ण हनुमान मंदिर वाली गली के पीछे वार्ड नंबर 8 में रामसखी कुशवाह अपनी तीन साल की पुत्री के साथ अकेली रहती थी। पिछले कई महीनों से राजा विश्वकर्मा महिला के संपर्क में था। राजा निरंतर महिला पर शादी के लिए दबाव बना रहा था।



# आज से 26 जुलाई तक पीएम मोदी रहेंगे विदेश दौरे पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी बुधवार से 26 जुलाई तक विदेश दौरे पर रहेंगे। सबसे पहले पीएम मोदी 23 जुलाई को ब्रिटेन का दौरा करेंगे तो वहीं 25 जुलाई को मालदीव का दौरा करेंगे।





इस दौरान अहम समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। वहीं पीएम मोदी की ब्रिटेन यात्रा से पहले विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई सवालों के जवाब दिए। विक्रम मिस्त्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए आधिकारिक दौरे पर जा रहे हैं। पीएम मोदी किंग चार्ल्स-3 से भी मुलाकात करेंगे। इस बीच विक्रम मिस्त्री ने खालिस्तानी उग्रवादियों को लेकर भी बड़ा बयान दिया है।

यूनाइटेड किंगडम में खालिस्तानी उग्रवाद पर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा, खालिस्तानी उग्रवादियों और उनके करीबी लोगों की मौजूदगी का मुद्दा एक बार फिर ऐसा है जिसे हमने ब्रिटेन में अपने सहयोगियों के ध्यान में लाया है।

# पीएम मोदी का ब्रिटेन दौरा: खालिस्तानी उग्रवाद से लेकर भगोड़ों के खिलाफ कार्रवाई तक कई मुद्दों पर होगी चर्चा

» बुधवार को ब्रिटेन और शुक्रवार को मालदीव पहुंचेंगे पीएम मोदी

» ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ होगी द्विपक्षीय वार्ता

## भगोड़ों को भारत को सौंपने के प्रयास

हम ऐसा करते रहेंगे। यह न केवल हमारे लिए चिंता का विषय है, बल्कि यह हमारे सहयोगियों के लिए भी चिंता का विषय होना चाहिए, क्योंकि इसका असर अन्य देशों में भी सामाजिक सामंजस्य और सामाजिक व्यवस्था पर पड़ता है।भगोड़ों को लेकर पूछे गए सवाल पर विक्रम मिस्री ने कहा, ब्रिटेन में भारतीय कानून और न्याय से भगोड़ों से संबंधित कुछ प्रश्न हैं। ये दोनों पक्षों के बीच चर्चा का विषय रहे हैं और हम इन भगोड़ों को भारत को सौंपने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। जाहिर है ऐसे अनुरोधों और ऐसे मुद्दों पर दूसरे देश में एक कानूनी प्रक्रिया होती है और हम इन मामलों पर ब्रिटेन में अपने सहयोगियों के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश सचिव ने कहा कि हमारा द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 से 55 अरब डॉलर को पार कर गया है। बता दें कि ब्रिटेन भारत में छठा सबसे बड़ा इन्वेस्टर है। ब्रिटेन ने भारत में 36 अरब डॉलर का निवेश कर रखा है। वहीं भारत ने भी ब्रिटेन में 20 अरब डॉलर का निवेश कर रखा है। बता दें कि इसके पहले दोनों देश फ्री ट्रेड डील को लेकर सहमत हुए थे। 6 मई को इसको लेकर पीएम मोदी और ब्रिटिश पीएम के बीच में फोन पर बातचीत हुई थी।

### दोनों देशों के बीच अनुबंध से सस्ता होगा सामान

**सस्ती हो सकती हैं कारें**

» *ब्रिटेन की लग्जरी कारें जैसे जगुआर लैंड रोवर अब कम दाम में मिल सकती है।*

**स्कॉच व्हिस्की और वाइन**

» *इंग्लैंड से आने वाली शराब और वाइन पर टैरिफ कम होगा, जिससे ये पहले से सस्ती मिलेंगी।*

**फैशन और कपड़े**

» *ब्रिटेन से आने वाले ब्रांडेड कपड़े, फैशन प्रोडक्ट्स और होमवेयर भी सस्ते हो सकते हैं।*

**फर्नीचर और इलेक्ट्रिकल सामान**

» *ब्रिटेन से आने वाला फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्रीयल मशीनरी अब कम कीमत पर मिल सकते हैं।*


**ज्वेलरी और रत्न**

» *भारत के रत्न और आभूषण ब्रिटेन में सस्ते बिकेंगे, जिससे ब्रिटेन में भारतीय कस्टमर्स के लिए प्रोडक्ट्स सस्ते हो सकते हैं।*

## खबर संक्षेप

### श्रीलंका ने 4 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने मन्नार के निकट द्वीपीय देश के जलक्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ रहे चार भारतीय मछुआरों को पकड़ लिया और उनकी नौका जब्त कर ली। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, उत्तर मध्य नौसेना कमान ने सोमवार को मछली पकड़ने वाली कई भारतीय नौकाओं को श्रीलंकाई जलक्षेत्र में घुसपैठ करते देखा। उन्हें खदेड़ने के लिए गश्ती जहाजों को तैनात किया गया। इस दौरान एक भारतीय नौका को रोका गया और चार मछुआरों को हिरासत में ले लिया गया।



### ईरान के राष्ट्रपति 26 को पाकिस्तान की यात्रा करेंगे

इस्लामाबाद। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन हालिया क्षेत्रीय संघर्षों की पृष्ठभूमि में द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के लिए शनिवार को पाकिस्तान की यात्रा करेंगे। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को अपने ईरानी समकक्ष एस्कंदर मोमेनी के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान इस आगामी यात्रा पर चर्चा की। 'रेडियो पाकिस्तान' के अनुसार, मोमेनी ने नकवी को फोन कर पाकिस्तान में बाढ़ से हुए जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया।



## अपाचे हेलिकॉप्टर की पहली खेप 15 महीनों की देरी के बाद मिली

# भारत पहुंची अपाचे हेलिकॉप्टर की पहली खेप रात के अंधेरे में भी कर सकता सटीक हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अपाचे हेलिकॉप्टर का पहला बैच भारत पहुंच चुका है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। अमेरिका से आए ये अत्याधुनिक हेलिकॉप्टर भारतीय सेना के बेड़े में शामिल होने वाले हैं। इन्हें जोधपुर में तैनात किया जाएगा। अपाचे हेलिकॉप्टर की गिनती एडवांस कॉम्बेट हेलिकॉप्टरों में होती है। इससे भारतीय सेना की मजबूती में चार चांद लग गए हैं। सेना ने भी अपाचे की एंट्री पर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारतीय सेना में शामिल हुए अपाचे।

**खास बातें**

- 6 अपाचे का ऑर्डर दिया है, पहली खेप में 3 भारत पहुंचे
- अपाचे हेलिकॉप्टर की भारत में एंट्री
- जोधपुर में तैनात होंगे अपाचे हेलिकॉप्टर
- सेना ने सोशल मीडिया पर दिखाई पहली झलक



**15 माह की देरी से पहुंचा** *अपाचे हेलिकॉप्टर का पहला बैच 15 महीनों की देरी के बाद मिला है। अमेरिकी कंपनी बोइंग ने यह हेलिकॉप्टर तैयार किए हैं। भारत ने बोइंग को 2020 में 6 अपाचे हेलिकॉप्टर का ऑर्डर दिया था, जिनकी डिलीवरी पिछले साल ही होनी थी। पहली खेप में अमेरिका से 3 अपाचे हेलिकॉप्टर भारत पहुंचे हैं।*

### अपाचे हेलिकॉप्टर की खासियत

अपाचे हेलिकॉप्टर रात में भी दुश्मन पर भारी पड़ सकते हैं। इनमें नाइट विजन के साथ थर्मल सेंसर लगा है, जो रात के अंधेरे में दुश्मन पर सटीक वार करने में सक्षम है। यह हेलिकॉप्टर 60 सेकेंड में 128 मूविंग टार्गेट्स को पहचानकर उन्हें नष्ट कर सकता है। अपाचे की गिनती दुनिया के सबसे एडवांस अटैक हेलिकॉप्टरों में की जाती है। भारत के अलावा अपाचे हेलिकॉप्टर अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, इजरायल और मिस्त्र की सेना का भी अहम हिस्सा हैं। अपाचे हेलिकॉप्टर 625 प्रति मिनट की रफ्तार से फायरिंग करता है।

### 2015 में हुआ था समझौता

भारत ने 2015 के एक समझौते के तहत भारतीय वायु सेना के लिए 22 अपाचे हेलिकॉप्टर खरीदे थे। इसके बाद फरवरी 2020 में भारत ने बोइंग से 60 करोड़ डॉलर के सौदे में छह एएच-64ई अपाचे की खरीद को मंजूरी दी थी। अब भारत को मिले अपाचे हेलिकॉप्टर भारतीय सेना की एविएशन कोर के लिए हैं। अपाचे वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, इस्राइल, मिस्र जैसे देशों की सेनाओं में इस्तेमाल किए जाते हैं।

### क्या है अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर

अपाचे दुनिया का सबसे उन्नत लड़ाकू हेलिकॉप्टर है। यह एक नाइट विजन एयरक्राफ्ट है। अमेरिकी रक्षा दिग्गज कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित यह हेलीकॉप्टर आधुनिक संचार, नेविगेशन, सेंसर और हथियार प्रणाली से लैस है। यह एक नाइट विजन एयरक्राफ्ट है। साथ ही पायलटों को दिन और रात दोनों स्थितियों में लक्ष्यों की पहचान करने और उन पर हमला करने में मदद करता है। इसके जरिये बारिश, धूल या कोहरे के कारण खराब दृश्यता में भी हमला किया जा सकता है। बोइंग के मुताबिक अपाचे 21 हजार फीट की ऊंचाई तक 280 किमी प्रतिघंटे की अधिकतम रफ्तार से उड़ान भर सकता है। इसमें 16 एंटी टैंक एजीएम-114 हेलफायर मिसाइल छोड़ने की क्षमता है। इसमें 30 मिलीमीटर की दो गन हैं, जिनमें एक बार में 1,200 गोलियां भरी जाती हैं। अपाचे में 16 एंटी टैंक एजीएम-114 हेलफायर और स्ट्रिंगर मिसाइल लगी होती हैं।

### वायुसेना-थलसेना दोनों का मददगार

युद्ध के मैदान में अपाचे हेलिकॉप्टर न केवल वायुसेना बल्कि थलसेना का भी मददगार है। यह युद्ध में आर्मी स्ट्राइक कोर के हमले को एविएशन कवर देते हुए उसे और खतरनाक बनाएगा। इसमें दो पायलट एक के पीछे एक बैठते हैं। दो पायलट के साथ अपाचे दुश्मन के दांत खट्टे करने में सक्षम है। पीछे बैठा को-पॉयलट टारगेट को लोकेट करता हुआ सिस्टम यानी वैपन एंड इंक्यूपमेंट्स को कंट्रोल और ऑपरेट करता है।

### दुश्मन का रडार भी पकड़ नहीं सकता

अपाचे स्ट्रिंगर मिसाइल हवा से आने वाले किसी भी खतरे का सामना करने में सक्षम है। इस हेलिकॉप्टर को दुश्मनों का रडार भी आसानी से पकड़ नहीं पाता है। जिसका प्रमुख कारण हेलिकॉप्टर की सेमी स्टेल्थ टेक्नोलॉजी और कम ऊंचाई पर उड़ान भरने की क्षमता है। इसमें अत्याधुनिक लांगबो रडार लगा हुआ है जिससे यह नौसेना के लिए भी मददगार साबित होगा।

## मंत्री जितिन प्रसाद ने लोस में दी जानकारी

# भारत, अमेरिका में व्यापार समझौते के लिए 5वें दौर की वार्ता हो गई पूरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत मार्च 2025 में शुरू की गई थी और अब तक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। यह जानकारी मंगलवार को संसद को दी गई। इसी प्रकार, प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच अब तक बारह दौर की वार्ता हो चुकी है। अंतिम दौर 7-11 जुलाई को ब्रुसेल्स में आयोजित किया गया था। वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा, भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर वार्ता मार्च 2025 में शुरू की गई थी।

- लिखित जवाब में दी जानकारी

### अंतिम वार्ता वॉशिंगटन में हुई

*वार्ता के पांच दौर हो चुके हैं, जिनमें से अंतिम वार्ता 14-18 जुलाई, 2025 को वाशिंगटन में हुई थी। एक अलग प्रश्न का उत्तर देते हुए, मंत्री ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में बौद्धिक संपदा (आईपी) फाइलिंग 2020-21 में 4,77,533 से 44 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 6,89,991 हो गई है। सबसे अधिक वृद्धि भौगोलिक संकेत (जीआई) में 380 प्रतिशत की वृद्धि के साथ देखी गई, इसके बाद डिजाइन (266 प्रतिशत), पेटेंट (180 प्रतिशत), कॉपीराइट (83 प्रतिशत), ट्रेडमार्क (28 प्रतिशत) और सेमीकंडक्टर इंटीग्रेटेड सर्किट लेआउट-डिजाइन (एसआईसीएलडी) में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हस्तशिल्प, कृषि और खाद्य जैसे क्षेत्रों में अब तक 697 जीआई पंजीकरण जारी किए जा चुके हैं*

### 26 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ को हटाने की मांग

सरकार 26 प्रतिशत की अतिरिक्त टैरिफ को हटाने की मांग कर रही है। इसके अलावा, स्टील और एल्यूमीनियम पर 50 प्रतिशत और ऑटो सेक्टर पर 25 प्रतिशत टैरिफ को कम करने की भी कोशिश कर रही है। कुछ किसान संगठनों ने सरकार से अनुरोध किया है कि व्यापार समझौते में कृषि से जुड़े मुद्दों को शामिल न किया जाए। भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में श्रम-आधारित क्षेत्रों जैसे कपड़ा, रत्न और आभूषण, चमड़ा, कपड़े, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले के लिए टैरिफ में छूट की मांग भी कर रहा है।

## उड़ता हुआ ताबूत भी कहा जाने लगा था

# मिग-21 फाइटर जेट की 62 साल की सेवा के बाद 19 सितंबर को होगी विदाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना में 62 साल तक सर्विस देने के बाद मिग-21 लड़ाकू विमान 19 सितंबर को रिटायर होगा। चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट का विदाई कार्यक्रम होगा। इसके बाद विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी।

मिग-21 जेट 1963 में पहली बार भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकेंड) से तेज उड़ सकता था। फाइटर जेट की आखिरी 2 स्क्वाड्रन (36 मिग21) राजस्थान के बीकानेर में नाल एयरबेस पर तैनात है। इन्हें नंबर 3 स्क्वाड्रन कोबरा और नंबर 23 स्क्वाड्रन पैंथर्स के नाम से जाना जाता है। मिग-21 जेट ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम और 1999 के कारगिल युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब इसकी जगह तेजस एमके 1 ए फाइटर एयरक्राफ्ट लेंगे।



### 200 पायलट की हो चुकी है मौत

रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 400 से ज्यादा मिग-21 विमान क्रैश हुए हैं। इसमें 200 से ज्यादा पायलट मारे गए गए हैं। इसी वजह से फाइटर प्लेन को 'उड़ता ताबूत' और 'विडो मेकर' कहा जाता है। ये विमान रूस ने बनाया है कि लेकिन इसमें कई खामियों की वजह से ये क्रैश कर जाता है। इस विमान को रूस ने 1985 में रिटायर कर दिया था। यहां तक की अफगानिस्तान और बांग्लादेश ने भी इस विमान को रिटायर कर दिया है। खराब रिकॉर्ड की वजह से इस विमान के लिए कई उपनाम गढ़े गए हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के 6 महीने पूरे


# 24 घंटे में यूक्रेन-गाजा जंग खत्म कराने का वादा पूरा नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

20 जनवरी 2025 को अमेरिका के राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को अपने कार्यकाल के 6 महीने पूरे कर लिए। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने वादा किया था कि वे गाजा और यूक्रेन युद्ध को '24 घंटे में खत्म' करा देंगे। लेकिन अब तक न तो रूस-यूक्रेन युद्ध थमा है और न ही गाजा पट्टी में इजराइल-हमास संघर्ष। यूक्रेन में अब भी लड़ाई जारी है, जबकि गाजा में अभी तक 58 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद पहले छह महीनों में ट्रम्प का मुख्य फोकस वैश्विक व्यापार नीति पर रहा। उन्होंने चीन पर 60 प्रतिशत टैरिफ, वियतनाम पर 25प्रतिशत, और यूरोपीय कारों पर 40 प्रतिशत टैक्स लगाया। इसके जवाब में चीन और यूरोपीय संघ ने भी जवाबी कर लगाए हैं। घरेलू मोर्चे पर ट्रम्प ने प्रवासी नियंत्रण को लेकर सख्ती बरती है।



# चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं ने रचा इतिहास



### 39 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने किए दर्शन

*देहरादून। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा जारी है। इस बार गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बदरीनाथ और हेमकुंड साहिब में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। चारधाम यात्रा में अब तक 39 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं, जो एक नया रिकॉर्ड है। उत्तराखंड सरकार में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा, चारधाम यात्रा के लिए गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम के लिए कुल 47 लाख 27 हजार 619 श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं।*

## पीएम के ब्रिटेन दौरे से पहले स्थिति स्पष्ट की

# रूसी फ्यूल पर भारत की दो टूक हम वही करेंगे... जो हमें करना है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिटेन का दौरा करने वाले हैं। इससे पहले यूरोपीय यूनियन की ओर से रूस के तेल पर लगाए गए प्रतिबंधों पर भारत ने अपना रुख साफ कर दिया है। भारत ने कहा है कि हम वही करेंगे, जो हमें करना है।

दरअसल, मंगलवार को विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत पर बढ़ रहे पश्चिमी दबाव के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब दिए।

इस दौरान उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि भारत की ऊर्जा जरूरतें सबसे पहले आती हैं।

### लोगों को फ्यूल उपलब्ध कराना प्राथमिकता




उन्होंने कहा, जहां तक ऊर्जा का सवाल है तो हम इस बात पर बहुत स्पष्ट हैं कि भारत के लोगों को ऊर्जा देना भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस संबंध में जो करने की जरूरत होगी, वही करेंगे।

### संतुलन बनाना बेहद जरूरी

हम समझते हैं कि यूरोप एक महत्वपूर्ण और गंभीर समस्या से जूझ रहा है, लेकिन बाकी दुनिया भी इससे जूझ रही है। वह उन मुद्दों से भी जूझ रही है जो बाकी दुनिया के लिए अस्तित्वगत हैं और मुझे लगता है कि इन मुद्दों पर बात करते समय संतुलन और दृष्टिकोण बनाए रखना जरूरी है।

## ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा- अवैध गतिविधियां बर्दाश्त नहीं

# ब्रिटेन में पीओके के फर्जी दस्तावेजों से वीजा हासिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) क्षेत्र के प्रवासी ब्रिटेन में वीजा हासिल करने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ब्रिटेन की मीडिया जांच में यह दावा किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये लोग ब्रिटेन में प्रवेश करके देश में शरण के लिए आवेदन कर रहे हैं। एक गुप्त जांच से पता चला कि यह प्रवासी गलत जानकारी से भरे वीजा आवेदनों के लिए 50,000 पाउंड तक का भुगतान कर रहे हैं। एक आवेदन जो ब्रिटेन के होम ऑफिस को भेजा गया था और अखबार ने हासिल किया।

**ब्रिटेन में शरण के लिए आवेदन कर रहे | 50,000 पाउंड में मिल रहे फर्जी वीजा**




### सख्ती से आवेदनों में आई 40% की कमी

*प्रवक्ता ने कहा कि पिछले साल वीजा आवेदनों में 40 प्रतिशत की कमी आई है। हमने लगभग 30,000 ऐसे लोगों को हटाया है जिनका यहां रहने का कोई अधिकार नहीं था और अवैध काम के लिए छापेमारी में गिरफ्तारियां 51 प्रतिशत बढ़ गई हैं। हम उन पंजीकृत सलाहकारों और संगठनों को तुरंत निलंबित करने के लिए नए अधिकार भी दे रहे हैं जिन पर व्यवस्था का सबसे ज्यादा दुरुपयोग करने का संदेह है। ब्रिटेन के कानून के तहत, विदेशों में फर्जी वीजा उपलब्ध कराने वाले किसी भी व्यक्ति की रिपोर्ट एक्शन फ्रॉड को की जा सकती है और राष्ट्रीय धोखाधड़ी खुफिया ब्यूरो द्वारा खुफिया जानकारी का विश्लेषण किया जाता है।*

### पाकिस्तानी करते हैं सबसे अधिक वीजा आवेदन

ब्रिटेन में शरण मांगने वाले लोगों की सूची में पाकिस्तानियों की संख्या सबसे अधिक है। इसके बाद अफगानिस्तान, ईरान और बांग्लादेश का स्थान है। हालांकि, अवैध रूप से छोटी नावों के जरिए ब्रिटेन पहुंचने वालों शीर्ष देशों में शामिल नहीं हैं। इमिग्रेशन वकील हरजप भंगल के हवाले से कहा गया कि उन्हें छोटी नावों से आने की जरूरत नहीं है क्योंकि वे वीजा पर आते हैं।

# आदिम जाति कल्याण विभाग का उपायुक्त निकला करोड़ों का आसामी

**ईओडब्लयू की सर्चिंग में अबतक 6 करोड़ की अनुपातहीन संपत्ति का खुलासा**

जबलपुर। राज्य आर्थिक अपराध अनवेषण ब्यूरो (ईओडब्लयू) ने आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पर आदिम जाति कल्याण विभाग के उपायुक्त जगदीश सर्वटे के जबलपुर और भोपाल स्थित अवास पर मंगलवार की सुबह सुबह छापा मारकर सर्च कार्यवाही शुरु की. भोपाल में डीएसपी मंजीत सिंह और जबलपुर में डीएसपी स्वर्णजीत सिंह धामी के नेतृत्व में सर्चिंग की कार्यवाही की. देर शाम तक चली कार्यवाही में लगभग 6 करोड़ रुपये की अनुपातहीन संपत्ति का खुलासा हुआ वहीं अभी अन्य दस्तावेजों का मूल्यांकन करना बकाया है।

डीजीपी ईओडब्लयू उपेन्द्र जैन ने बताया की सर्चिंग की कार्यवाही के दौरान शंकरशाह रामपुर स्थित शासकीय आवास से सात लाख 6 हजार 3 सौ नगद, घरेलू सामान की इन्वेंट्री करीब 20 लाख 41 हजार 594 रुपये साथ ही 3 करोड़ 17 लाख की अचल संपत्तियां, मां के नाम संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं. साथ साथ 56 महंगी शराब की बोतलें मिलीं हैं, जिनकी कीमत 1 लाख 60 हजार रुपये आंकी गई हैं. शराब के मामले में अलग से आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है। आरोपी के भोपाल स्थित निवासी पर 1 लाख 29 हजार रुपये नगद, मकान एवं लाकर से प्राप्त 14 लाख 99 हजार 990 सोने के जेवर, 1 लाख 36 हजार के चांदी के जेवर एवं पंजाब नेशनल बैंक में डेढ लाख की एफडी, भोपाल में घरेलू विलासिता की करीब 23 लाख की सामग्री, 7 लाख की सेंट्रो कार एवं 93 हजार की बाईक एवं 50 हजार रुपये की स्कूटर, बाग मुगलिया भोपाल एआईजी मकान और वहीं एक अन्य फ्लैट, एलआईसी व एसबीआई लाईफ में निवेश की रसीदें फ्लैटों की कीमत 29 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई हैं.आधारताल स्थित पैतृक मकान में भाई राजा सरोठे के नाम पर 6 लाख 51 हजार रुपये और 1 करोड 50 लाख का 33 सौ वर्गफीट का मकान, बीमा कंपनियों में निवेश भी मां के नाम पर किये जाने के दस्तावेज मिले हैं. संयुक्त नाम पर बैंक लाकर भी मिला है. बाकी संपत्तियों का मूल्यांकन जारी है. सर्चिंग की कार्यवाही जारी है। अब तक की कार्यवाही 5 करोड़ 79 लाख अनुपात हीन संपत्ति का खुलासा हुआ है। इसी तरह भोपाल स्थ जबलपुर में शंकरशाह नगर रामपुर स्थित शासकीय और अधारताल स्थित निज निवास पर छापा मारा। ईओडब्लयू के मुताबिक श्री सर्वटे के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत पर सर्चिंग की कार्यवाही की गई। संभागीय उपायुक्त जगदीश सर्वटे पर आरोप है कि उन्होने कई अचल संपत्तियां क्रय की हैं, जिसका रिकार्ड टीम द्वारा खंगाला जा रहा है। ईओडब्लयू डीएसपी स्वर्णजीत सिंह धामी ने बताया कि आदिम जाति कल्याण विभाग के संभागीय उपायुक्त जगदीश सर्वटे के शासकीय आवास पर दबिश के दौरान फिलहाल दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। डिप्टी कमिश्नर जगदीश सर्वटे वर्तमान में सागर जिले के प्रभार पर हैं। करीब 15 दिन पहले तक वह जबलपुर आदिम जाति कल्याण विभाग में संभागीय उपायुक्त के पद पर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक संभागीय उपायुक्त जगदीश सर्वटे का एक निजी मकान अधारताल क्षेत्र में है, और दूसरा भोपाल में है। ईओडब्ल्यू की टीम संभागीय उपायुक्त जगदीश सर्वटे सभी ठिकानों में सर्च कार्रवाई कर रही है।



# रिछाई में कंटेनर फैक्ट्री में भड़की भीषण आग

**जबलपुर**। रिछाई औद्योगिक क्षेत्र स्थित अतिशय पॉली कंटेनर फैक्ट्री में मंगलवार सुबह भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर फैक्ट्री में रखी मशीनें और तैयार माल पूरी तरह जलकर खाक हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। फैक्ट्री संचालक हार्दिक जैन के अनुसार, केवल एक मशीन की कीमत ही लगभग 75 लाख रुपये थी।फैक्ट्री में आग सुबह करीब 7:15 बजे लगी, जब वहां तैनात कुछ कर्मचारियों ने भीतर से घना धुआं उठते देखा। कर्मचारियों ने तत्काल फैक्ट्री मालिक को इसकी सूचना दी और आग बुझाने की कोशिशों में लग गए। हार्दिक जैन ने बताया कि सूचना मिलते ही उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर फायर ब्रिगेड की चार दमकल गाड़ियां पहुंचीं, जिनकी मदद से लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।फायर ब्रिगेड और फैक्ट्री कर्मचारियों की तत्परता के चलते आग आसपास की अन्य फैक्ट्रियों तक नहीं फैल सकी, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। हालांकि, फैक्ट्री के भीतर रखे अधिकांश सामान और उपकरण जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए हैं।घटना के पीछे शॉर्ट सर्किट को कारण माना जा रहा है, लेकिन आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि के लिए जांच की जा रही है।

**लाखों की मशीनें और माल जलकर खाक**

फैक्ट्री संचालक हार्दिक जैन ने भारी नुकसान की बात कही है और प्रशासन से मदद की उम्मीद जताई है। उन्होंने बताया कि यह फैक्ट्री प्लास्टिक उत्पादों की मोल्डिंग और पैकेजिंग का काम करती है और इसमें कई हाईटेक मशीनें लगी हुई थीं जो अब पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं।

# भरण-पोषण की मांग निरस्त, प्रकरण दर्ज करने के निर्देश

**जबलपुर**। कुटुम्ब न्यायालय ने समर्थ होने के बावजूद भरण-पोषण की राशि की मांग करने वाली महिला का आवेदन निरस्त कर दिया। प्रधान न्यायाधीश विजय सिंह कावछा की अदालत ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को प्रकरण दर्ज करने के निर्देश भी दिए।मामले की सुनवाई के दौरान अनावेदक दुर्ग, छत्तीसगढ़ निवासी अभिनव हाईड की ओर से दलील दी गई कि साउथ सिविल लाइन, जबलपुर निवासी आयरीन ग्रेगरी अनावेदक अभिनव की पत्नी है। दोनों का विवाह ईसाई रीति-रिवाज से तीन जून, 2015 को रायपुर में हुआ था। जब अनावेदक मानसिक रूप से बीमार हुआ, तो आवेदिका ने उसका ठीक से ख्याल नहीं रखा। वह जबलपुर में रहकर टीचिंग करने लगी। जिसे जरिए अपना खर्च चलाने में समर्थ है। इसके बावजूद 30 हजार रुपये मासिक भरण-पोषण राशि चाहती है। उसकी वेतन की पर्चियां अनावेदक के पास हैं। जिनसे साफ है कि अदालत को गुमराह कर भरण-पोषण राशि चाह रही है। इसलिए उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज होना चाहिए। अदालत ने तर्क से सहमत होकर भरण-पोषण राशि की मांग का आवेदन निरस्त कर दिया। साथ ही अनावेदक की ओर से सीआरपीसी की धारा-340 के अंतर्गत कार्यवाही की मांग स्वीकार कर ली।

# अन्य देशों की अपेक्षा भारत में कृषि की असीम संभावनाएं : डॉ. जीके कौतु

## जनेकृविवि में आयोजित 8 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**जबलपुर**। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन शास्त्र विभाग और आसा, भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में टिकाऊ खेती विषय पर 8 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य समापन संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु के मुख्यआतिथ्य, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. अनीता बब्बर की अध्यक्षता एवं डॉ. वरन सिंह वरिष्ट कार्यक्रम प्रबंधक, आसा, भोपाल के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. जी.के. कौतु ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृषि में असीम संभावनाएं हैं, यूरोप, अमेरिका, सहित अन्य देशों की कृषि और भारत की कृषि में जमीन आसमान का अंतर है। कृषि गांव से शुरू होती है, और इसे गांव के युवा ही इण्डसट्रिलाइज करें तो युवाओं को गांव से शहर की ओर पलायन करने से रोकने का एक जरिया हो सकता हैं, आपने कृषि को टिकाऊ बनाने हेतु मृदा स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न राज्यों के प्रशिक्षाणार्थियों को उपस्थित मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये, साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में एवं अपनी महती भूमिका निभाने वाले विभाग के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके आलावा अतिथियों द्वारा टिकाऊ खेती पुस्तक का विमोचन भी किया। जिसमें टिकाऊ खेती हेतु महत्वपूर्ण जानकारी किसानों के लिये उपलब्ध है। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर डॉ. एच.के. राय, डॉ. ए.के. उपाध्याय, डॉ. राकेश साहू, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. फूलचंद अमूले, डॉ. किरण पटेल, डॉ. शैलू यादव, श्रीमति संगीता ठाकुर, श्रीमुधकर, श्री विजय कुमार, श्री रवीन्द्र कछावे, श्री विकास पटेल, श्रीमति सोनिका, श्री धर्मेन्द्र सहित विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. के.के. त्रिवेदी, आसा, भोपाल का विशेष योगदान रहा है।



# अपर कलेक्टर ने की जनसुनवाई

**जबलपुर**। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड और अन्य अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 127 आवेदन दिये। जिसमें 95 नये आवेदन हैं तथा 32 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर राजस्व संबंधी, लड़ाई-झगड़ा, छात्रवृत्ति भुगतान, पानी, नाली निर्माण, आर्थिक सहायता, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे।

**अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश**

# मानसून के दौरान रेलवे ट्रैक व सिग्नलों की निगरानी की जाए

## संरक्षा समीक्षा बैठक में पमरे महाप्रबंधक के निर्देश

**जबलपुर**। पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने सुरक्षित व संरक्षित रेल संचालन पर जोर दिया. उन्होंने खासतौर पर कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे अधोसरंचनात्मक निर्माण कार्यों एवं मानसून के दौरान रेलवे सेफ्टी अनुक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए.

उन्होंने निर्देशित किया कि रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करें.बैठक में रेलपथों, वेल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा मानसून के दौरान संरक्षा के मानकों के दिशा-निर्देशों के नियमों का पालन सुनिश्चित करने की समीक्षा की गई।

उन्होंने तीनों रेल मंडलों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा अभियानों का अनुपालन सुनिश्चित करें और जहां भी जरूरी हो वहां कर्मचारियों को परामर्श दें। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान रेलवे ट्रैक, सिग्नलों, रेल फ्रेक्चरों और रेल वेल्डों की व्यापक निगरानी की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने रेलगाड़ियों की पंक्चुअलिटी मॉनिटर करने, एवं ट्रेनों की स्पीड सबंधी कार्यों तथा सेफ्टी पर खास ध्यान दिया जाए.

इस बैठक में अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर एम विजय कुमार, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस डी पाटीदार, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मुकेश, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त राजीव कुमार यादव, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. श्याम सुन्दर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम, एस हाशमी एवं सचिव महाप्रबंधक राहुल जयपुरियार सहित मुख्यालय के अन्य विभाग के मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके आलावा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।




# जिले में राजस्व न्यायालयों का नया सेटअप लागू

**जबलपुर।**

जिले में राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार से नया सेटअप लागू कर दिया गया है। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर जबलपुर जिले के सभी 27 राजस्व न्यायालयों में अब सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक पूर्णकालिक न्यायिक कार्य संचालित किया जाएगा। इसके लिए मंगलवार सुबह सभी तहसीलों और अनुविभागीय कार्यालयों में अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं और पक्षकारों के लिए कार्यशालाएं आयोजित कर नई व्यवस्था की जानकारी दी गई।

### एसडीएम ने दी नई व्यवस्था की जानकारी

जबलपुर अनुविभाग के तहसील कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में एसडीएम अभिषेक सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोंटिया, जनपद अध्यक्ष गोस्वामी मैडम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नई व्यवस्था की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि अब राजस्व न्यायालयों में न्यायिक और गैर-न्यायिक कार्यों को स्पष्ट रूप से विभाजित किया गया है ताकि न्यायिक प्रक्रिया में गति और पारदर्शिता लाई जा सके।

### अब जिले में 27 राजस्व न्यायालय

नई व्यवस्था के तहत जिले में राजस्व न्यायालयों की संख्या 22 से बढ़ाकर 27 कर दी गई है। इस विस्तार में कटंगी, पौंडा, बरगी, बरेला, बेलखेड़ा और चरगवां जैसे उप-तहसील क्षेत्रों में पूर्णकालिक पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। यह व्यवस्था खासकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को न्यायिक सेवा के निकट लाने के उद्देश्य से की गई है।

**अब सुबह 10 से शाम 6 बजे तक होगा न्यायिक कार्य**

### न्यायिक अधिकारी अब सिर्फ कोर्ट का काम देखेंगे

इस नए ढांचे में तहसीलदार, प्रभारी तहसीलदार और नायब तहसीलदार जो न्यायालयीन कार्यों के लिए नियुक्त किए गए हैं, केवल न्यायालयीन कार्य ही करेंगे। इन्हें अब सामान्य प्रशासनिक या अन्य गैर-न्यायिक कार्यों में नियुक्त नहीं किया जाएगा। इससे राजस्व प्रकरणों की सुनवाई और निर्णय में देरी नहीं होगी। कलेक्टर के आदेशानुसार, यदि विशेष परिस्थिति उत्पन्न होती है और गैर-न्यायिक कार्य के लिए कोई अधिकारी उपलब्ध नहीं होता, तभी न्यायिक अधिकारी को जिला दंडाधिकारी की लिखित अनुमति से ड्यूटी पर लगाया जा सकेगा। वहीं, गैर-न्यायिक कार्यों जैसे कानून व्यवस्था, वीआईपी ड्यूटी, प्रोटोकॉल आदि के लिए अलग से राजस्व अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, ताकि इन जिम्मेदारियों के निर्वहन में किसी प्रकार की बाधा न आए और न्यायालयीन कामकाज पर भी असर न पड़े।

### सुधार की दिशा में बड़ा कदम

यह नया सेटअप जबलपुर जिले की राजस्व न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे न सिर्फ पुराने लंबित प्रकरणों के निपटारे में तेजी आएगी, बल्कि आम नागरिकों को भी समय पर न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। देखना दिलचस्प होगा की यह नई व्यवस्था स्थाई होती है, या कुछ दिन चलकर बंद हो जाती है।

# सुपारी देकर पड़ोसी ने कराई थी मल्खे की हत्या

### व्यावसायिक रंजिश बना मौत की वजह, आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि, जबलपुर।

खितौला थाना क्षेत्र में दिसंबर 2024 में हुई एक अंधी हत्या का जबरदस्त खुलासा हुआ है। पुलिस ने हत्या की साजिशकर्ता के रूप में मृतक के ही पड़ोसी को गिरफ्तार किया है, जिसने पुरानी रंजिश के चलते 50 हजार रुपये की सुपारी देकर वारदात को अंजाम दिलवाया था। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकारवार्ता में एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि थाना खितौला क्षेत्र के सकरी मोहल्ला निवासी 47 वर्षीय मल्खे चक्रवर्ती (47) की 5 दिसंबर 2024 की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर गठित क्राइम ब्रांच और थाना खितौला की टीम ने मामले को तकनीकी साक्ष्य और जमीनी



पड़ताल के जरिए सुलझा लिया।

## पड़ोसी ही निकला साजिशकर्ता

पुलिस ने खुलासा किया कि मृतक का पड़ोसी लल्लू उर्फ लालू चक्रवर्ती (40) से उसका लंबे समय से व्यावसायिक विवाद चल रहा था। मृतक आए दिन उसकी दुकान पर गाली-गलौच करता था, जिससे ग्राहक भागने लगे थे। इसी तनाव के चलते लल्लू ने खितौला निवासी शैलेन्द्र पाण्डे से संपर्क कर 50 हजार रुपये में हत्या की सुपारी दी। वारदात की रात लल्लू ने जैसे ही देखा कि मल्खे दुकान में अकेला है, उसने शैलेन्द्र को सूचना दी। शैलेन्द्र ने मौके पर पहुंचकर उसे गोली मारी और पीछे के रास्ते फरार हो गया।

## मुख्य गिरफ्तार, सुपारी किलर जेल में

लल्लू को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि शैलेन्द्र पहले से कटनी जेल में एक अन्य अपराध में निरुद्ध है। उसके खिलाफ न्यायालय से अनुमति लेकर आगे पूछताछ की जाएगी।

## इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस खुलासे में टीआई अर्चना जाट, क्राइम ब्रांच प्रभारी शैलेश मिश्रा, सायबर सेल, एसआई चंद्रकांत झा व अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका सराहनीय रही।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण



**पाटन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला जबलपुर पाटन विकास खंड के द्वारा पाटन के एसडीएम कार्यालय में एसडीएम मानवेंद्र सिंह एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर मति नूपुर खरे की उपस्तिथि में पोधा रोपण किया गया। जिसमें आम, बादाम गुलमोहर के 10 पौधे लगाए गए। जिसमे जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था, परामर्श दाता, एसडीएम कार्यालय के समस्त कर्मचारी एवम ग्रामीण लोगों की सहभागिता रही।जिसमे मुख्य रूप से रामनारायण सिंह, रामराजा यादव, कामता प्रसाद सेन, जितेंद्र राठौर, कमल झारिया, यशवंत सेन, दिव्यांश बर्मन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# आधार कार्ड बना लोगों के गले की फांस

**मझौली।** नगर तहसील मझौली में ऐसे सैंकड़ों लोग है आधार कार्ड में किसी कारणवश किसी प्रकार की कोई त्रुटि जैसे नाम जाती मोबाइल नंबर पता इनको सुधार के लिए आधार केन्द्र तहसीलदार पटवारी महीनों चक्कर काटते रहते हैं और हजारों रुपए भी खर्च हो जाते हैं इसके बाद भी सुधार नहीं हो पाता। तहसील कार्यालय के कई दिनों से चक्कर काट रही मां बेटी छबी कोस्टा माता अनीता कोस्टा वार्ड नं 4 नगर परिषद मझौली निवासी ने बताया कि हमारी बेटी छबी कोस्टा का आधार कार्ड में नाम गलत लिख गया है बाकी सभी मूल दस्तावेज में छबी कोस्टा है जिसको सुधार कार्य के लिए 15 दिन से ज्यादा हो गया चक्कर काटते हुए कहीं आधार केन्द्र के तहसील कार्यालय के पटवारी पटवारी तहसीलदार आज हो जाएगा कल हो जाएगा ऐसा करते 15 दिनों से अधिक हो गये है आज तक कुछ नहीं हुआ। जिस कारण से उस बेटी का नाम स्कूल में नाम नहीं लिखा जा रहा है ऐसे बहुत से लोग है जो आधार कार्ड में सुधार के लिए यहां वहां भटक रहे हैं। नगर एवं ग्राम वासियों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि सभी शासकीय कार्यालयों में आधार केन्द्र खोले जाएं।




# दिव्यांग बच्चों को मिले सहायक उपकरण

### विकासखंड स्तरीय शिविर में 51 को मिला लाभ

**सिहोरा।** दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण मिलने से उनके चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। विकासखंड स्तरीय चिकित्सीय मूल्यांकन एवं उपकरण वितरण शिविर का आयोजन शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में संकुल प्राचार्य जे.एल. खांडे और बीआरसी सिहोरा बृजेश श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया। एल्मिको टीम जबलपुर के चिकित्सकों डॉ.सुभाष चंद्र, डॉ.विकास शुक्ला, डॉ.प्रिया वर्मा और डॉ. सौरभ शर्मा द्वारा बच्चों का मूल्यांकन किया गया। शिविर में कुल 51 दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग एड, सीपी चेयर, कैलीपर्स, स्मार्ट केन एवं टीएलएम किट जैसे सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य ने दिव्यांग बच्चों के साथ आए उनके अभिभावकों से कहा कि इन उपकरणों की सहायता से दिव्यांग बच्चों की शिक्षा में अभिरुचि बढ़ेगी जिससे शासन की मंशा पूरी होगी।कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

# ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त, एक गिरफ्तार

**जबलपुर।** गौरीघाट पुलिस ने ललपुर रोड स्थित खाली मैदान में छुपाकर रखी गई रेत के अवैध स्टॉक से ट्रैक्टर ट्रॉली में रेत ले जाते 24 वर्षीय नीलू ठाकुर निवासी ग्वारीघाट को गिरफ्तार किया है। टीआई सुभाषचंद्र बघेल ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने स्वीकारा कि उसने रेत कारोबारी अर्पित यादव निवासी ललपुर के कहने पर नर्मदा नदी ललपुर घाट से अवैध रूप से निकाली गई थी। आरोपी ट्रैक्टर एमपी 20 एबी 6025 में भरकर रेत परिवहन कर रहा था। पुलिस ने रेत, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर मामला दर्ज किया है। मुख्य आरोपी अर्पित यादव फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। कार्रवाई में एएसआई उमाशंकर पांडे, आरक्षक चंद्रभान, गोपेश, संदीप पांडे एवं चालक सीपी दुबे की कार्रवाई में सराहनीय भूमिका रही।

# सरकार की नवीन व्यवस्था का सभी को मिलेगा लाभ : विधायक बरकडे

### तहसील कार्यालय में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए राजस्व न्यायालयीन एंव गैर न्यायालयीन कार्यो के लिए प्रारम्भ की गई नवीन व्यवस्था का सभी हितग्राही,कृषकों, पक्षकारों को लाभ मिलेगा जिससे उनकी विभिन्न समस्याओं का अब समय पर निराकरण राजस्व अधिकारियों द्वारा किया जायेगा उक्ताशय के विचार क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकडे ने न्यायालीन कार्यों के लिए पृथक पृथक राजस्व अधिकारियों की पदस्थापना एवं पूर्ण कालिक राजस्व न्यायालय के शुभारंभ के अवसर पर सिहोरा तहसील कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए।

## न्यायालीन व्यवस्था की दी जानकारी

प्रमुख सचिव राजस्व विभाग के




निर्देशों के तहत राजस्व न्यायालीन राजस्व न्यायालयीन एंव गैर न्यायालयीन कार्यो के लिए की गई नवीन व्यवस्था के तहत प्रचार प्रसार की दृष्टि से आयोजित कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,राजेश दाहिया,अनुपम सराफ,सतीश पटेल,के के दुबे की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर एसडीएम,पुष्पेंद्र अहके,एवं तहसीलदार रूपेश्वरी कुंजाम द्वारा राजस्व न्यायालीन एवं गैर न्यायालीन व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

## सुबह 10 से सांय 6 बजे तक होगा कार्य

इस व्यवस्था के तहत तहसीलदार/ नायब तहसीलदार जो राजस्व न्यायालय का कार्य संपादित कर रहे हैं वे सभी अनिवार्यतः प्रातः 10 बजे से शायं 6 बजे तक राजस्व न्यायालय का कार्य नियमित रूप से करेंगे । इस अवसर पर राजस्व विभाग सिहोरा के समस्त अधिकारी/कर्मचारी सिहोरा अधिवक्ता संघ के सदस्य एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन किसान व पक्षकार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर समय सीमा में लगे प्रकरणों का निराकरण किया गया।

# अभिव्यक्ति सिहोरा की मासिक काव्य गोष्ठी में गूंजे सामाजिक सरोकारों और राष्ट्र चेतना के स्वर

**सिहोरा।** नगर की साहित्यिक संस्था अभिव्यक्ति की मासिक काव्य गोष्ठी सह बैठक आयोजित की गई ।कार्यक्रम नगर के वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक की अध्यक्षता,महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.श्रीकृष्ण तिवारी के मुख्य आतिथ्य तथा कछारगांव (बड़ा) से वरिष्ठ साहित्यकार विजय बागरी 'विजय के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। बैठक में अनिल मिश्रा कटनी और वरिष्ठ ग़ज़लकार चंद्रकिशोर श्रीवास्तव 'चंदन' को संरक्षक के रूप में एंव लक्ष्मीनारायण पटेल को कोषाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। शुभारंभ सुशील जैन द्वारा प्रस्तुत मां शारदे की वंदना से हुआ। कवियों ने न केवल प्रकृति की सहज सुंदरता और नारी के अंतर्मन की पीड़ा को स्वर दिए बल्कि समकालीन सामाजिक विसंगतियों,जातीय भेदभाव,और राष्ट्रीय एकता जैसे गहन मुद्दों पर भी अपने सशक्त काव्य से चिंतन को जागृत किया।काव्य पाठ करने वाले साहित्यकारों मे लक्ष्मीनारायण पटेल,निर्मला डोंगरे,सुशील शर्मा,आशा निर्मल जैन,अनिल मिश्रा,आशा अवस्थी,सुशील जैन, डॉ.अरुणा पाण्डेय,मुकेश त्रिपाठी, सुषमा कर्चुली,नारायण तिवारी,विजय बागरी 'विजय',डॉ.श्रीकृष्ण तिवारी,अश्वनी कुमार पाठक आदि समस्त रचनाकारों ने अपने-अपने विशिष्ट अंदाज़ और भावबोध के माध्यम से श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया। संचालन नारायण तिवारी ने किया।

# कप्तान ने सुनी शिकायत निराकरण के दिए निर्देश



**जबलपुर।** आम जनता की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा मंगलवार को जनसुनवाई की। इस दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से आए 65 शिकायतकर्ताओं ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं, जिनमें पारिवारिक विवाद, जमीन से जुड़े मामले, मारपीट और साइबर अपराध शामिल रहे। कप्तान उपाध्याय ने सभी शिकायतों पर त्वरित वैधानिक कार्रवाई के निर्देश थाना प्रभारियों एवं राजपत्रित अधिकारियों को दिए और समय-सीमा में समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एएसपी आनंद कलादगी एवं डीएसपी ग्रामीण आकांक्षा उपाध्याय भी उपस्थित रहीं।

# सिहोरा पुलिस की दबिश में तीन जुआड़ी गिरफ्तार

**जबलपुर।** पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर संगठित जुआ गतिविधियों पर लगाम कसने की कार्रवाई के तहत सिहोरा पुलिस ने ग्राम दर्शनी में छापा मारकर तीन जुआड़ियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। टीआई विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि हनुमान मंदिर के पीछे जुआ खेला जा रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कमलेश झारिया (49), बारेलाल कुशवाह (49), और रोहित यादव (27) को पकड़ा। 7400 नकद और ताश की गड्डी बरामद की गई। तीनों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई। कार्रवाई में एएसआई रामा सिंह धुर्वे, प्रधान आरक्षक गणेश्वर सिंह, तथा आरक्षक देवराज, आकाश और सोमदीप की विशेष भूमिका रही।

# शिक्षकों को बीएलओ की डयूटी से स्थाई मुक्ति दिलाने सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ शासकीय राज्य मान्यता प्राप्त की ओर से सिहोरा तहसील के शिक्षकों को बी.एल.ओ. (बूथ लेवल ऑफिसर) की ड्यूटी से स्थायी रूप से मुक्त करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि शिक्षकों का मुख्य कार्य शिक्षण है और उन्हें बी.एल.ओ.की ड्यूटी से स्थाई रूप से मुक्त किया जाना चाहिए। संघ का तर्क है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन हो रहा है क्योंकि वर्तमान में सत्र 2025-26 चल रहा है और पठन-पाठन कार्य शुरू हो चुका है। इसके अतिरिक्त शिक्षा का अधिकार कानून 2009 की धारा 27 के अनुसार शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से दूर रखा जाना चाहिए। उपरोक्त सभी बातों को ध्यान में रखते हुए संघ ने राज्य शिक्षा केंद्र के समस्त कलेक्टर को पत्र लिखकर शिक्षक वर्ग को बी.एल.ओ. के दायित्व से मुक्त रखने के निर्देश दिए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपते समय के.जी.पाठक, संजय उरमलिया, अनिल दहिया, शेषराम धुर्वे, आनंद गुप्ता, योगेंद्र मिश्रा, आशीष पहारिया, मनोज राय, राजेश मिश्रा, प्रेम प्रकाश चतुर्वेदी, आशीष दुबे, सुषमा पांडे, मंजू अग्निहोत्री, ममता दुबे, राजेश मिश्रा सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### संवेदनहीन व्यवस्था के बीच 'मोक्ष' ने बढ़ाया हाथ

# बेटे की लाश गोद में रखकर मक्खियाँ उड़ाता रहा पिता!

हरिभूमि, जबलपुर।

कभी किसी ने सोचा है कि एक बुजुर्ग बाप अपने जवान बेटे की लाश को गोद में लिए बैठा हो, और बस एक गमछे से उस शव पर बैठी मक्खियाँ उड़ा रहा हो... आंखें सूख चुकी हों, लेकिन मदद की आस बाकी हो... कुछ ऐसा ही मंजर अंधमूक बाईपास पर देखने को मिला। मेंद्र दास, उम्र 65 वर्ष, ग्राम बरघाईया, थाना रावनबड़ा, जिला छिंदवाड़ा निवासी गरीब मजदूर हैं। अपने 30 वर्षीय बेटे महेन्द्र को इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल लाए थे। 27 जून को भर्ती हुआ बेटा 19 जुलाई को अधूरी हालत में डिस्चार्ज कर दिया गया। किराया जोड़ते-जोड़ते दो दिन गुजर गए।



आखिर जैसे-तैसे बेटे को लेकर घर लौटने निकले, लेकिन रास्ते में ही महेन्द्र ने दम तोड़ दिया। बाप चीखता रहा, चिल्लाता रहा... लेकिन कोई सरकारी मदद नहीं आई। बेटे की लाश पर बैठकर वह सिर्फ मक्खियाँ उड़ाता रहा और आंसुओं में डूबा रहा। तभी समाजसेवी आशीष ठाकुर 'मोक्ष' तक खबर पहुंची। वह तुरंत मौके पर पहुंचे और अंधमूक बाईपास के बुकिंग एजेंट, चाय वालों और राहगीरों के साथ मिलकर एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाई।

# 4 लाख की चोरी का पर्दाफाश 3 नकबजन गिरफ्तार

### शहपुरा पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की संयुक्त कार्रवाई, निगरानी बदमाश सहित सोना-चांदी, नकदी और बाइक जब्त

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में चोरी की वारदातों पर लगाम कसते हुए क्राइम ब्रांच और थाना शहपुरा पुलिस की संयुक्त टीम ने 6 जुलाई को हुई एक बड़ी नकबजनी का खुलासा कर दिया है। कार्रवाई में तीन शातिर नकबजन सोनू जोगी पिता अन्नू जोगी, विनय उर्फ विनोद प्रजापति पिता तुलसीराम प्रजापति और हेमंत चक्रवर्ती पिता कल्लू चक्रवर्ती, सभी निवासी गोटेगांव, को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों के कब्जे से करीब 2 लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवर और घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। मुख्य आरोपी सोनू जोगी गोटेगांव थाने का निगरानी बदमाश है, जिसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर यह वारदात अंजाम दी।



## ये था मामला

6 जुलाई को नर्मदा कॉलोनी, शहपुरा निवासी रवि झारिया अपने पूरे परिवार के साथ भेड़ाघाट स्थित राधाकृष्ण मंदिर में कथा-भंडारे में शामिल होने गए थे। शाम 6.30 बजे लौटने पर उन्होंने देखा कि घर के ताले टूटे हुए हैं और अलमारी से 2 लाख रुपये नकद, सोने की चैन, हार, अंगूठी, कान के टॉप्स, चांदी की पायल और दस्तावेज गायब थे।

## सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान

शिकायत पर थाना शहपुरा में चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिनसे आरोपियों की पहचान हुई।

## इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस खुलासे में टीआई प्रवीण धुर्वे, क्राइम ब्रांच प्रभारी शैलेष मिश्रा, एसआई संतोष ठाकुर, एएसआई सुरेश तिवारी, दिनेश सिंह, आरक्षक प्रमोद पटेल, अमित पटेल, राहुल गुप्ता, वीरेन्द्र सिंह, राजेश मिश्रा, त्रिलोक पारधी, राजेश मातरे एवं डीएसबी के एएसआई धनंजय सिंह ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।




**श्री तखत सिंह झारिया-** बृजमोहन नगर रामपुर निवासी श्री तखत सिंह झारिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राज सिंह परिहार-** कृष्णा नगर माढ़ोताल रोड निवासी श्री राज सिंह परिहार (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुंदरलाल सिंह कुशवाहा-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री सुंदरलाल सिंह कुशवाहा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रकाश कोल-** कुलियाना मोहल्ला मदनमहल निवासी श्री हीरा लाल कोल के पुत्र श्री प्रकाश कोल (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री एनके वर्मा-** संगम कॉलोनी उखरी रोड निवासी श्री एनके वर्मा (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुन कश्यप-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री द्वारका कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन कश्यप (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रवि ठाकुर-** गजानन सोसायटी मांडवा रामपुर निवासी श्री बाल किशन ठाकुर के पुत्र श्री रवि ठाकुर (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार लोधी-** शीतलामाई निवासी श्री अशोक कुमार लोधी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. मोहनी झारिया-** कछपुरा मालगोदाम के पास निवासी श्री कांता प्रसाद झारिया की पुत्री कु. मोहनी झारिया (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव-** अपर लाइन सिविल लाइन निवासी श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती आशा परचाके-** एकता कॉलोनी सुभाष नगर बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री अजब राव परचाके की धर्मपत्नी श्रीमती आशा परचाके (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अर्चना देवी माझी-** न्यू कचंनपुर अधारताल निवासी श्री दिनेश माझी की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना देवी माझी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

## एक्जिम बैंक ने अपने लाभ से 325 करोड़ सरकार को दिए

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) ने सरकार को बीते वित्त वर्ष 2024-25 के शुद्ध लाभ में से 325 करोड़ रुपये अंतरित किये हैं। एक्जिम बैंक ने मंगलवार को बयान में कहा कि भारतीय निर्यात आयात बैंक की प्रबंध निदेशक हर्षा बंगारी ने वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए शुद्ध लाभ के तहत 325 करोड़ रुपये अंतरित किये जाने की रसीद सौंपी। उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, बैंक का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 29 प्रतिशत बढ़कर 3,243 करोड़ रुपये रहा।

# साइबर खतरे, बाजार में उतार-चढ़ाव निवेशकों के लिए चुनौतियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने मंगलवार को कहा कि पूंजी बाजारों में निवेश करने वालों की बढ़ती संख्या के साथ बाजार में उतार-चढ़ाव और वित्तीय परिवेश में विश्वास की कमी इस बढ़ते निवेशक रुझान के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश कर सकती हैं। देश में पूंजी बाजारों में निवेश करने वालों की संख्या बढ़कर वर्तमान में 13 करोड़ हो गयी है जो मार्च, 2020 में 4.2 करोड़ थी। अभी इसमें और वृद्धि की काफी गुंजाइश है। नारायण ने घरेलू निवेशकों की संख्या में वृद्धि को स्वीकार करते हुए इस गति को बनाए रखने के लिए चुनौतियों के समाधान की जरूरत बतायी।

## सेबी अधिकारी ने कहा, निवेश करने वालों की संख्या 13 करोड़ हुई

### पोर्टफोलियो व्यक्तिगत जोखिम के अनुरूप बनाएं

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य ने कहा कि इसके साथ ही, निवेशकों को बाजार की अस्थिरता के बारे में पूरी तरह से जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव तय है और निवेशक अपने पोर्टफोलियो को व्यक्तिगत जोखिम क्षमता के अनुरूप बनाएं।




### निवेशकों का भरोसा बनाए रखने की जरूरत

नारायण ने कहा, ''हमें अस्थिरता और जोखिम के अर्थ को बेहतर ढंग से समझना और आत्मसात करना होगा। यह ठीक उसी तरह होना चाहिए जैसे हमने प्रतिफल को बेहतर ढंग से समझना है।'' उन्होंने वित्तीय नियोजन पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्तीय परिवेश में निवेशकों का भरोसा बनाए रखने की जरूरत बतायी।

### साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना जरूरी

*अधिकारी ने कहा कि साइबर और डिजिटल धोखाधड़ी जैसे जोखिम गंभीर चिंता का विषय हैं। गड़बड़ी करने वाले अक्सर परिष्कृत और संगठित होते हैं और भोले-भाले निवेशकों को अपना शिकार बनाते हैं। इससे साइबर सुरक्षा ऐसा क्षेत्र बन जाता है, जिस पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है।*

### निवेश परिसंपत्ति में विविधीकरण जरूरी

*संचालन के स्तर पर विफलता या बाजार में गड़बड़ी की किसी भी घटना से भरोसे को चुनौती मिल सकती है। नारायण ने कहा कि इस संबंध में बाजार को मजबूत बनाए रखने में सेबी और अन्य पक्षों के साथ-साथ शेयर बाजारों और डिपॉजिटरी जैसे नियामकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।*

एसबीआई रिसर्च ने कहा, छोटे कारोबारी नकदी अर्थव्यवस्था में लौट सकते हैं

# संवेदनशीलता, संतुलित रुख के साथ हो जीएसटी का क्रियान्वयन: एसबीआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीएसटी को संवेदनशीलता और संतुलित रुख के साथ लागू किया जाना चाहिए, क्योंकि यूपीआई लेनदेन मामले में आक्रामक जांच छोटे कारोबारियों को नकदी-आधारित अर्थव्यवस्था में वापस धकेल सकती है।

■ सरकार यूपीआई लेनदेन मामले में आक्रामक जांच कर रही

एसबीआई रिसर्च ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह कहा। कर्नाटक में छोटे व्यापारियों द्वारा जीएसटी नोटिस के कारण नकद लेनदेन को प्राथमिकता देने की खबरों के बीच यह रिपोर्ट आयी है। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में जीएसटी में उभरती चुनौतियों के प्रति आगाह करते हुए कहा गया है कि अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था ने अधिक जवाबदेही और राजस्व सृजन की नींव रखी है।

**वर्तमान में 1.52 करोड़ जीएसटी पंजीकरण :** लेकिन इसकी दीर्घकालीन सफलता छोटे व्यापारियों को दंडित करने के बजाय उनके सशक्तीकरण को सुनिश्चित करने पर निर्भर करेगी। वर्तमान में, 1.52 करोड़ से अधिक सक्रिय माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण हैं।




### कर्नाटक के कई छोटे व्यापारियों को मिला नोटिस

रिपोर्ट में कर्नाटक में हाल के मामले का हवाला दिया गया है, जहां बेंगलुरु के कई छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) लेनदेन जैसे डिजिटल पहुंच के आधार पर काफी ज्यादा कर नोटिस मिले। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक यूपीआई-जीएसटी विवाद के बीच, राज्य के छोटे व्यापारी 23 जुलाई से तीन दिन के विरोध प्रदर्शन की योजना बना रहे हैं।

### बड़े राज्यों में करदाताओं की हिस्सेदारी कम है

तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक जैसे कुछ बड़े और समृद्ध राज्यों में सक्रिय जीएसटी करदाताओं की हिस्सेदारी, कुल जीएसडीपी (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) में राज्य की हिस्सेदारी की तुलना में कम है। वहीं, उत्तर प्रदेश, बिहार और गुजरात जैसे राज्यों का कुल जीएसटी करदाताओं में हिस्सा, समग्र जीएसडीपी में राज्य के हिस्से से अधिक है।

### आक्रामक जांच छोटे कारोबारियों को परेशान कर रही

रिपोर्ट में कहा गया, ''हालांकि, आर्थिक गतिविधियों की अधिक सटीक तस्वीर पेश करने और कर चोरी को कम करने का इरादा सराहनीय है, लेकिन इसे लागू करने संवेदनशीलता के साथ संतुलित होना चाहिए।''एसबीआई रिसर्च ने कहा, ''जोखिम यह है कि अत्यधिक आक्रामक जांच छोटे कारोबारियों को असंगठित नकदी-आधारित अर्थव्यवस्था में वापस धकेल सकती है।

### आयकरदाताओं में महिलाओं की 15 प्रतिशत हिस्सेदारी

इसमें कहा गया है, ''यह आंकड़ा, कुल आयकरदाताओं में महिलाओं की 15 प्रतिशत हिस्सेदारी और कुल जमा में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ, महिला सशक्तीकरण को दर्शाता है...।'' एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ राज्यों में जीएसटी में काफी संभावनाएं हैं।

### शीर्ष पांच राज्यों का 50 प्रतिशत योगदान

रिपोर्ट में कई प्रमुख बातों का जिक्र है। इनमें महिलाओं की बढ़ती भागीदारी (पांच में से एक महिला करदाता है), शीर्ष पांच राज्यों का कुल जीएसटी करदाताओं में लगभग 50 प्रतिशत योगदान और जीएसटी लागू होने से महंगाई को कम करने में मदद मिलने की बात शामिल हैं।

# शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी मंगलवार को लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। फौरन सामान पहुंचाने वाली कंपनियों और निजी बैंकों के शेयरों में आई तेजी का असर तेल एवं गैस और आईटी कंपनियों के शेयरों में हुए नुकसान के कारण जाता रहा।

■ बाजार में उतार चढ़ाव भरा माहौल रहा



### बाजार की नजर कंपनियों के परिणाम पर

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार की नजरें कंपनियों के तिमाही नतीजों पर लगी हुई हैं। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की एक अगस्त की समयसीमा करीब आने से दो दिन से जारी तेजी थम गई।''

बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 13.53 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 82,186.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 337.83 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 29.80 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,060.90 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि एक अगस्त की समयसीमा से पहले अमेरिका-भारत व्यापार समझौते पर स्पष्टता की कमी और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की मुनाफावसूली से बाजार धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) में सबसे ज्यादा 10.56 प्रतिशत की तेजी आई। जोमैटो और ब्लिंकिट ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी इटर्नल ने सोमवार को जून तिमाही में अपना एकीकृत शुद्ध लाभ 25 करोड़ रुपये रहने की सूचना दी। उसके बाद से कंपनी के शेयरों में तेजी है। इसके अलावा, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव जिला छिन्दवाडा (म.प्र.)**

(तामिया रोड वार्ड क्रमांक -03 जुन्नारदेव पिनकोड - 480551)

Phone (07160) 231007 ULB CODE- 802380 Emailid-cmojunardev@mpurban.gov.in

क्रमांक/1232/न.पा./लोनिशा/2025 // निविदा सूचना// जुन्नारदेव, दिनांक 21/07/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_438728_1 | पुराना शासकीय अस्पताल आर.सी.सी. भवन एवं बाउण्ड्री वॉल डिस्मेंटल कर मलबा हटाने का कार्य | 15 दिवस 3,99,981/- लगभग | 2000/- 4000/- | 08-08-2025 |

शर्त- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव जिला-छिन्दवाड़ा

## कोलगेट-पामोलिव के मुनाफे में 12 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा की जरूरत का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी कोलगेट-पामोलिव इंडिया लिमिटेड का शुद्ध लाभ जून, 2025 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 11.9 प्रतिशत घटकर 320.62 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि कमजोर शहरी मांग और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण उसका मुनाफा घटा। कोलगेट-पामोलिव इंडिया लिमिटेड (सीपीआईएल) ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक साल पहले अप्रैल-जून तिमाही में 363.98 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की बिक्री 4.38 प्रतिशत घटकर 1,420.64 करोड़ रुपये रह गई। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 1,485.76 करोड़ रुपये था। सीपीआईएल की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रभा नरसिम्हन ने कहा, पहली तिमाही के नतीजे शहरी मांग में कमी और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण कठिन परिचालन स्थितियों से पैदा हुई चुनौतियों को दर्शाते हैं।

## अकासा एयर अपने बेड़े में विमानों की संख्या बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी अकासा एयर ने 2032 तक अपने विमानों के बेड़े की संख्या को 226 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी अंकुर गोयल ने मंगलवार को कहा कि एयरलाइन का इस अवधि के दौरान सालाना 25 से 30 प्रतिशत की क्षमता जोड़ने का इरादा है। अकासा एयर की शुरुआत 2022 में हुई थी। वर्तमान में 30 बोइंग 737 मैक्स विमानों के बेड़े के साथ यह 23 घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ानों का परिचालन करती है। राष्ट्रीय राजधानी में गोयल ने कहा कि एयरलाइन कंपनी लागत पर ध्यान दे रही है। अकासा एयर ने 226 बोइंग 737 मैक्स विमानों के ऑर्डर दिए हैं। इनमें से 30 का वर्तमान में कंपनी द्वारा परिचालन किया जा रहा है।

# अशोक चौधरी अमूल ब्रांड के चेयरमैन निर्वाचित

**आणंद (गुजरात)।** सहकारी नेता अशोक चौधरी मंगलवार को 'अमूल' ब्रांड का संचालन करने वाली सहकारी संस्था 'गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ' (जीसीएमएमएफ) के निर्विरोध चेयरमैन चुने गए। यह महासंघ गुजरात और देश के कई अन्य राज्यों में दूध और डेयरी उत्पादों का विपणन करता है। आणंद के जिला कलेक्टर और चुनाव अधिकारी प्रवीण चौधरी ने बताया कि गोरधन धमेलिया को जीसीएमएमएफ का निर्विरोध वाइस चेयरमैन चुना गया है। उन्होंने कहा, ''अशोक चौधरी और गोरधन धमेलिया निर्विरोध चुने गए क्योंकि इन पदों के लिए कोई अन्य नामांकन प्राप्त नहीं हुआ था।'' जीसीएमएमएफ के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन के चुनाव के लिए महासंघ की यहां बैठक आयोजित हुई थी।

# सोना फिर एक लाख रुपए के पार चांदी में 3,000 रुपए का उछाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टॉकिस्ट की मजबूत लिवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को फिर से लांघ गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत चार सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,00,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई, जबकि पिछला बंद भाव 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इससे पहले, 19 जून को सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 1,000 रुपये बढ़कर 99,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले कारोबार में यह 98,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की तरह, मंगलवार को चांदी की कीमतें भी 3,000 रुपये बढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं।

■ सोना 1000 रुपए बढ़कर एक लाख रुपए प्रति 10 ग्राम का स्तर लांघ गई



### चांदी हाजिर में गिरावट

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर चांदी भी 0.11 प्रतिशत घटकर 38.89 डॉलर प्रति औंस रह गई। अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''निवेशक फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति के रुख पर मार्गदर्शन के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल और गवर्नर मिशेल बोमन के भाषण पर बारीकी से नजर रखेंगे।''

### चीन व अमेरिका के आर्थिक आंकड़ों पर नजर

एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की शोध विश्लेषक-जिंस और मुद्रा रिया सिंह के अनुसार, व्यापारी चीन के ऋण की प्रमुख दरों पर निर्णय और अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे।

**कार्यालय वन संरक्षक मध्य वृत्त वन विभाग**
**स्टेशन रोड, जबलपुर दूरभाष क्र.0761-2624341**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. श्री बलजीत सिंह पिता स्व. संतोष सिंह प्रो. मेसर्स खालसा इन्डस्ट्रीज, प्लॉट नं.1444 मदन महल महानद्दा जिला जबलपुर की मृत्यु दिनांक 15.05.2021 को हो जाने के फलस्वरूप उनके स्वामित्व की एक आरा मशीन (माननीय उच्चतम न्यायालय में प्रेषित सूची में क्रमांक 255) के संचालन हेतु अनुज्ञप्ति धारक का नाम विलोपित कर श्री गुरप्रीत सिंह प्लाहा पिता स्व.श्री बलजीत सिंह का नाम दर्ज किये जाने बावद् आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर काष्ठ आधारित उद्योगों हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति भोपाल की बैठक दिनांक 09.06.2025 में एजेण्डा क्रमांक 1.10 में लिये गये निर्णय अनुसार- चूंकि ''प्रकरण उत्तराधिकारी को अनुज्ञप्ति स्थानांतरित करने से संबंधित है।'' अत: कलेण्डर वर्ष 2021-2023 तक की जारी आरा मशीन अनुज्ञप्ति क्रमांक /JBP/SM/2021/58 में अनुज्ञप्तिधारक का नाम मेसर्स खालसा इंडस्ट्रीज प्रोपराईटर श्री बलजीत सिंह, 1444 मदन महल महानद्दा जबलपुर का नाम दर्ज चला आ रहा है। अब नामांतरण आवेदन पर कार्यवाही अनुसार श्री गुरप्रीत सिंह प्लाहा पिता स्व. श्री बलजीत सिंह का नाम म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) नियम 1984 के प्रारूप ''ग'' नियम 4 (1) के अंतर्गत किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था/वसीयतधारी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय मूल दस्तावेजों सहित अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। इस अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार के दावें को मान्य नहीं किया जावेगा।

वन संरक्षक
मध्य वन वृत्त, जबलपुर

**GURU RAMDAS KHALSA INSTITUTE OF SCIENCE AND TECHNOLOGY (APPROVED BY AICTE NEW DELHI AFFILIATED TO RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA BHOPAL) KUKRI KHEDA, BARELA, JABALPUR M. P. 483001 PHONE : 8226006223, 9479757781**

**NOTIFICATION FOR FACULTY RECRUITMENT**

Guru Ramdas Khalsa institute of science and technology invites applications for the post of professors, associate professors, assistant professors and lecturers for Diploma, Engineering in the following discipline:

Artificial Intelligence And Data Science (AI&DS), Civil Engineering, Mechanical Engineering, Agriculture Engineering, Computer Science & Engineering, Electrical & Electronics Engineering, Electronics & Communication Engineering, Biotechnology, Automobile Engineering, Dairy Engineering, Fire Technology And Safety, Refrigeration And Air Conditioning And Master Of Engineering (Thermal System & Design).

**Qualification and Salary as per UGC/ AICTE Norms Candidate can Submit their resume along with Copies of Certificate to directorgrkist@gmail.com**

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सुकमा वनमण्डल, सुकमा जिला- सुकमा (छ. ग.)**

**ईमारती काष्ठ का नीलाम विज्ञापन - सुकमा वन मण्डल सुकमा, जगदलपुर वृत्त जगदलपुर**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है जगदलपुर वृत्त के सुकमा वन मण्डल के अन्तर्गत सुकमा काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ का ई-नीलाम दिनांक 04/08/2025 समय : 02.00 बजे से ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जावेगा।

अत: इच्छुक व्यापारियों ई- ऑक्सन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते व अन्य जानकारियाँ कार्यालयीन दिवसों में काष्ठागार अधिकारी या वनमण्डल कार्यालय सुकमा से प्राप्त की जा सकती है।

**सुकमा काष्ठागार में ईमारती काष्ठ की मात्रा**

| प्रजाति | नया काष्ठ की मात्रा | | | पुराना काष्ठ की मात्रा | | | महायोग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 75.593 | 7 | 54 | 252.851 | 166 | 191 | 328.444 | 173 | 245 |
| साल | 0 | 0 | 0 | 3.340 | 6 | 0 | 3.340 | 6 | 0 |
| बीजा | 0 | 0 | 0 | 47.221 | 36 | 0 | 47.221 | 36 | 0 |
| साजा | 0 | 0 | 0 | 12.896 | 152 | 0 | 12.896 | 152 | 0 |
| हल्दु. मु. | 0 | 0 | 0 | 5.015 | 0 | 0 | 5.015 | 0 | 0 |
| शिवना | 0 | 0 | 0 | 0.593 | 6 | 0 | 0.593 | 6 | 0 |
| अन्य | 0 | 0 | 0 | 27.497 | 530 | 0 | 27.497 | 530 | 0 |
| योग | 75.593 | 7 | 54 | 349.413 | 896 | 191 | 425.006 | 903 | 245 |

टीप:-1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है
2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है।

G-252602339/2

वनमण्डलाधिकारी
सुकुमा वनमण्डल, सुकमा

**संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्र.-03/2025-26**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर संभाग, जबलपुर**

पत्र.क्र.934/निविदा/ग्रा.यां.से./2025 जबलपुर, दिनांक-17.07.2025 अम्बेडकर भवन के सामने हाईकोर्ट चौराहे के पास, जबलपुर

कार्यालय अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| अ.क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | विकास खण्ड /स्थल | निविदत्त राशि रू (रूपये में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | निविदा आमंत्रण की क्रम | लागू एस.ओ आर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 2025_RES_438101 | ग्राम पंचायत मखरार आम्हेटोला, शा.प्रा. स्कूल मछईटोला ग्राम पंचायत मडईकला, शा.प्रा. स्कूल सहदरीटोला ग्राम पंचायत सहदरा में एक-एक अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | कुण्डम | 1547000.00 | 30940 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | तृतीय आमंत्रण | 11.04.22 |
| 2 | 2025_RES_438103 | शा. प्रायमरी. स्कूल - गुबराखुर्द/ग्वारी/कटंगी में एक-एक अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | शहपुरा | 1547000.00 | 30940 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | तृतीय आमंत्रण | 11.04.22 |
| 3 | 2025_RES_438104 | शा. प्रायमरी. स्कूल केदारपुर में दो अतिरिक्त कक्ष एवं शा. प्रायमरी. स्कूल टेडचकी में एक अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | शहपुरा | 1535000.00 | 30700 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | तृतीय आमंत्रण | 11.04.22 |
| 4 | 2025_RES_438106 | व्यायाम शाला भवन निर्माण कार्य ग्राम पिंडरई वार्ड नं. 71 (जबलपुर) | जबलपुर | 420594.00 | 8412 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | द्वितीय आमंत्रण | 11.04.22 |
| 5 | 2025_RES_438107 | शेड/कक्ष निर्माण कर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रांझी के द्वितीय तल में भगत सिंह वार्ड क्रमांक 63 | जबलपुर | 422300.00 | 8446 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | द्वितीय आमंत्रण | 11.04.22 |
| 6 | 2025_RES_438114 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य अमित मसीह के सामने से अर्जुन ठाकुर के मकान की ओर वार्ड क्र.12 सिहोरा | सिहोरा | 599000.00 | 11980 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | द्वितीय आमंत्रण | 11.04.22 |
| 7 | 2025_RES_438115 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य बद्री खिवहरे जी के मकान से जैन मंदिर के पीछे तक मदर टेरेसा नगर संभाग क्र.6 दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र. 30 | जबलपुर | 1836996.00 | 36740 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | द्वितीय आमंत्रण | 11.04.22 |
| 8 | 2025_RES_438116 | शा.मा.कन्याशाला मझौली में बेटमिन्टन एवं बालीवॉल खेल मैदान कक्ष निर्माण कार्य | मझौली | 377000.00 | 7540 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 9 | 2025_RES_438118 | शा.हा.से. स्कूल सकरा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | पाटन | 1217000.00 | 24340 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 10 | 2025_RES_438119 | शासकीय हायर सेकेन्ड्री स्कूल सालीवाडा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | जबलपुर | 1213000.00 | 24260 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 11 | 2025_RES_438120 | शासकीय हाई स्कूल घुन्सौर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | जबलपुर | 1217000.00 | 24340 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 12 | 2025_RES_438122 | शासकीय हाई स्कूल सहजपुर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | शहपुरा | 1217000.00 | 24340 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 13 | 2025_RES_438123 | शासकीय हाई स्कूल स्कूल भंडरा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | सिहोरा | 1213000.00 | 24260 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 14 | 2025_RES_438125 | शासकीय हाई स्कूल बरमान में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | शहपुरा | 1213000.00 | 24260 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 15 | 2025_RES_438126 | शा.मा.कन्याशाला मझौली में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य | मझौली | 1217000.00 | 24340 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |
| 16 | 2025_RES_438128 | कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, जबलपुर में उन्नयन कार्य | जबलपुर | 360000.00 | 7200 | 2000 | 180 दिवस वर्षाकाल सहित | प्रथम आमंत्रण | 11.04.22 |

**नोट:- उपरोक्त सभी निर्माण कार्यों की समयावधि वषार्काल सहित है।** उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। ऑनलाईन प्रपत्र क्रय करने, बिड सममिशन, बिड क्लोजिंग व बिड ओपनिंग का विवरण निम्नानुसार है- 1 ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का प्रारम्भ तिथि - 27.07.2025 को 11:00 बजे से 2 ऑनलाईन बिड सबमिशन तिथि- 27.07.2025 को 11:00 बजे से 3 ऑनलाईन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि- 05.08.2025 को 05:30 बजे तक 4 ऑनलाईन बिड खोले जाने की तिथि- 07.08.2025 को 11:00 बजे तक। निविदा सूचना में किसी भी संशोधन का समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा यद्यपि उक्त वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर दर्शित किया जावेगा।

G-16032/25

(सुमित शुक्ला) कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवाए जबलपुर संभाग, जबलपुर
दूरभाष नं.- 0761-2625268 मो.नं.-9131414293

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मेकेनिकल खण्ड, छुई खदान, बेदीनगर जबलपुर**
Phone- 0761-2977337 E-mail-eephmecjb@yahoo.com

निविदा क्र. 07/2025-26/तक./का.यं./लो.स्वा.या. मैके. खण्ड/ जबलपुर दिनांक 18.07.2025

**तृतीय ऑन लाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑन लाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitay Sealed) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मैकेनिकल खण्ड जबलपुर के अन्तर्गत सिवनी जिले के भण्डार गृह में रखी अनुपयोगी (स्केप) सामग्री के अपलेखन हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म "जी" पर अधिकतम दर पर ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | पोर्टल निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रुपए (रुपए में) | प्रतिभूति राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने प्रारंभिक दिनांक | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 07/ 2025-26 | 2025-PHED - 438361-1 | सिवनी जिले के भण्डार ग्रह में अनुपयोगी स्केप सामग्री की नीलामी | 1076650 | 21533 | 2000 | 18/07/2025 | 31/07/2025 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार का कोई संशोधन होता है तो केवल ऑन-लाईन किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं होगा। निविदा की शर्ते एवं अन्य विवरण का अवलोकन http://www.mptender.gov.in वेबसाईट में किया जा सकता है।

(एस.के.कुरील)

G-16081/25

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वा. यां. मैके खण्ड जबलपुर

## चिंतन

# इस्तीफा व्यक्तिगत फैसला विपक्ष न करे राजनीति

उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद से देश में सियासी पारा गर्म है। विपक्ष सरकार पर दबाव बना रहा है कि इस इस्तीफे के पीछे का सच बाहर आना चाहिए। सरकार या भाजपा की तरफ से चुप्पी सस्पेंस को बढ़ा रही है और कयासों को हवा दे रही है। इस्तीफे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिक्रिया भी सामान्य है। हालांकि इस्तीफा व्यक्तिगत फैसला होता है, इस पर विपक्ष को राजनीति नहीं करनी चाहिए। जगदीप धनखड़ ने सोमवार को संसद के मानसून सत्र के पहले दिन स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से त्यागपत्र दे दिया और कुछ ही देर बाद राष्ट्रपति ने इसे स्वीकार भी कर लिया। धनखड़ के इस्तीफे को भी उनके व्यक्तिगत फैसले के रूप में देखा जाना चाहिए, लेकिन घटनाक्रम इतनी तेजी से घटा कि विपक्ष सवाल उठा रहा है कि आखिर ऐसा क्या हुआ? 12 दिन पहले ही धनखड़ ने जेएनयू के एक कार्यक्रम में अपना कार्यकाल पूरा करने की बात कही थी। अगस्त 2027 तक उनका कार्यकाल था। दो साल पहले ही धनखड़ का स्वास्थ्य का हवाला देते हुए पद छोड़ना चौंकाता है। विपक्ष जो जगदीप धनखड़ की ज्यादातर समय आलोचना किया करते थे और उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव तक लाया था, इस फैसले से हैरत में हैं। माना जा रहा है कि इस त्यागपत्र के कई सियासी मायने हैं। सोमवार को राज्यसभा में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई शुरू करने के लिए आए प्रस्ताव में सभी 63 विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर व सत्ता पक्ष के एक भी सांसद के साइन नहीं होने के बावजूद सभापति के रूप में धनखड़ के नोटिस को स्वीकारने से भाजपा असहज हुई हो। राज्यसभा में ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और केंद्रीय मंत्री व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच खड़संवाद, आसन को अरुचिकर लगा हो व इस्तीफे का कारण हो। एक कयास यह भी है कि आगे बिहार में विधानसभा चुनाव है और अगले साल तमिलनाडु में विस चुनाव है, तो इसे देखते हुए इन दोनों में से किसी एक राज्य के नेता को उपराष्ट्रपति बनाकर भाजपा कोई राजनीतिक संदेश देना चाह रही हो। इसलिए इस्तीफा हुआ हो। हालांकि इसके और भी तरीके हो सकते हैं। धनखड़ का न्यायपालिका से लगातार टकराव भी एक वजह हो सकता है, लेकिन फिर टाइमिंग इस वजह से मैच नहीं कर रही है। धनखड़ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंट्स कमीशन (एनजेएसी) कानून रद किए जाने की निंदा करते हुए न्यायपालिका द्वारा संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन का आरोप लगाया था। यह सही है कि जगदीप धनखड़ बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे और हाल में ही उन्होंने हृदय संबंधी समस्याओं का इलाज करवाया था, तो त्यागपत्र के पीछे वास्तव में उनका स्वास्थ्य कारण ही माना जाना चाहिए। धनखड़ के 3 साल के कार्यकाल में राज्यसभा में विपक्षी दलों के साथ उनकी लगातार तीखी बहस हुईं, लेकिन कई बार विवादास्पद मुद्दों पर उनकी तीखी टिप्पणियों ने सरकार को असहज भी किया। उपराष्ट्रपति के रूप में भारत के प्रति धनखड़ की समर्पित और बहुमूल्य सेवा के लिए हमेशा उनकी सराहना होगी। अपने कार्यकाल में संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की। बहरहाल, संविधान के अनुच्छेद 68 के तहत, उनके उत्तराधिकारी का चुनाव छह महीने के भीतर पूरा करना अनिवार्य है। उपराष्ट्रपति भारत का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पद है। वह राज्यसभा का पदेन सभापति भी होता है। इसलिए यह पद लंबे समय तक रिक्त नहीं रखा जा सकता है।

# पहले भी विवादों में रहे हैं उपराष्ट्रपति



धनखड़ का इस्तीफा
विवेक शुक्ला


जगदीप धनखड़ के मंगलवार को उप राष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने से देश की राजनीति में भूचाल सा आ गया है। उनके इस्तीफे को लेकर तमाम तरह की अटकलबाजी चल रही है। हालांकि उन्होंने इस्तीफे का कारण अपना खराब स्वास्थ्य बताया है। पर इस कारण पर कोई भरोसा नहीं कर रहा। धनखड़ से पहले भी देश के कुछ उपराष्ट्रपति विवादों में रहे हैं। देश में उपराष्ट्रपति को लेकर पहला विवाद बड़ा विवाद वी.वी. गिरि से जुड़ा है। यह बात है 1969 की। यह भारतीय राजनीति का एक बड़ा विवाद था जिसमें देश के उप-राष्ट्रपति सीधे तौर पर शामिल थे। बहरहाल, जगदीप धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे का असर अभी कुछ दिनों तक और चलने वाला है।

भारत में उपराष्ट्रपति पद पर आसीन शख्सियतें अक्सर विवादों से घिरी रहीं हैं। जगदीप धनखड़ के मंगलवार को उप राष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने से देश की राजनीति में भूचाल सा आ गया है। उनके इस्तीफे को लेकर तमाम तरह की अटकलबाजी चल रही है। हालांकि उन्होंने इस्तीफे का कारण अपना खराब स्वास्थ्य बताया है। पर इस कारण पर कोई भरोसा नहीं कर रहा। धनखड़ से पहले भी देश के कुछ उपराष्ट्रपति विवादों में रहे हैं।

देश में उपराष्ट्रपति को लेकर पहला विवाद बड़ा विवाद वी.वी. गिरि से जुड़ा है। यह बात है 1969 की। यह भारतीय राजनीति का एक बड़ा विवाद था जिसमें देश के उप-राष्ट्रपति सीधे तौर पर शामिल थे। दरअसल 1969 में राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन के निधन के बाद, तत्कालीन उप-राष्ट्रपति वी.वी. गिरि कार्यवाहक राष्ट्रपति बने। कांग्रेस पार्टी के भीतर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पुराने नेताओं के 'सिंडिकेट' के बीच सत्ता संघर्ष चरम पर था। कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार नीलम संजीव रेड्डी थे, जिन्हें सिंडिकेट का समर्थन प्राप्त था। इंदिरा गांधी ने वी.वी. गिरि को एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कांग्रेस के सांसदों और विधायकों से 'अंतरात्मा की आवाज' पर वोट देने का आह्वान किया। परिणाम यह हुआ कि गिरि एक बहुत ही करीबी मुकाबले में जीत गए। इस घटना ने कांग्रेस पार्टी को दो फाड़ कर दिया और इंदिरा गांधी को पार्टी के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापित किया।

यह एक ऐसा मामला था जहां उप-राष्ट्रपति का पद सीधे तौर पर सत्ता संघर्ष का एक उपकरण बन गया। इसी क्रम में बी.डी. जत्ती और 1977 के संवैधानिक संकट की चर्चा करना भी जरूरी है। राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के 1977 में निधन के बाद, उप-राष्ट्रपति बी.डी. जत्ती कार्यवाहक राष्ट्रपति बने। देश में आपातकाल के बाद, केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी। सरकार ने नौ कांग्रेस शासित राज्यों की विधानसभाओं को भंग करने की सिफारिश की। कार्यवाहक राष्ट्रपति जत्ती ने इस अध्यादेश पर हस्ताक्षर करने में शुरू में हिचकिचाहट दिखाई। उनकी हिचकिचाहट के कारण कुछ दिनों तक संवैधानिक संकट पैदा हो गया था, क्योंकि यह सवाल उठा कि क्या कार्यवाहक राष्ट्रपति कैबिनेट की सलाह को मानने के लिए बाध्य है। हालांकि कुछ दिनों के बाद उन्होंने हस्ताक्षर कर दिए, लेकिन इस घटना ने कार्यवाहक राष्ट्रपति की शक्तियों पर एक बड़ी बहस छेड़ दी। आप कह सकते हैं कि दो बार उपराष्ट्रपति रहे हामिद अंसारी का कार्यकाल काफी हद तक गैर-विवादास्पद रहा, लेकिन उनके कार्यकाल के अंत में दिए गए बयानों ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। एक साक्षात्कार में, उन्होंने कहा कि देश के मुसलमानों में 'असुरक्षा और बेचैनी की भावना' है। इस बयान की सत्ताधारी दल और उसके समर्थकों ने तीखी आलोचना की।

उन पर एक संवैधानिक पद पर रहते हुए एक राजनीतिक और विभाजनकारी बयान देने का आरोप लगाया गया। इससे पहले भी, गणतंत्र दिवस परेड के दौरान राष्ट्रगान के समय ध्वज को सलामी न देने पर उनकी आलोचना हुई थी। बाद में यह स्पष्ट किया गया कि प्रोटोकॉल के अनुसार, केवल राष्ट्रपति ही सलामी देते हैं और अन्य सभी गणमान्य व्यक्ति केवल सावधान की



मुद्रा में खड़े होते हैं। हालांकि, स्पष्टीकरण के बावजूद यह मुद्दा सोशल मीडिया पर एक विवाद बना रहा। जब तक हामिद अंसारी उपराष्ट्रपति आवास में रहे तब तक वहां पर अनेक लेखकों की किताबों के विमोचन होते रहे। उन्हें लेखकों और विद्वानों से मिलना पसंद था। उन्होंने खुद भी कई किताबें लिखी थीं। वेंकैया नायडू ने 2018 में, राज्य सभा के सभापति के रूप में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए महाभियोग प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। तब विपक्ष ने आरोप लगाया था कि नायडू ने यह निर्णय जल्दबाजी में और सरकार के दबाव में लिया। उनका तर्क था कि प्रस्ताव में पर्याप्त संख्या में सांसदों के हस्ताक्षर थे और इसे स्वीकार कर जांच समिति को भेजा जाना चाहिए था। पर नायडू ने अपने फैसले को यह कहते हुए सही ठहराया कि प्रस्ताव में लगाए गए आरोप 'अस्पष्ट' थे और 'सिद्ध कदाचार' की श्रेणी में नहीं आते थे।

इस फैसले ने न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के बीच संबंधों पर एक तीव्र बहस को जन्म दिया और सभापति की विवेकाधीन शक्तियों को चर्चा के केंद्र में ला दिया। वे बेहद ओजस्वी वक्ता हैं। बहुत खुलकर अपनी बात रखते हैं। उनकी छवि एक 'आंदोलनकारी' की रही। छात्र जीवन में उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की विचारधारा से प्रभावित होकर आपातकालीन संघर्ष में हिस्सा लिया। वे आपातकाल के विरोध में सड़कों पर उतर आए और उन्हें जेल भी जाना पड़ा। वे बेहतरीन मेजबान भी थे। सबसे खूब प्रेम से मिलते-जुलते थे। उपराष्ट्रपति के रूप में भी उनका कार्यकाल शानदार रहा था। वे अपनी बात कहने से कभी पीछे नहीं हटते। वे कभी-कभी किसी सेमिनार में भाग लेते हुए श्रोताओं को कस भी देते हैं जिनकी जुबान चलती रहती थी। अगर इन कुछ उदाहरणों को छोड़ दें तो उप राष्ट्रपति के रूप में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ. जाकिर हुसैन, गोपाल स्वरूप पाठक, आर.वेंकटरमण, शंकर दयाल शर्मा, डॉ. के.आर.नारायणन, कृष्ण कांत, भैरोसिंह शेखावत के कार्यकाल शांति से निकले। अगर देश के पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की बात करें तो उनकी पहल पर ही राजधानी को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) मिला था। डॉ. राधाकृष्णन ने 1958 में देश के तब के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से इच्छा जताई थी कि राजधानी में कोई इस तरह की जगह बन जाए जिधर पढ़ने-लिखने की दुनिया से जुड़े लोग मिल-बैठ करते रहें। उनकी सलाह नेहरू जी को पसंद आ गई।

उन्होंने बिना देर किए शहरी विकास मंत्रालय को निर्देश दिए कि वह एक प्लाट अलाट करे। तब लोधी गार्डन से सटे 4.76 एकड़ का प्लॉट आईआईसी के लिए अलॉट किया गया। इसका प्लाट मिलने के बाद डॉ. राधाकृष्णन ने आईआईसी को खड़ा करने के लिए वित्त मंत्री डॉ. सी.डी. देशमुख, प्रो. एच.एन. कुंजरू, प्रो. हुमायूं कबीर ( जॉर्ज फर्नांडिस के ससुर), दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के डायरेक्टर डॉ. वीके आरवी राव वगैरह को जोड़ा। कृष्णकांत का उपराष्ट्रपति पद पर रहते हुए 27 जुलाई, 2002 को निधन हो गया था। भैंरो सिंह शेखावत के दौर में उपराष्ट्रपति आवास के गेट आम-खास सब के लिए खुले रहते थे। भैरोंसिंह शेखावत 19 अगस्त 2002 से 21 जुलाई 2007 तक देश के उपराष्ट्रपति रहे। शेखावत जी खुद यारबाश और किस्सागो इंसान थे। उनके पास मिलने वालों की भीड़ कभी कम नहीं होती थी। गर्मागर्म चाय पिलाकर वे अतिथियों से विस्तार से वार्तालाप करते थे। गंभीर राजनीति हो या तनाव के लम्हे, शेखावत हास्य के क्षण खोज लेते थे। बहरहाल, जगदीप धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे का असर अभी कुछ दिनों तक और चलने वाला है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती पर विशेष

सुरेन्द्र शर्मा




# स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे चन्द्रशेखर 'आज़ाद'

भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानियों में चन्द्रशेखर आजाद का नाम सदा अग्रणी रहेगा। उनका जन्म 23 जुलाई, 1906 को ग्राम भाबरा (जिला झाबुआ, वर्तमान में जिला आलीराजपुर, मध्य प्रदेश) में हुआ था। उनके पूर्वज गांव बदरका (जिला उन्नाव, उत्तर प्रदेश) के निवासी थे; पर अकाल के कारण इनके पिता सीताराम तिवारी भाबरा में आकर बस गये थे। बचपन से ही चन्द्रशेखर का मन अंग्रेजों के अत्याचार देखकर सुलगता रहता था। किशोरावस्था में वे भागकर अपनी बुआ के पास बनारस आ गये और संस्कृत विद्यापीठ में पढ़ने लगे। बनारस में ही वे पहली बार विदेशी सामान बेचने वाली एक दुकान के सामने धरना देते हुए पकड़े गये। थाने में हुई पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आजाद, पिता का नाम स्वतन्त्रता और घर का पता जेलखाना बताया। इस पर बौखलाकर थानेदार ने इन्हें 15 बेंतों की सजा दी। हर बेंत पर ये 'भारत माता की जय' बोलते थे। तब से ही इनका नाम 'आजाद' प्रचलित हो गया। आगे चलकर आजाद ने सशस्त्र क्रान्ति के माध्यम से देश को आजाद कराने वाले युवकों का एक दल बना लिया।

भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु, बिस्मिल, अशफाक, मन्मथनाथ गुप्त, शचीन्द्रनाथ सान्याल, जयदेव आदि उनके सहयोगी थे। आजाद तथा उनके सहयोगियों ने नौ अगस्त, 1925 को लखनऊ से सहारनपुर जाने वाली रेल को काकोरी स्टेशन के पास रोककर सरकारी खजाना लूट लिया। यह अंग्रेज शासन को खुली चुनौती थी, अतः सरकार ने क्रान्तिकारियों को पकड़ने में पूरी ताकत झोंक दी। पर आजाद को पकड़ना इतना आसान नहीं था। वे वेश बदलकर क्रान्तिकारियों के संगठन में लगे रहे। 17 दिसम्बर, 1928 को इनकी प्रेरणा से ही भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु आदि ने लाहौर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के ठीक सामने सांडर्स को यमलोक पहुंचा दिया। अब तो पुलिस बौखला गयी; पर क्रान्तिवीर अपने काम में लगे रहे। कुछ समय बाद क्रान्तिकारियों ने लाहौर विधानभवन में बम फेंका। यद्यपि उसका उद्देश्य किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं था। बम फेंककर भगतसिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने आत्मसमर्पण कर दिया। उनके वीरतापूर्ण वक्तव्यों से जनता में क्रान्तिकारियों के प्रति फैलाये जा रहे भ्रम दूर हुए। दूसरी ओर अनेक क्रान्तिकारी पकड़े भी गये। उनमें से कुछ पुलिस के अत्याचार न सह पाये और मुखबिरी कर बैठे। इससे क्रान्तिकारी आन्दोलन कमजोर पड़ गया। केन्द्रीय असेंबली में बम चन्द्रशेखर आज़ाद के ही सफल नेतृत्व में भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त ने 8 अप्रैल, 1929 को दिल्ली की केन्द्रीय असेंबली में बम विस्फोट किया। यह विस्फोट अंग्रेज़ सरकार द्वारा बनाए गए काले क़ानूनों के विरोध में किया गया था। आज़ाद को 28 मई 1930 को भगवती चरण वोहरा की बम-परीक्षण में हुई शहादत से भी गहरा आघात लगा था। इसके कारण भगत सिंह को जेल से छुड़ाने की योजना भी खटाई में पड़ गयी थी। भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु की फांसी रुकवाने के लिए आज़ाद ने दुर्गा भाभी को गांधीजी के पास भेजा, जहां से उन्हें कोरा जवाब दे दिया गया था। वह 27 फरवरी, 1931 का दिन था। पुलिस को किसी मुखबिर से समाचार मिला कि आज प्रयाग के अल्फ्रेड पार्क में चन्द्रशेखर आजाद किसी से मिलने वाले हैं। पुलिस ने समय गंवाये बिना पार्क को घेर लिया। आजाद एक पेड़ के नीचे बैठकर अपने साथी की प्रतीक्षा कर रहे थे। जैसे ही उनकी निगाह पुलिस पर पड़ी, वे पिस्तौल निकालकर पेड़ के पीछे छिप गये। कुछ ही देर में दोनों ओर से गोली चलने लगी। इधर चन्द्रशेखर आजाद अकेले थे और उधर कई जवान। जब आजाद की पिस्तौल में एक गोली रह गयी, तो उन्होंने देश की मिट्टी अपने माथे से लगायी और उस अन्तिम गोली को अपनी कनपटी में मार लिया। उनका संकल्प था कि वे आजाद ही जन्मे हैं और मरते दम तक आजाद ही रहेंगे। उन्होंने इस प्रकार अपना संकल्प निभाया और जीते जी पुलिस के हाथ नहीं आए। आजाद के बलिदान की खबर जनता को लगी सारा, प्रयागराज अलफ्रेड पार्क में उमड़ पड़ा। जिस वृक्ष के नीचे आजाद शहीद हुए थे, लोग उस वृक्ष की पूजा करने लगे। वृक्ष के तने के इर्द-गिर्द झण्डियां बांध दी गयीं। लोग उस स्थान की माटी को कपड़ों में शीशियों में भरकर ले जाने लगे। समूचे शहर में आजाद के बलिदान की खबर से जबरदस्त तनाव हो गया। लोग सडकों पर आ गये।अगले दिन आजाद की अस्थियां चुनकर युवकों का एक जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में इतनी ज्यादा भीड़ थी कि प्रयागराज की मुख्य सडकों पर जाम लग गया। ऐसा लग रहा था जैसे प्रयागराज की जनता के रूप में सारा हिन्दुस्तान अपने इस सपूत को अंतिम विदाई देने उमड़ पड़ा हो।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित
## दर्शन

हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है। इसलिए हमें सदैव सही समय और सही जगह पर सही शब्द का प्रयोग करना चाहिए।


# छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
## प्रेरणा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है। अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## शिवभक्तों ने किया जलाभिषेक



**देवघर।** श्रावण महीने के दूसरे सोमवार पर झारखंड के देवघर स्थित भगवान शिव के प्रसिद्ध मंदिर बाबा बैद्यनाथ धाम पर जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए शिवभक्तों और कावड़ियों की भारी भीड़ उमड़ी।

## आज की पाती

### यातायात नियमों के पालन नहीं करने से बढ़ी सड़क दुर्घटनाएं

देश में हररोज सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं हो रहीं है। इन दुर्घटनाओं में अक्सर चालक की मौत हो जाती है। तेज गति से वाहन चलाने से अनियंत्रित होकर गाड़िया डिवाइडर या सामने वाली गाड़ियों से भिड़ जाती है। जिसमें चालक सहित गाड़ी में बैठने वालो की मौत हो जाती है। यातायात नियमों का पालन नही किया जा रहा है। नशे में वाहन चलाने वालों की संख्या में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह चोंकाने वाली बात है कि पढ़ा लिखा शिक्षित वर्ग भी इससे अछूता नही है। नेशनल हाइवे पर तेज गति वाहन चालक अनियंत्रित होकर गाड़िया सड़क के बाहर निकल जाती है या सामने वाले से भिड़ जाती है। उससे घटना स्थल पर मौत हो जाती है। यह दृश्य रोज देखने मिलता है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### लोकतंत्र के प्राण



संसद लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है। विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा ही लोकतंत्र के प्राण हैं। लेकिन विपक्ष ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन नहीं किया और साथ ही देश के करोड़ों किसानों का भी अनादर किया।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### 'ओडीएफ प्लस' आदर्श ग्राम



देश के लगभग 80 प्रतिशत गांवों ने 'ओडीएफ प्लस' आदर्श ग्राम का दर्जा हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता और स्वच्छ गांवों के निर्माण में जमीनी स्तर के शासन की परिवर्तनकारी शक्ति को दर्शाती है।

**-सीआर पाटिल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री**

### छात्रों को लैपटॉप



दिल्ली सरकार ने छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 1,200 छात्र-छात्राओं को सरकार नि:शुल्क लैपटॉप प्रदान करेगी।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### फिल्म ही असली सुपरस्टार



अब समय आ गया है कि बॉलीवुड सितारे अपनी पीआर टीमों के माध्यम से खुद को नंबर 1 या नंबर 2 कहना बंद करें... अब हम स्वीकार करें कि केवल फिल्म ही असली सुपरस्टार है... बॉक्स ऑफिस पर गदर बनाएं क्योंकि यही मायने रखता है।

**-अमीषा पटेल, अभिनेत्री**

## करंट अफेयर

# हार्वर्ड विश्वविद्यालय में गीता गोपीनाथ पुन: देंगी सेवाएं



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में प्रथम उप प्रबंध निदेशक भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने कहा कि वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र की प्रोफेसर के रूप में पुन: सेवाएं देंगी। आईएमएफ के इतिहास में पहली मुख्य महिला अर्थशास्त्री गोपीनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आईएमएफ में लगभग सात अद्भुत वर्षों के बाद मैंने अपनी शैक्षणिक जड़ों की ओर लौटने का फैसला किया है।' गोपीनाथ एक सितंबर को हार्वर्ड के अर्थशास्त्र विभाग में अर्थशास्त्र की प्रथम 'ग्रेगरी और एनिया कॉफी प्रोफेसर' के रूप में फिर से सेवाएं देंगी। उन्होंने कहा कि वह आईएमएफ में बिताए गए समय के लिए 'वाकई आभारी'' हैं। वह आईएमएफ में पहले मुख्य अर्थशास्त्री थीं और फिर उन्होंने प्रथम उप प्रबंध निदेशक के रूप में सेवाएं दीं। उन्होंने कहा कि अभूतपूर्व चुनौतियों के दौर में आईएमएफ के लिए काम करना जीवन में एक बार मिलने वाला मौका है। उन्होंने कहा, 'अब मैं अकादमिक जगत में अपनी जड़ों की ओर लौट रही हूं, जहां मैं वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्त और समष्टि अर्थशास्त्र में अनुसंधान को आगे बढ़ाने तथा अर्थशास्त्रियों की अगली पीढ़ी को प्रशिक्षित करने के लिए तत्पर हूं।'

## ऑफ बीट

# गोआना की त्वचा के नीचे अस्थि प्लेट का पता चला



मॉनिटर लिजर्ड, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया में गोआना भी कहा जाता है, इस महाद्वीप के सबसे अनोखी सरीसृपों में से एक हैं। इनका वंश न केवल उस सामूहिक विलुप्ति से बच गया जिसने डायनासोर को समाप्त किया, बल्कि उससे पृथ्वी पर सबसे बड़ी जीवित छिपकली आईं। लिनियन सोसाइटी की जूलॉजिकल जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में उनकी त्वचा के नीचे की जांच की गई है। त्वचा जीवित रहने के लिए एक आवश्यक अंग है। कुछ जानवरों में, इसमें त्वचा के ऊतकों के बीच धंसी हुई अस्थि प्लेट की एक परत होती है। मगरमच्छों या आर्मडिलो में कवच जैसी प्लेट के बारे में सोचें: ये ऑस्टियोडर्म हैं। इनका आकार सूक्ष्म से लेकर विशाल तक होता है, जिसमें स्टेगोसॉरस की पीठ की प्लेट सबसे प्रभावशाली उदाहरण हैं। हम अभी इन रहस्यमयी संरचनाओं को समझना शुरू ही कर पाए हैं। ऑस्टियोडर्म, यानी त्वचा के नीचे स्थित हड्डी जैसी प्लेट, उन प्राणियों की वंशावलियों में पाई जाती हैं जो लगभग 38 करोड़ वर्ष पहले एक-दूसरे से विभाजित हो गई थीं। इसका मतलब यह है कि ये हड्डीनुमा प्लेट स्वतंत्र रूप से विकसित हुई होंगी- ठीक वैसे ही जैसे सक्रिय उड़ना पक्षियों, प्टेरोसॉर और चमगादड़ों में अलग-अलग रूप में विकसित हुआ था।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

धान उपार्जन केंद्र में भारी लापरवाही के चलते सैकड़ों क्विंटल धान बारिश में भीगकर सड़ गया। ओपन कैप में रखे गए धान की उचित सुरक्षा नहीं की गई, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत बर्बाद हो गई। इस घटना ने वेयरहाउस संचालन और सिविल सप्लाई विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# चन्नौड़ी में वेयर हाउस की लापरवाही से भीगी सैकड़ों बोरी धान

## किसानों की मेहनत हुई बर्बाद, एसडीएम के निर्देश पर जांच शुरू



**शहडोल/चन्नौड़ी।** जिले के चन्नौड़ी स्थित धान उपार्जन केंद्र में सैकड़ों क्विंटल धान पानी में भीगकर खराब हो गई। यह लापरवाही वेयरहाउस संचालन और स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से सामने आई है, जिन्होंने ओपन कैप में रखे गए धान की देखरेख में भारी चूक की। किसानों की महीनों की मेहनत अब सड़ती नजर आ रही है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश और नाराजगी का माहौल बन गया है। इस मामले में एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार चन्नौडी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, जिसमें गड़बड़ियों की पुष्टि हुई। प्राथमिक जांच में सामने आया कि धान उपार्जन केंद्र चन्नौड़ी के प्रभारी कमलेश श्रीवास्तव की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। इतना ही नहीं, केंद्र में नियुक्त निगरानी, चौकीदारी और संरक्षण की जिम्मेदारी जिन कर्मचारियों पर थी, वे भी जिम्मेदारी से चूक गए।




### 54 ओपन कैप में रखी गई थी धान

चन्नौड़ी केंद्र में 54 ओपन कैप बनाए गए थे, जिनमें प्रत्येक में लगभग 3200 बोरी धान रखी गई थी। यह धान किसानों से उपार्जन के बाद रखा गया था, जिसकी सुरक्षा और संरक्षण की जिम्मेदारी स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एसएससीएल) की होती है। शहडोल में एसएससीएल की जिम्मेदारी सुधा रघु के पास है, जिनकी निगरानी में पूरे जिले के वेयरहाउस और ओपन कैप संचालन होते हैं। दुर्भाग्यवश बारिश के दौरान इन ओपन कैप को ठीक ढंग से कवर नहीं किया गया। तिरपाल और प्लास्टिक शीट (पनिया) की व्यवस्था बेहद कमजोर और पुरानी थी, जिससे बारिश का पानी सीधे धान तक पहुंच गया। भीगी बोरी से धान अंकुरित होने लगा और बदबू फैलने लगी, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि धान अब उपयोग लायक नहीं बचा है।



**पुरानी तिरपाल और कवर से हुआ नुकसान**



इस पूरे घटनाक्रम के पीछे 'रुपया बचाने' के फेर में पुरानी तिरपाल और पनियों का इस्तेमाल किया गया। जबकि हर साल शासन द्वारा नई सामग्री खरीदने और उपयोग करने के निर्देश होते हैं, लेकिन यहां पुराने कवर लगाकर खानापूर्ति की गई। परिणामस्वरूप पानी इन कमजोर कवरों से टपककर सीधे धान की बोरियों में घुस गया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि धान की सुरक्षा के लिए जो कर्मचारी और चौकीदार तैनात थे, उन्होंने अपनी ड्यूटी नहीं निभाई। यदि समय पर पानी को हटाया जाता या व्यवस्था ठीक की जाती तो इतना नुकसान नहीं होता।

### प्रशासनिक लीपापोती की कोशिशें शुरू

अब जब मामला मीडिया और अधिकारियों तक पहुंच चुका है, तो जांच के नाम पर फॉर्मल कार्यवाही शुरू कर दी गई है। हालांकि, ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि यह सब केवल मामले को दबाने के लिए किया जा रहा है। क्योंकि जब हजारों क्विंटल धान खराब हो चुका है, तब जांच से क्या फायदा? प्रशासन को पहले ही ऐसे केंद्रों की नियमित निगरानी करनी चाहिए थी। धान का उठाव भी नियमित रूप से होता रहा, ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि वहां कोई अधिकारी या कर्मचारी मौजूद नहीं था। फिर भी यह अनदेखी कैसे हुई, यह बड़ा सवाल है।

### किसानों की मेहनत बर्बाद, शासन पर उठे सवाल

किसानों का दर्द अब सामने आ रहा है। कई महीनों की मेहनत के बाद उन्होंने धान उगाया, शासन ने समर्थन मूल्य पर खरीदा, लेकिन जब वही धान लापरवाही से भीग जाए और सड़ जाए, तो इससे बड़ा अन्याय उनके साथ क्या हो सकता है? एक किसान ने कहा, हमने बारिश, कीट और मौसम से बचाकर जो फसल उगाई, वह अब गोदाम में जाकर खराब हो रही है। यह हमारी मेहनत का अपमान है। कई किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और जिम्मेदारों पर एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही, किसानों को उनके धान का मुआवजा भी दिया जाए, क्योंकि यह नुकसान उनकी गलती से नहीं, सरकारी लापरवाही से हुआ है।

### जिले भर में हो सकती है ऐसी ही स्थिति

यह मामला केवल चन्नौड़ी तक सीमित नहीं है। लगातार हो रही बारिश और पूरे जिले में धान की इसी तरह ओपन कैप में रखाई के कारण, यह आशंका जताई जा रही है कि शहडोल जिले के अन्य उपार्जन केंद्रों में भी धान खराब हो सकती है। प्रशासन को चाहिए कि वह सभी केंद्रों की जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करे, ताकि भविष्य में किसानों को और नुकसान न हो। चन्नौड़ी उपार्जन केंद्र पर हुई यह लापरवाही किसानों की मेहनत और शासन की नीतियों दोनों पर प्रश्नचिन्ह है।

---

जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ, आरोपी जेल में, दोनों को रेफर किया जिला अस्पताल

# रेप पीड़िता नाबालिग ने कीचड़ में दिया कन्या को जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया




परासिया में मंगलवार को एक मार्मिक मामला सामने आया है। जिसमें एक रेप पीड़ति नाबालिग ने कीचड़ में कन्या को जन्म दिया। घटना की जानकारी लगते ही आर्यव्रत वेलफेयर फाउंडेशन के डायरेक्टर संतोष बाथव और हिना शाह ने तत्काल सिविल सर्जन को सूचना दी और जच्चा - बच्चा को ऑटो से अस्पताल ले गए।

मिली जानकारी के अनुसार सेठिया में कार्यरत आशा कार्यकर्ता जयवन्ति इवनाती एक 15 वर्षीय नाबालिग को जांच के लिए परासिया सिविल अस्पताल लाई। जहां डॉक्टर शशि अतुलकर ने नाबालिग गर्भवती की जांच कर सोनोग्राफी कराने की सलाह देकर छिंदवाड़ा अस्पताल जाने को कहा। जिसके बाद आशा कार्यकर्ता गर्भवती को लेकर सेठिया जाने के लिए नगर पालिका के पास पहुंची। सवारी वाहन के इंतजार के दौरान नाबालिग शौच के लिए गई। शौच के दौरान ही उसने एक बच्ची को जन्म दिया और प्रसूता वहीं लेट गई। समीप ही आर्यव्रत वेलफेयर फाउंडेशन का ऑफिस है। जहां से फाउंडेशन के डायरेक्टर संतोष बाथव और उनके स्टॉफ की नजर प्रसूता पर पड़ी वे दौड़ कर प्रसूता के पास पहुंचे। संस्था के महिला स्टॉफ ने प्रसूता को संभाला और श्री बाथव ने सिविल सर्जन को सूचना देने के साथ एम्बुलेंस भेजने का आग्रह भी किया। एम्बुलेंस नहीं आने पर प्रसूता को ऑटो से अस्पताल लेकर पहुंचे। बी एम ओ अंकित सहलाम ने तत्काल डॉक्टर रेणुका सिंह और डॉक्टर शशि अतुलकर को अस्पताल पहुंचने के निर्देश दिए। डॉक्टर अतुलकर ने प्रसूता को आवश्यक उपचार दिया। बच्ची थोड़ी कमजोर होने के चलते उसे मशीन में रखने के लिए जच्चा - बच्चा दोनों को छिंदवाड़ा भेजा गया है।

**आरोपी है जेल में**

नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी जेल में बंद बताया जा रहा है। यह मामला अमरवाड़ा थाने में दर्ज है।


**बच्ची की जिम्मेदारी उठाने को तैयार आर्यावर्त्त संस्था**

आर्यावर्त्त वेलफेयर फाउंडेशन संस्था के डायरेक्टर संतोष बाथव ने कहा कि यदि प्रसूता के परिजनों को नवजात बच्ची के पालन - पोषण को लेकर कोई दिक्कत या परेशानी हो तो उनकी संस्था बच्ची की जिम्मेदारी उठाने को तैयार है।

---

संक्रमण के खतरे से पशु मालिक चिंतित

# सियार के हमले से मर रहे पशु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया वन परिक्षेत्र में बीते कुछ समय से जंगली जानवरों का आतंक ग्रामीणों के लिए चिंता जनक बना हुआ है। कहीं तेंदुआ, कहीं जंगली सूअर तो कहीं सियार के हमले होने की खबरें आ रही है। हाल ही में ग्राम पंचायत धमानिया के ग्रामीणों ने सियार के हमले से उनके पशुओं के मरने, बीमार होने और संक्रमण का खतरा होने की शिकायत पशु और वन अधिकारीयों के साथ - साथ जनपद अध्यक्ष और एस सी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष से की है। ग्रामीण नंदू ग्वालवंशी ने बताया, कि दो माह से उनके ग्राम धमानिया में सियार (लोमड़ी) के द्वारा गांव में आकर उनके पशुओं को शिकार बनाया जा रहा है। उचित उपचार नहीं होने के चलते उनके पशु बीमार होकर मर रहे हैं। इस मामले में पशु चिकित्सकों और वन विभाग के लोगों को कई बार बताया गया, लेकिन किसी ने कोई सुध नहीं ली। जिन पशुओं को सियार काट रहे हैं वे बीमार पड़ रहे हैं। लंबे समय तक पशुओं के बीमार रहने के चलते गांव में संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है। इस मामले में जनपद अध्यक्ष आशा आम्रवंशी और एस सी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अशोक आम्रवंशी से सहयोग मांगा गया है, उन्होंने अधिकारीयों से बात कर समस्या का समाधान कराने की बात कही है।

---

# रेलवे की जनरल टिकट खिड़की पर कर्मचारियों की अभद्र भाषा शैली से यात्री परेशान

**सतना।** रेलवे स्टेशन पर जनरल टिकट खिड़की पर कार्यरत कर्मचारियों की अभद्र भाषा शैली और अप्रिय व्यवहार से यात्री भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। यात्रियों का आरोप है कि टिकट लेने के दौरान उनसे कर्मचारियों द्वारा ठीक से बात नहीं की जाती और कई बार तो अपशब्दों का भी प्रयोग किया जाता है,जिससे उन्हें मानसिक उत्पीड़न झेलना पड़ता है। पिछले कुछ समय से यह शिकायतें लगातार बढ़ती जा रही हैं।यात्रियों का कहना है कि टिकट काउंटर पर कर्मचारियों का रवैया बेहद रूखा होता है। छोटे से सवाल पर भी वे झुंझला जाते हैं और ठीक से जवाब नहीं देते।कई बार तो यह भी देखने को मिला है कि बुजुर्ग यात्रियों या महिलाओं के साथ भी उनका व्यवहार सम्मानजनक नहीं होता,जिससे यात्री असहज महसूस करते हैं। एक नियमित यात्री रमेश चंद्र द्विवेदी ने बताया,मैं अक्सर सतना से यात्रा करता हूँ,लेकिन जनरल टिकट खिड़की पर हर बार एक नया अनुभव होता है। कर्मचारी बात-बात पर गुस्सा हो जाते हैं।

---

# 90 लाख की धोखाधड़ी करने वाली रीना रघुवंशी पुलिस के गिरफ्त में



**छिंदवाड़ा। पुलिस ने 90 लाख रुपये की धोखाधड़ी और अदालत को गुमराह करने के मामले में साध्वी लक्ष्मी दास (असली नाम रीना रघुवंशी) को गिरफ्तार कर लिया है।** वह होशंगाबाद जिले के शिवपुर थाना क्षेत्र के चंद्रकलां गांव में धार्मिक अनुष्ठान करा रही थी, तभी पुलिस ने उसे घेर लिया। हालांकि, जब उसे पुलिस के आने की भनक लगी तो वह चुपके से भाग गई, बाद में पुलिस ने उसे नाव से जाकर दबोच लिया। साध्वी लक्ष्मी दास पर आरोप है कि उसने छिंदवाड़ा जिले के चांद क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध रामजानकी मंदिर के पूर्व महंत स्व. कनक बिहारी दास के बैंक खाते से 90 लाख रुपये निकाल लिए। इस मामले में साध्वी के पीए मनीष सोनी सागर निवासी अभी भी फरार है, और पुलिस को उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। साध्वी ने मनीष सोनी के बैंक खाते में 50 लाख रुपये ट्रांसफर किए थे।

**गिरफ्तारी की वजह:** साध्वी की अग्रिम जमानत याचिका मध्य प्रदेश हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों में खारिज हो गई थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि साध्वी और उनके भाई ने जानबूझकर अदालत से तथ्य छिपाए और उसे गुमराह करने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वह होशंगाबाद के शिवपुर थाना क्षेत्र के चंद्रकलां गांव के समीप है, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

**अगली कार्रवाई:** पुलिस साध्वी को छिंदवाड़ा लेकर गई है, जहां पूछताछ के बाद उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस अभी तक मनीष सोनी का कोई सुराग नहीं लगा पाई है और उसकी तलाश जारी है।

---

# पढ़-लिखकर पत्नी ने छोड़ा पति का साथ

## पति ने कहा- बदसूरत बताकर दे रही जान से मारने की धमकी



छतरपुर।

**शहर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर पढ़-लिखकर साथ छोडऩे और बदसूरत बताकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।**

ग्राम भगवंतपुरा निवासी विनोद अहिरवार ने बताया कि उसकी शादी जून 2023 में गोमती अहिरवार से हुई थी, जो उस समय 12वीं तक पढ़ी थी। विनोद ने कड़ी मेहनत कर अपनी पत्नी को आगे पढ़ाया-लिखाया, लेकिन अब गोमती पढ़-लिख जाने के बाद उसके साथ नहीं रहना चाहती। गोमती का कहना है कि विनोद सुंदर नहीं हैं, इसलिए वह उसके साथ नहीं रहेगी। विनोद ने बताया कि काफी समय से वह मायके में रह रही है और ससुराल वापिस आने को तैयार नहीं है। विनोद ने यह भी आरोप लगाया है कि गोमती उसे बदसूरत बताते हुए जान से मारने की धमकी भी दे रही है। विनोद ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की मांग की है।

---

# कान्हीवाड़ा में स्मार्ट मीटर के नाम पर लूट!

## ग्रामीण जनता बिजली बिलों से त्रस्त, आंदोलन की चेतावनी

**कान्हीवाड़ा विधुत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम काँहीवाड़ा, छुई, उमरिया, चुटका, कटिया, कामता सहित दर्जनों ग्रामीण इलाकों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं पर बिजली बिल का ऐसा बोझ पड़ा है, जिसने उनकी आर्थिक कमर तोड़कर रख दी है। ग्रामीणों में बढ़ता गुस्सा अब उबाल पर है, और जन आंदोलन की चेतावनी दी जा चुकी है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




बिजली बिल के नाम पर अब आम जनता का खून चूसा जा रहा है, यह कहना है उन ग्रामीणों का, जो पहले 300-500 तक का बिल भरते थे, और अब 500 से 2500 तक के बिल से हैरान-परेशान हैं।

### स्मार्ट मीटर: पारदर्शिता का वादा, परेशानी की सच्चाई

सरकार द्वारा प्रचारित किया गया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को सटीक और पारदर्शी बिलिंग देंगे, लेकिन ज़मीनी हकीकत इसके उलट है। बिजली की खपत में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं होने के बावजूद ग्रामीणों के बिल कई गुना तक बढ़ गए हैं।

### बिल नहीं चुकाया, तो कनेक्शन काट, फिर वसूला गया जुर्माना

ग्रामीणों का कहना है कि समय पर बिल जमा न कर पाने पर विद्युत विभाग बिना किसी नोटिस या सूचना के कनेक्शन काट देता है। और जब उपभोक्ता कनेक्शन दोबारा जोड़वाने जाते हैं, तो उनसे अतिरिक्त चार्ज लिया जाता है। यह वसूली ग्रामीणों के अनुसार अनुचित और अन्यायपूर्ण है।

### ग्रामीणों का आक्रोश: अब और नहीं सहेंगे!

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर यह अत्याचार नहीं रुका तो वे मजबूर होकर सड़कों पर उतरेंगे। हम मजदूरी करके अपने घर चलाते हैं, ऐसे में यह भारी-भरकम बिजली बिल हमारी रोज़ी-रोटी छीन रहा है। अगर जल्दी कोई समाधान नहीं निकाला गया, तो हम चुप नहीं बैठेंगे। एक ग्रामीण ने नाराजगी जताते हुए कहा।

### ग्राम प्रतिनिधियों ने भी जताई गहरी नाराजगी

इस मुद्दे पर ग्राम पंचायत काँहीवाड़ा के प्रतिनिधियों ने भी सख्त रुख अपनाया है। पूर्व जिला अध्यक्ष (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी) गया प्रसाद कुमरे, काँहीवाड़ा उपसरपंच अब्दुल माजिद शहज़ादे, पंच सचेद्र उइके, और रोहित वरसेकर सहित आस पास की ग्राम पंचायतो के सरपंच सहित ग्रामवासियों ने भी एक सुर में कहा कि: यह स्मार्ट मीटर नहीं, स्मार्ट लूट है। गरीबों का खून चूसा जा रहा है। आने वाले दिनों में यह आक्रोश एक विशाल जन आंदोलन में तब्दील होगा और इसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

---

मामला आदिवासी महिला की ग्राम खापा की भूमि

# आदिवासी महिला का डुप्लीकेट आधार कार्ड बनाने के आरोप में 2 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

आदिवासी महिला की भूमि को कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बिक्री करने के मामले में वारासिवनी पुलिस ने 2 और व्यक्तियों को गिरफ्तार किया हैं। जिसमें वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 1 मिश्रा नगर निवासी विवेक पिता दिलीप पटले 28 वर्ष और लालबर्रा बोरी निवासी तोरीक रजा शामिल हैं। इस प्रकार अब इस मामले में 7 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी हैं। लेकिन अभी भी इस मामले में प्रशासन से जुड़े हुए अधिकारियों और कर्मचारियों पर पुलिस की दृष्टि नहीं पड़ी हैं। जॉच अधिकारी पवन यादव ने बताया कि आदिवासी महिला का डुप्लीकेट आधार कार्ड बनाने के मामले में विवेक पटेल व तोरिक रजा को गिरफ्तार किया गया हैं। इन दोनों के माध्यम से आरोपियों द्वारा आदिवासी महिला देवकी बाई का डुप्लीकेट आधार कार्ड बनवाया गया था। जिसके आधार पर जमीन की खरीदी बिक्री की गई हैं। इस मामले में अभी भी जॉच जारी है। जॉच में जो भी तथ्य सामने आयेगे, उनके अनुसार कार्यवाही की जायेगी। दोनों आरोपियों को कल न्यायालय में पेश किया जायेगा। विदित हो कि ग्राम पंचायत खापा निवासी देवकी बाई पिता कुंजीलाल कुमरे की भूमि थी। लेकिन देवकी बाई पिछले कई वर्षो से अपने पति के साथ जबलपुर में रह रही थी। इसीलिए ग्राम के कुछ लोगों द्वारा उसकी जमीन पर अपनी निगाहें गड़ा दी गई और फिर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर वर्ष 2023 में जमीन की खरीदी-बिक्री कर दी गई।



इस बात की जानकारी देवकी बाई को कुछ माह पूर्व लगने पर उसने इसकी लिखित शिकायत पुलिस थाना वारासिवनी में की थी। जिसकी जॉच उपरांत वारासिवनी पुलिस ने पहले तो 5 आरोपियों विक्रेता कमला बाई पति जीवन उइके 58 वर्ष झालीवाड़ा, क्रेता ममता उर्फ मुनिता पति मनोज मेश्राम 40 वर्ष खापा, इस फर्जी सौदे में गवाह के रुप में हस्ताक्षर करने वाले मनोज पिता राघोदास मेश्राम 53 वर्ष खापा, विकास मेहतलाल गौतम 29 वर्ष खापा और स्वरूप पिता दशरथ टेंभरे झालीवाड़ा को आरोपी बनाया था। जिसमें से स्वरुप पिता दशरथ टेंभरे फरार हैं और बाकी 4 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका हैं। लेकिन इस पूरे मामले में पुलिस ने अभी पटवारी, सर्विस प्रोवाईडर व पंजीयन कार्यालय के अधिकारियों- कर्मचारियों की मिलीभगत की जॉच पूरी तरह से नहीं की हैं।

## महाकौशल विश्वविद्यालय और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बीच हुआ समझौता

**जबलपुर।** उड्डयन क्षेत्र में प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में महाकौशल विश्वविद्यालय, जबलपुर और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। प्रशिक्षण योजना के तहत विद्यार्थियों के बैच तैयार कर विमानपतन प्राधिकरण को भेजे जाएंगे, जहा विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान छात्रों को आवास, भोजन, अध्ययन सामग्री, और हवाई अड्डों का प्रायोगिक ज्ञान जैसी व्यापक सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। महाकौशल विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों ने इस साझेदारी को उड्डयन उद्योग और शैक्षणिक जगत के बीच सेतु₹ बताते हुए कहा कि विमानपत्तन प्राधिकरण के विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विद्यार्थी वास्तविक कार्य-परिवेश का अनुभव प्राप्त करेंगे। विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों ने इस सहयोग को ₹भारत के बढ़ते उड्डयन क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल पेशेवर तैयार करने की दिशा में मील का पत्थर₹ बताया। यह समझौता विमानन छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने तथा देश के हवाई अड्डों के लिए प्रशिक्षित कार्यबल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## कलचुरी महासभा करेगी शिक्षकों और मेधावी बच्चों का सम्मान

**जबलपुर।** विगत रविवार को कलचुरी महासभा की बैठक का आयोजन मनोहर चौकसे की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में 7 सितंबर को सम्मान समारोह का आयोजन किया जायगा। महासचिव बीडी राय के द्वारा बताया गया कि समाज के शिक्षकों के अलावा कक्षा 8 वीं,10 वीं,12 वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर पर समाज के जिन छात्र, छात्राओं ने 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित किए हैं,उन्हें सम्मानित किया जायेगा। महासचिव के द्वारा यह भी बताया गया की जो सामाजिक बंधु सरकारी सेवा से वर्ष 24-25 में सेवा निवृत हुए हैं एवम जिन्होंने किसी क्षेत्र में विशिष्ट कार्य किया है,उन्हें भी सम्मानित किया जायेगा। स्वजातीय बंधु सम्मान हेतु अपने नाम कलचुरी महासभा के पदाधिकारियों को भेजें। बैठक में डॉ व्ही के गुप्ता, मिथलेश चौकसे, के एस राय, देवेंद्र चौकसे, रवींद्र चौकसे, राजेंद्र राय, श्रीचंद चौकसे, एस पी राय, राम प्रकाश चौकसे, राजीव चौकसे, कौशलेंद्र महाजन, संदीप चौकसे, संजय महाजन,संजय शिवहरे, राकेश चौकसे एस एन एस राय, कौशलेन्द्र महाजन, सी पी मालवीय, राजेन्द्र मालवीय आदि उपस्थित रहे।

### स्कूल, कॉलेज, बाजार, घाट और बस्तियों में पहुंचा नशा मुक्ति का संदेश

# नशे से दूरी, है जरूरी अभियान जबलपुर में जनजागरूकता की लहर



**हरिभूमि, जबलपुर।**

मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देश पर ''नशे से दूरी, है जरूरी'' अभियान चलाया जा रहा है। जिले में पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में यह अभियान जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आज पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने नशा मुक्ति की शपथ ली। एएसपी सिटी आनंद कलादगी के नेतृत्व में मालगोदाम चौक पर मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया गया। थाना बेलबाग क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं पूर्व कप्तान मधु यादव की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। थाना कटंगी में वाहन चेकिंग के दौरान नशे के दुष्प्रभाव बताए गए और संदेश से जुड़े वीडियो दिखाए गए।

### नुक्कड़ सभाएं, संवाद के माध्यम से दिलाया संकल्प

ग्वारीघाट, सिहोरा, खमरिया, संजीवनी नगर, तिलवारा और कैंट क्षेत्र में नुक्कड़ सभाएं, संवाद, पंपलेट वितरण, शपथ और रैलियों के माध्यम से नागरिकों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया।

### स्कूलों और कॉलेजों में भी जारी

नगर निगम स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को नशे की लत से होने वाली मानसिक, सामाजिक और आर्थिक क्षति के बारे में जानकारी दी गई। कप्तान द्वारा रवाना किया गया जागरूकता रथ शहरभर में घूमकर लोगों को जागरूक कर रहा है।



## पूरे श्रावण माह में होगा महारुद्राभिषेक अनुष्ठान

**जबलपुर।** स्व. सेठ बालकृष्णदासजी मालपाणी द्वारा स्थापित परंपरा अनुसार इस वर्ष भी श्रावण मास में शिव महारुद्राभिषेक अनुष्ठान उनके पुत्र प्रवीण मालपाणी द्वारा हनुमानताल बखरी निज निवास में ग्यारह वैदिक आचार्यों द्वारा 11 जुलाई से 9 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह साढ़े दस बजे से बारह बजे तक एक माह (पूरे श्रावण माह) की अवधि के दौरान संपन्न कराया जा रहा है। जिसमें पंडित श्यामसुन्दर चौबे, जगदम्बा प्रसाद मिश्रा, संजय गर्ग, नरेंद्र गर्ग, रामसुंदर गौतम, नीरज गर्ग, कमलेश तिवारी, सीताराम शुक्ला, नरेश तिवारी, विनायक मिश्रा, महेंद्र मिश्रा, निखिल मिश्रा द्वारा सामूहिक पाठ किया जा रहा है। शिव भक्तो एवं हिन्दू धर्मावलम्बियों से दर्शन लाभ लेने की अपील आयोजकों ने की है।




## अभी तक महानगरों तक ही सीमित थीं अपोलो हॉस्पिटल जैसी सुविधाएं

**संवाद कार्यक्रम में बोले केसरवानी समाज के पदाधिकारी**

**जबलपुर।** केसरवानी समाज के लोगों ने अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल की उपलब्ध सुविधाओं, महानगरों से आए डॉक्टरों की उपस्थिति और नई तकनीकों से जुड़ी मशीनों की उपलब्धता की सराहना की।अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में आयोजित संवाद कार्यक्रम में समारोह की राष्ट्रीय संरक्षक श्रीमती निधि गुप्ता ने कहा कि जबलपुर में अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल में जो उच्च स्तरीय सुविधाएँ, तकनीक और डॉक्टर उपलब्ध हैं, उन्होंने पहले कभी महाकौशल में नहीं देखी थी। उन्होंने कहा कि "इतनी अच्छी सुविधाएँ हमने अब तक सिर्फ महानगरों में देखी थीं। अगर अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल की सुविधाओं का उपयोग हर कोई करे, तो परिवार का प्रत्येक सदस्य स्वस्थ और सुरक्षित रह सकता है।" कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्लोबल ग्रुप के चेयरमैन श्री सौरभ बड़ेरिया ने अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल में उपलब्ध महानगरों के डॉक्टरों, आधुनिक तकनीकी मशीनों और मरीजों की सुरक्षा के लिए किए जा रहे सावधानियों का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि अगले तीन से छह महीनों में यहाँ किडनी, लीवर और बोन मैरो सहित कई अंग प्रत्यारोपण (ऑर्गन ट्रांसप्लांट) की सुविधा शुरू की जाएगी।केसरवानी समाज के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के सत्कार से हुआ। ग्लोबल ग्रुप के चेयरमैन श्री सौरभ बड़ेरिया ने केसरवानी समाज के अध्यक्ष राकेश गोरे, संरक्षक वीरेन्द्र केसरवानी, उपाध्यक्ष सुरेश केसरवानी, कार्यक्रम सूत्रधार राजू केसरवानी, संगठन मंत्री राजकुमार केसरवानी, धनीराम केसरवानी, राष्ट्रीय मंत्री विजय गुप्ता, महिला विंग अध्यक्ष अनीता केसरवानी और राष्ट्रीय संरक्षक निधि गुप्ता का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। कार्यक्रम को सीएसआर डायरेक्टर डॉ. सुनील मिश्रा ने संचालित किया।

## नैमिषारण्य में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य व भावपूर्ण समापन

**जबलपुर।** पवित्र तीर्थ क्षेत्र नैमिषारण्य, जिसे सतयुग की नगरी और 88,000 ऋषि-मुनियों की तपोभूमि के रूप में जाना जाता है, में वेदव्यास धाम में 15 जुलाई से 22 जुलाई 2025 तक श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया गया। यह पवित्र तीर्थ, जहां भगवान वेदव्यास ने 18 पुराणों और महाभारत की रचना की थी, अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा और चक्रतीर्थ, ललिता देवी मंदिर, दधिचि कुंड, सूत गद्दी जैसे पवित्र स्थलों के लिए विख्यात है। यहाँ गंगा, सरस्वती और यमुना के संगम जैसी पवित्र नदियों का प्रभाव भी इसे और अधिक महिमामय बनाता है। व्यास पीठ पर विराजित श्री वेंकटेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने अपने ओजस्वी और भक्तिमय वाणी से कथा का श्रवण कराकर भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम की लीलाओं का अमृत रसपान कराया। कथा के प्रथम दिन भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू हुई इस सप्ताहिक कथा में देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे वैष्णव परिवारों और भक्तों ने



उत्साहपूर्वक भाग लिया। कथा के दूसरे चरण में चौथे, पांचवें और छठवें दिन भगवान के वामन अवतार प्रह्लाद चरित्र नृसिंह अवतारश्री राम जन्मोत्सव श्री कृष्ण जन्मोत्सव गोवर्धन लीलागोपी गीत कंस वध और रुक्मिणी विवाह का भावपूर्ण और विस्तृत वर्णन हुआ। सातवें दिन सुदामा चरित्र और एकादश स्कंध की कथा के पश्चात हवन, पूजन, आरती और प्रसादी वितरण के साथ 22 जुलाई को कथा का भव्य समापन हुआ। नैमिषारण्य का आध्यात्मिक महत्व नैमिषारण्य वह पवित्र स्थल है, जहां भगवान विष्णु के चक्र से चक्रतीर्थ की उत्पत्ति हुई। यह तीर्थ क्षेत्र भक्तों के लिए मोक्षदायिनी भूमि माना जाता है। इस आयोजन के मुख्य यजमान डॉक्टर पुरुषोत्तम तिवारी पुरुषोत्तम जी तिवारी संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी और श्रीमती अर्चना तिवारी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी जबलपुर वैष्णव मंडल शोभापुर जिला नर्मदापुरम के श्री जगमोहन जी गट्टानी और श्री पुरुषोत्तम जी लड्ढा के साथ उनके मंडल के सभी सहयोगियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। मंच संचालन श्री भरत काबरा छिंदवाड़ा द्वारा किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से पधारे 200 से अधिक वैष्णव परिवारों ने भक्ति गीतों और संगीतमय भजनों के साथ कथा का रसपान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूज्य श्री वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज की ओजस्वी वाणी और भक्ति भाव से परिपूर्ण प्रस्तुति ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नैमिषारण्य की इस पावन भूमि पर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण भक्तों के लिए जीवन को परम सत्य और भक्ति की ओर ले जाने वाला एक अविस्मरणीय अनुभव रहा।



### किसानों ने सौंपा कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन

**बरेला।** क्षेत्र में विद्युत समस्या से परेशान हो रहे किसान एवं आमजन की समस्याओं को लेकर भारत कृषक समाज के तत्वाधान में विद्युत मंडल बरेला के कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंप कर मांग की गई की बरेला परीक्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती से आमजन एवं किसान परेशान हो रहे हैं यहां तक की खेतों में तार झूल रहे हैं खम्बा क्षतिग्रस्त स्थिति में लगे हुए हैं जगह-जगह केविल खराब स्थिति में लगी हुई है। कनिष्ठ अभियंता ने अभिलंब ही तार केविल खम्बा आदि का सुधार कार्य करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर भारत कृषक समाज के बरेला ब्लॉक संयोजक योगेश पटेल, विपिन पटेल, सुरेंद्र चौकसे, चिंटू यादव, दीनदयाल पटेल, सतीश चौकसे, लोटन पटेल सहित क्षेत्र के अनेक कृषक उपस्थित थे।

## मध्य प्रदेश गृह निर्माण निवासी समिति ने जन समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया

**जबलपुर।** भूकंप कॉलोनी परसवाड़ा रूद्राक्ष पार्क गंगानगर, जबलपुर तक संपूर्ण क्षेत्र अव्यवस्थाओं से ग्रसित है जिसकी शिकायत लगातार क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा अपने जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के समक्ष की जा रही है भूकंप कॉलोनी में अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई की गई जिसका मलमा नहीं उठाया गया फल स्वरुप इस पूरे महीने भारी बरसात के चलते भूकंप कॉलोनी में जल प्लावन की भयंकर समस्या बनी हुई है बल्कि बरसात न होने के बावजूद भी पूरे सड़कों पर पानी और कीचड़ से सड़के लबालब



रहती है। जिस कारण आम जनता में भारी आक्रोश है नालियां चौक है सफाई कर्मचारी नहीं पहुंच रहे इसलिए विगत दिवस नगर निगम संभागीय कार्यालय गढ़ा बाजार,जबलपुर में ज्ञापन दिया गया जिसमें सरदार बलराज सिंह, पूनमचंद मिश्रा,रोहित खरे, बाबा भाई, राहुल सिंह,जसराज सिंह, यश पाराशर, शुभम साहू, मुन्नालाल दुबे, नारायण भट्ट एवं अनेक क्षेत्रीय रहवासी उपस्थित थे।



## हैंडलूम और हैंडिक्राफ्ट मेले में देखने को मिल रही देशभर से पहुंचे बुनकरों की कलाकारी

**गुजरात, लखनऊ से लेकर मप्र के पारंपरिक वस्त्र कर रहे आकर्षित**

**जबलपुर।**

हैंडलूम और हैंडिक्राफ्ट एग्जीबिशन हैंडलूम एक्सपो 2025 का आयोजन शहीद स्मारक गोलबाजार में किया गया है। इसमें 70 से 80 बुनकर व कलाकार देश भर से पहुंचे हैं। यहां आकर्षक कॉटन व सिल्क साड़ियां, ड्रेसमटेरियल, दुपट्टा, कुर्ती, बैडशीट आदि एक ही छत के नीचे मौजूद हैं। साड़ियों में कम से कम 30 से 35 प्रकार की विभिन्न राज्यों की हैंडमेड साड़ियां एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं। भागलपुरी टसर, कोसा सिल्क साड़ी, बिहार का खादी शर्ट और सिल्क साड़ी, लखनऊ की चिकन ड्रेस मटेरियल, मप्र की चंदेरी और माहेश्वरी, गुजरात की बांधनी साड़ी और कच्छ एम्ब्रॉयडरी जैसी खूबियों से सजे वस्त्र यहां सभी को आकर्षित कर रहे हैं। जयपुरी बैडशीट्स भी काफी पसंद की जा रहीं हैं। मेले के आयोजक सौरभ अग्रवाल व मेला प्रबंधक नरेंद्र पटले ने बताया कि सावन माह के व्रत ,रक्षाबंधन और त्योहारों को देखते हुए 17 अगस्त तक चलने वाले इस मेले में शुरुआत से ही लोगों का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने मिला है। मेले में सुबह 11 से रात्रि 9. 30 बजे तक प्रवेश निः शुल्क है पार्किंग निःशुल्क है। एक्सपो में 500 रुपए की कीमत से लेकर करीब 23 हजार तक की ट्रेडिशनल साड़ियां मिल रहीं हैं।



## भगवान महादेव जैसा परमार्थी कोई दूसरा नहीं : नरसिंह देवाचार्य

**जबलपुर।** भगवान महादेव जैसा परमार्थी और वैरागी कोई दूसरा देव नहीं है। भगवान शिव की करुणा तो देखिए, एक भक्त की पुकार पर माँ गंगा के अति तीव्र वेग को भी सहर्ष अपने मस्तक पर सह लेते हैं। गंगा को जटाओं में धारण करते हैं पर बाद में लोक कल्याण की भावना से मुक्त भी कर देते हैं। दुनिया का नियम यह है, कि यहाँ पर प्रत्येक आदमी दूसरों से पाना तो बहुत कुछ चाहता है, लेकिन बाँटना नहीं चाहता। उक्त उद्गार नरसिंह मंदिर मे चल रहे श्रावण महोत्सव पर डॉ.स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज ने नर्मदेश्वर महादेव के रूद्राभिषेक, षोडशोपचार पूजन अर्चन आरती के बाद व्यक्त किए। इस अवसर पर सतीश मिश्र, एस बी मिश्रा, लालमन मिश्र, कामता शास्त्री ,रामफल शास्त्री, ब्रम्हचारी हिमांशु .प्रियांशु पवन आदि उपस्थित रहे।

## खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को भी प्रोत्साहित करने योजना की मांग

**जबलपुर।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग उठाई है कि कृषक भाइयों के उत्पादित खाद्यान्न का उचित मूल्य प्राप्त करने हेतु खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना प्रमुख बिंदु है। इस दिशा में उद्योगों के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में अपनी इकाईयां स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जिससे गांव-गांव तक छोटे एवं मझोले उद्योगों की स्थापना को बल मिलेगा। साथ ही स्थापित उत्पादित खाद्यानों का मूल्य संवर्धन के परिपेक्ष्य में कृषकों को उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा। चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज जैन गढ़ावाल, मानसेवी मंत्री अखिल मिश्र, कोषाध्यक्ष हेमराज अग्रवाल, सहमंत्री गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, समन्वयक राजेश चण्डोक, संगठन मंत्री अनिल जैन पाली, संयोजन मंत्री समीर पाल ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना हेतु योजना निर्धारण की मांग की है।

## शहर के जुजित्सु खिलाड़ियों ने जीते पदक

**जबलपुर।**

मध्यप्रदेश जुजित्सु संघ द्वारा 11वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय जुजित्सु प्रतियोगिता 2025 का आयोजन विंग्स क्लब भोपाल में 18 से 20 जुलाई तक किया गया, जिसमें जबलपुर टीम दल के 25 खिलाड़ी ने नेवाजा एवं फाइटिंग सिस्टम इवेंट में अपने-अपने आयु एवं वजन वर्ग में प्रतिद्वंद्वियों को हराकर 16 स्वर्ण, 10 रजत, 13 कांस्य पदक अर्जित किए। पदक विजेता खिलाड़ियों के नगर आगमन पर मानव क्रीड़ा एवं



कला एकेडमी ऑफ इंडिया एवं जुजित्सु संघ जबलपुर द्वारा खिलाड़ियों को पदक पहनाकर उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग जबलपुर खेल अधिकारी आशीष पांडे, रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी संचालक उत्कर्ष गुप्ता, दिव्या बाजपेई , प्राचार्या तियाशा जैनिट वॉर्नर, विशाल कुमार, वैभव जोशुवा, विजय पांडे, पवन कनौजिया ने शुभकामनाएं दी। पदक विजेता खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय राजकुमार यादव को दिया।

# तालाब के बीच में और किनारे तन गए मकान

### गोकलपुर तालाब की पुराई व अतिक्रमणों को हटाया जाए

**उपभोक्ता मंच ने कलेक्टर को की शिकायत**

**जबलपुर।** गोकलपुर तालाब का सीमांकन किया जाए, सैटेलाइट मैपिंग करने के बाद इस तालाब में हो रही पुराई तथा अतिक्रमणों को चिन्हित किया जाए, अतिक्रमणों को हटाकर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

इस मांग को लेकर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ.पीजी नाजपांडे तथा डीआर लखेरा ने कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज कर निवेदन किया कि कलेक्टर न्यायालय में तालाब के संबंध में जारी प्रकरण क्रमांक 0095/बी-121/2025-26 में इसे शामिल कर रांझी एसडीएम को कार्रवाई हेतु निर्देश जारी किया गया।

उल्लेखनीय है कि डॉ.पीजी नाजपांडे तथा डीआर लखेरा ने गंगासागर तालाब में हो रही पुराई तथा अतिक्रमणों की शिकायत 7 जुलाई को कलेक्टर न्यायालय में की थी। जिसे कलेक्टर ने प्रकरण दर्ज कर गंगासागर तालाब के संबंध में की गई कार्रवाई बावत रिपोर्ट मांगी है। अतः इसी प्रकरण में गोकलपुर तालाब का मामला भी जोड़ा जाए। इस संबंध में 28 जुलाई को सुनवाई होने की संभावना है।

शिकायत में कहा है 300 एकड़ से भी अधिक क्षेत्रफल में फैले गोकलपुर तालाब पर इस कदर पुराई की गई है कि अतिक्रमण करने वालों ने तालाब के बीच में ही मकान बना लिया, तालाब के किनारे पहाड़ों पर मकाने बन गई।

### अधारताल तालाब के पास गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन क्यों

आज की गई शिकायत में कलेक्टर को बताया गया कि अधारताल तालाब के सीमा के भीतर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन बनाना तकनीकी एवं पर्यावरण दृष्टि से गलत है। इसे वाटर बॉडी के पास नहीं होना चाहिए। अतः इसे हटाने के निर्देश जारी हो।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **MIRA DEVI** is legally Mother of No **15700392X** Rank **HAV** Name **RAVINDRA KUMAR** presently, residing at **VILL-BASUDEOPUR, PO- BASUDEOPUR, TEH-MUNGER, DISTT- MUNGER (BIHAR)-811202** I, have changed of my name and date of birth from name **MEERA DEVI** and date of birth **01/07/1962** (Name and date of birth as per my **SON,** Army service records)) to name **MIRA DEVI** and date of birth **07/08/1965** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD**) vide affidavit dated **22/07/2025** formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)

**CORRECT NAME-MIRA DEVI**
**INCORRECT NAME-MEERA DEVI**
**CORRECT DATE OF BIRTH-07/08/1965**
**INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1962**

# अब पुरानी गाड़ी बेचना भी महंगा सौदा, हर बार नाम ट्रांसफर पर लगेगी फीस, देना होगा आधा से एक फीसदी शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में अब पुरानी गाड़ियां बेचना भी गाड़ी मालिकों के लिए महंगा सौदा बनने जा रहा है। दरअसल, सरकार ने अब ये नियम बना लिया है कि किसी भी गाड़ी की बिक्री पर होने वाले नाम ट्रांसफर पर गैर परिवहन यान के लिए पंजीयन के समय वाहन के मूल्य की एक प्रतिशत राशि देनी होगी। परिवहन यान (माल वाहकों) के लिए यही शुल्क आधा प्रतिशत लगेगा।





- पंजीयन के समय गाड़ी की कीमत की एक प्रतिशत राशि लगेगी
- एक गाड़ी जितनी बार बिकेगी, सरकार को पैसा देकर जाएगी

## कंस्ट्रक्शन संबंधी वाहन का टैक्स लगेगा लाइफटाइम

इसी संशोधन के तहत कंस्ट्रक्शन इक्युपमेंट श्रेणी के वाहनों की टैक्स व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसके तहत इन वाहनों से मासिक या त्रैमासिक टैक्स लिया जाता था, इसकी जगह अब गाड़ी के पंजीयन के समय ही लाइफटाइम टैक्स देना पड़ेगा। यही नहीं अगर इस प्रकार के वाहनों के मालिकाना हक बदला गया या बेचा गया तो एक बार फिर मानक पंजीयन मूल्य का आधा प्रतिशत के बराबर शुल्क मालिक को अदा करना पड़ेगा।इस तरह के वाहनों या इक्युमेंट के लिए सरकार ने नई परिभाषा भी तय की है। इसमें लोडर, डंपर, मोबाइल क्रेन, बेकहो लोडर, का काम करने वाले वाहन और इसी तरह के कंस्ट्रक्शन के काम से जुड़े उपकरणों, मशीनों पर भी यह नियम लागू होगा।

## गाड़ी जितनी बार बिकेगी सरकार को मिलेगा पैसा

राज्य सरकार द्वारा वाहनों के अंतरण (ट्रांसफर) के लिए जो शुल्क लगाया जा रहा है उसके विश्लेषण से ये बात सामने आ रही है एक गाड़ी का पहली बार पंजीयन होने के समय वाहन के मानक मूल्य के हिसाब से राशि मिलेगी। इसके बाद यही गाड़ी आगे जितनी बार बिकेगी, हर बार पंजीयन के समय वाहन के मानक मूल्य की एक प्रतिशत राशि मालिक को देनी पड़ेगी। जैसे अगर कोई कार दस लाख रुपए की है और वह अगली बार जैसे ही बिकेगी या नाम ट्रांसफर होगा तो उसके पंजीयन के मानक मूल्य की एक प्रतिशत राशि यानी 10 हजार रुपए फीस परिवहन विभाग को देनी पड़ेगी। यही गाड़ी जितनी बार बिकती जाएगी।

# सीबीएसई स्कूलों में 'तीसरी आंख' हर बच्चे पर होगी कैमरे की नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीएसई ने संबद्धता मानदंडों में संशोधन करते हुए स्कूलों में शौचालयों को छोड़कर अन्य सभी स्थानों पर वास्तविक समय की ऑडियो-विजुअल रिकॉर्डिंग वाले सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा, छात्रों की सुरक्षा स्कूल की सर्वोच्च जिम्मेदारियों में से एक है और यह सुनिश्चित करना है कि छात्रों को स्कूल में एक सुरक्षित और सुसंगत माहौल मिले।

- रिकॉर्डिंग वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के आदेश




**क्यों लिया गया यह फैसला?**

पिछले कुछ वर्षों में स्कूल परिसरों में सुरक्षा से जुड़ी घटनाएं सामने आई हैं। माता-पिता और समाज लगातार स्कूलों की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाते रहे हैं।

**किन-किन जगहों पर लगेंगे कैमरे?**

बोर्ड के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, स्कूल के मुख्य गेट, क्लासरूम, स्टाफ रूम, लैब, लाइब्रेरी, कैंटीन, गलियारे, सीढ़ियां, खेल का मैदान, और शौचालय के बाहर के हिस्से जैसे सभी अहम जगहों पर हाई-क्वालिटी कैमरे लगाने होंगे। खास बात ये है कि ये कैमरे ऑडियो और वीडियो दोनों रिकॉर्ड करने में सक्षम होंगे। हालांकि, टॉयलेट और वॉशरूम के अंदर कैमरे नहीं लगाए जाएंगे।

# विमान कंपनियों का सुरक्षा पर कम प्रचार पर ज्यादा खर्च

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- 76 प्रतिशत यात्रियों का मानना सुरक्षा से ज्यादा खर्च प्रचार पर

अखिल भारतीय ऑनलाइन सर्वेक्षण में करीब 76 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि भारत में कई विमानन कंपनियां यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने की तुलना में प्रचार पर अधिक खर्च कर रही हैं। लोकलसर्किल्स द्वारा किए गए ऑनलाइन सर्वेक्षण में 64 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने पिछले तीन वर्ष में कम से कम एक बार उड़ान के समय मुश्किल अनुभव करने की बात कही। इसमें उड़न भरते एवं उतरते समय या उसके दौरान जटिल परिस्थितियों का सामना करना शामिल है।

## घटनाओं को देखते सर्वेक्षण काफी जरूरी

सर्वेक्षण में 322 जिलों के नागरिकों से 44,000 प्रतिक्रियाएं मिलीं। हाल ही में सामने आईं हवाई और जमीनी स्तर की घटनाओं के मद्देनजर यह सर्वेक्षण काफी महत्वपूर्ण है। इन घटनाओं में टाटा समूह द्वारा संचालित एयर इंडिया की बोइंग 787-8 विमान दुर्घटना शामिल है। यह विमान पिछले महीने अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।



## उड़ान के दौरान बाहरी खिड़की का फ्रेम हवा में टूटा

इसी दौरान गोवा-पुणे के बीच उड़ान भरने वाली स्पाइसजेट की एक उड़ान की बाहरी खिड़की का 'फ्रेम' हवा में ही टूट गया, जिससे बॉम्बार्डियर क्यू400 विमान में सवार यात्रियों में दहशत फैल गई। सर्वेक्षण में हवाई यात्रा करने वाले लोगों से पूछा गया, " क्या आप मानते हैं कि भारत स्थित विमानन कंपनियां सुरक्षा की तुलना में प्रचार पर अधिक खर्च कर रही हैं?" प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, " इस प्रश्न का उत्तर देने वाले 26,696 लोगों में से 43 प्रतिशत ने कहा कि हां, सभी विमानन कंपनियां ऐसा करती हैं, 33 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि हां, उनमें से कुछ ऐसा करती हैं और 11 प्रतिशत ने कहा कि नहीं, ऐसा कोई नहीं करता। वहीं 13 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया।"कई विमानन कंपनियों पर आरोप इसमें कहा गया, " संक्षेप में, सर्वेक्षण में शामिल 76 प्रतिशत भारतीय यात्रियों का मानना है कि कई विमानन कंपनियां सुरक्षा की तुलना में प्रचार पर अधिक खर्च कर रही हैं।" सर्वेक्षण में शामिल कुल उत्तरदाताओं में से 63 प्रतिशत पुरुष और 37 प्रतिशत महिलाएं हैं।

## अहमदाबाद-लंदन दुर्घटना की जांच जारी

इस हादसे में विमान में सवार 242 यात्रियों में से 241 की मौत हो गई थी तथा जमीन पर घटनास्थल पर मौजूद अन्य 19 लोगों ने भी जान गंवा दी थी। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) इस दुर्घटना की जांच कर रहा है और उसने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट पहले ही प्रस्तुत कर दी है।

## गोवा से इंडिगो के उड़ान में लैंडिंग गियर का मामला

इसके अलावा सोमवार को एयर इंडिया की कोच्चि-मुंबई उड़ान में सवार यात्री बाल-बाल बच गए, जब जमीन पर उतरते समय विमान रनवे से बाहर निकल गया जिससे विमान को भारी नुकसान पहुंचा। सोमवार को ही एयर इंडिया की दिल्ली से कोलकाता की उड़ान को "तकनीकी खराबी" के कारण अंतिम समय में रद्द कर दिया गया जबकि गोवा से इंडिगो की उड़ान को "लैंडिंग गियर" संबंधी समस्या के कारण आपात स्थिति में उतारा गया।

# पेटीएम ने पहली बार 122.5 करोड़ का मुनाफा कमाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑनलाइन भुगतान मंच पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 122.5 करोड़ रुपये का अपना पहला एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया है। कंपनी को एक साल पहले की समान तिमाही में 840 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को अप्रैल-जून, 2025 की तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना दी। इस तिमाही में कंपनी का एकीकृत परिचालन राजस्व लगभग 28 प्रतिशत बढ़कर 1,917.5 करोड़ रुपये हो गया। अप्रैल-जून, 2024 की तिमाही में इसका राजस्व 1,501.6 करोड़ रुपये रहा था। पेटीएम ने बयान में कहा, "बीती तिमाही में कर-पूर्व आय (एबिटा) एवं शुद्ध लाभ क्रमशः 72 करोड़ रुपये एवं 123 करोड़ रुपये रहा।

# शांति गोल्ड का आईपीओ 25 जुलाई को खुलेगा

**नई दिल्ली।** स्वर्ण आभूषण विनिर्माता कंपनी शांति गोल्ड इंटरनेशनल ने अपने आगामी 360 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 189 से 199 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि आईपीओ 25 जुलाई को खुलेगा और 29 जुलाई को संपन्न होगा।आईपीओ पूर्णतः 1.81 करोड़ नए शेयर पर आधारित है इसमें ब्रिकी पेशकश (ओएफएस) का काई घटक शामिल नहीं है। इस निर्गम से प्राप्त राशि का इस्तेमाल जयपुर में एक इकाई स्थापित करने, कंपनी की कार्यशील पूंजी की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने, कर्ज भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट कामों के लिए किया जाएगा। मुंबई स्थित शांति गोल्ड विभिन्न प्रकार के स्वर्ण आभूषणों के 'डिजाइन' तैयार करने और उत्पादन में विशेषज्ञता रखती है। वर्तमान में कंपनी की स्थापित विनिर्माण क्षमता 2,700 किलोग्राम प्रति वर्ष है।

SHANTI GOLD International Ltd.

# डिजिटल अरेस्ट की धमकी, रिटायर्ड कर्मी से 32 लाख की ठगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी को मोबाइल फोन पर डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर ठगों ने साढ़े 32 लाख रुपए का चूना लगा दिया। ठगों ने खुद को टेलीकॉम अथारिटी और सीबीआई प्रोसेसिंग अफसर बताकर वाट्सएप पर वारंट भेजा था। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी तुषारकर देवांगन उम्र 65 वर्ष निवासी शंकर नगर कालोनी जांजगीर के मोबाइल फोन पर पिछले दिनों फोन आया। फोन करने वालों ने खुद को टेलीकॉल

अथॉरिटी और सीबीआई प्रोसेसिंग अफसर बताते हुए अपना नाम विजय खन्ना और रश्मि शुक्ला बताया। 3 जुलाई को व्हाट्सएप के जरिए किए गए कॉल में उन्होंने तुषारकर देवांगन को मनी लॉडिंग के केस में संलिप्त बताते हुए अपराध दर्ज करने की बात कही। उन्होंने व्हाट्सएप में वारंट की फोटो भी भेजी। इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति जिसका नाम नरेश गोयल बताते हुए उसकी फोटो भी भेजते हुए कहा कि वह कैनरा बैंक मुंबई के मनी लॉड्रिंग केस में शामिल है। ठगों ने तुषारकर देवांगन के अकाउंट की जांच करते हुए उसे डिजिटल अरेस्ट करते हुए जेल भेजने की धमकी दी।

## 4 बैंक खाते और दो फोन पे में पैसे ट्रांसफर

ऐसे में तुषारकर देवांगन उसके झांसे में आ गया। उनके बताए अनुसार 4 अलग-अलग बैंक अकाउंट में और दो फोन पे के माध्यम से कुल 6 किस्त में 32 लाख 54 हजार 996 रुपए ट्रांसफर कर दिए। इतनी बड़ी राशि देने के बाद उसने उक्त लोगों से उनके मोबाइल पर संपर्क किया तो उनके नंबर बंद आए, तब उसे ठगी का एहसास हुआ। सेवानिवृत्त कर्मचारी देवांगन ने सिटी कोतवाली जांजगीर पहुंचकर इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने 420 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी।

## मामले की जांच की जा रही

मोबाइल फोन पर डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर सेवानिवृत्त कर्मचारी से साढ़े 32 लाख रुपए से अधिक की ठगी करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

-प्रवीण द्विवेदी, प्रभारी, सिटी कोतवाली

### रील बनाने के लिए सड़क पर खड़ी कर दी कारें

# हाईवे किया जाम, नाराज हाईकोर्ट ने पूछा- महंगी गाड़ियां जब्त क्यों नहीं की गईं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

रसूखदार लड़कों द्वारा लग्जरी कारों को खड़ी कर नेशनल हाईवे-130 जाम करने के मामले में हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरू की डिवीजन बेंच ने पूछा कि इन लग्जरी गाड़ियों को जब्त क्यों नहीं किया गया। हाईकोर्ट ने मामले में राज्य शासन से जवाब मांगा है।

ज्ञात हो कि नई कार खरीद कर कुछ रसूखदार लड़कों ने रील्स बनाने के लिए नेशनल हाईवे को जाम कर दिया था, जिसका ड्रोन कैमरे से वीडियो शूट कर नई कार खरीदने का जश्न भी मनाया।


रील बनाने नेशनल हाइवे जाम किया 6 कार सवारों पर 2-2 हजार जुर्माना

पूर्व में हरिभूमि की खबर

## 6 कारों को खतरनाक ढंग से लहराते हुए स्टंट

कोर्ट द्वारा जानकारी मांगे जाने पर एडिशनल एसपी ट्रैफिक राम गोपाल करियारे ने बताया कि रतनपुर रोड पर एक के बाद एक 6 कारों को खतरनाक ढंग से लहराते हुए, कट मारकर चलाते हुए देखा गया। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एसएसपी रजनेश सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। रतनपुर रोड पर तैनात प्रभारी एएसआई केके मरकाम और स्टाफ ने सभी गाड़ियों को रोक कर 2000-2000 रुपए की चालानी कार्रवाई की।

हरिभूमि फॉलोअप

- चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने शासन से जवाब मांगा

**पुलिस की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी :** इस पूरे मामले को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने स्वतः संज्ञान में लिया है, उन्होंने जनहित याचिका के रूप में केस की सुनवाई शुरू की है। सोमवार को उन्होंने हाईवे जाम करने वाली गाड़ियों को जब्त न करने और मामूली कार्रवाई पर नाराजगी जताई। साथ ही इस मामले में शपथपत्र के साथ जवाब देने के लिए कहा है।



## ग्राहकों की शिकायतों को लेकर बैंक कर्मियों में संवेदना की कमी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे. ने धोखाधड़ी जैसे गंभीर पहलुओं पर ग्राहकों की बढ़ती शिकायतों के बीच बैंक कर्मचारियों में 'संवेदना की कमी' पर निराशा जताई है। आरबीआई प्रवर्तित एनआईबीएम (राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान) के 12 जुलाई के एक कार्यक्रम में स्वामीनाथन ने कहा, "स्वचालन बढ़ रहा है लेकिन स्वामित्व कम हो रहा है और ग्राहकों को 'अंतहीन' ईमेल और हेल्पलाइन नंबर से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर बैंक कर्मचारियों को व्यवस्था में लोगों का विश्वास बनाए रखना है, तो इन मुद्दों का समाधान जरूरी है।

## राशिफल

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं। |
| वृष | मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है। |
| मिथुन | आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें। |
| कर्क | वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। |
| सिंह | आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा। |
| कन्या | किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं। |
| तुला | मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं। |
| वृश्चिक | किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे। |
| धनु | आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा। |
| मकर | संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। |
| कुंभ | आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी। |
| मीन | मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी। |

# स्कोलियोसिस को जल्दी पहचानें और इलाज लें : डॉ फैजान




**बालाघाट।** स्कोलियोसिस यानी रीढ़ की हड्डी का एक तरफ झुक जाना, यह एक ऐसी स्थिति है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को, खासकर 10 से 18 साल की उम्र के बच्चों को चुपचाप प्रभावित करती है । शुरुआत में यह थोड़ा सा झुकाव लगता है जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन धीरे-धीरे यह एक गंभीर समस्या बन सकती है। इससे शरीर का पोश्चर बिगड़ सकता है, श्वांस लेने में परेशानी हो सकती है, आत्मविश्वास कम हो सकता है और गंभीर मामलों में दिल और फेफड़ों पर भी असर पड़ सकता है। डॉ. मोहम्मद फैज़ान, डायरेक्टर, स्पाइन सर्जरी, मैक्स हॉस्पिटल, नागपुर ने इसके बारे में जानकारी दी। डॉ. फैज़ान ने कहा कि स्कोलियोसिस अवेयरनेस मंथ के मौके पर हमारा उद्देश्य यह है कि अगर स्कोलियोसिस की पहचान समय पर हो जाए, तो इसका इलाज पूरी तरह संभव है। ऐसे बच्चे इलाज के बाद पहले की तरह सक्रिय और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

# 11 ग्राहकों को समारोह पूर्वक सौंपी गईं एक्सयूवी 3एक्सओ की चाबियां

**जबलपुर।** मंगलवार को महिंद्रा एंड महिंद्रा की एक्सयूवी 3एक्सओ रेवेक्स की चाबियां 11 ग्राहकों को समारोह के बाद सौंपी गईं। ग्राहकों को चाबियां महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाइस प्रेसिडेंट पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में स्टार ऑटोमोबाइल्स जबलपुर में आयोजित एक समारोह में सौंपी गईं। समारोह के पूर्व, स्टार ग्रुप के चेयरमैन रमेश सिंह, डायरेक्टर दुष्यंत सिंह व रेवत सिंह ने वाइस प्रेसिडेंट पवन कुमार का आत्मीय स्वागत किया। वाइस प्रेसिडेंट पवन कुमार ने इस दौरान महिंद्रा एंड महिंद्रा की ऑटोमोबाइल्स के क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचने की यात्रा पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। वाइस प्रेसिडेंट श्री कुमार ने इस दौरान महिंद्रा के वाहनों की विशेषता व विभिन्न वेरिएंट्स की जानकारी देते हुए बताया कि कस्टमर सर्विस की उत्कृष्टता व वाहनों के सेफ्टी फीचर्स ने ग्राहकों के बीच महिंद्रा के वाहनों के प्रति भरोसा बढ़ाया है। यही कारण है कि महिंद्रा एंड महिंद्रा आज देश के वाहन प्रेमियों के बीच सबसे भरोसेमंद नाम बनकर सामने है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5936



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

**शब्द पहेली- 5935 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झौ | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | रा | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | चा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | ज | न |

## सूडोकू बवाल - 5946

मध्यम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू बवाल - 5945 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

MANGAL SENAORA, BANGALORE



## संजय को सन ऑफ सरदार 2 में काम नहीं करने का अफसोस

**मुंबई।** अजय देवगन अपनी अपकमिंग फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनकी इस फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है। इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। एक्शन हीरो अजय देवगन के फैंस इस पर उन्हें बधाई दे रहे हैं। ऐसे में संजय दत्त ने इस फिल्म के लिए अजय देवगन को बधाई दी है और पोस्ट में दिल की बात लिखी है। 'सन ऑफ सरदार 2 के लिए आपको बधाई राजू, अगर इसे हम एकसाथ करते तो और भी मजा आता।' संजय दत्त की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है 'बाबा तीसरे पार्ट में आप को ही होना चाहिए।' एक और यूजर ने लिखा है 'इसमें बाबा को होना चाहिए था।

लाइफ Style

# फातिमा

## आप जैसा कोई के निर्देशक को कहा पागल

दंगल गर्ल फातिमा सना शेख इन दिनों अपनी फिल्म आप जैसा कोई को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें फिल्म की शूटिंग के दौरान की हैं। तस्वीरों में वह फिल्म आप जैसा कोई के निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सना ने विवेक के लिए एक लंबी पोस्ट लिखी है और उन्हें पागल कहा है। फातिमा सना शेख ने जो तस्वीरें शेयर की हैं वह फिल्म 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें हैं। इनमें देखा जा सकता है कि वह निर्देशक विवेक सोनी के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए विवेक सोनी की तारीफ की है और लिखा है 'अपनी रोजाना की सेल्फी से लेकर तुम्हारे अलग अंदाज को मैं अभी भी नहीं समझ पाई।'

फातिमा सना शेख ने आगे लिखा 'तुम्हारे साथ काम करना एक सफर जैसा है। तुम बॉलीवुड के चलते-फिरते इनसाइक्लोपीडिया हो। (मुझे अब भी नहीं पता कि तुम कैसे हर गाना, हर दृश्य याद रखते हो, तुम पागल हो।)' आपमें साधु जैसी शांति है। फिल्म में मुझे मधु बनाने के लिए और उस पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद। तुम्हारी जादू वाली दुनिया का हिस्सा बनना बहुत अच्छा रहा। आपको बता दें कि फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ आर माधवन हैं। इसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। इसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला के अलावा कई लोग हैं।



हॉलीवुड मसाला




## अवतार फायर.. का नया पोस्टर जारी

**लॉस एंजिल्स।** मेकर्स ने 'अवतारः फायर एंड ऐश' का नया पोस्टर जारी कर दिया है। साथ ही फिल्म को लेकर भी बड़ी अपडेट शेयर की है। जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड ऐश' पेंडोरा की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज को लेकर भी बड़ी अपडेट दे दी है। फिल्म के नए पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा है, 'अवतारः फायर एंड ऐश में वरंग से मिलिए।' इसके जरिए मेकर्स ने ये भी बता दिया है कि फिल्म का ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज होने वाली 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' के साथ सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा।



## वार्नर ने द कॉस्बी में निभाई थियो हक्सटेबल की भूमिका

**लॉस एंजिल्स।** 80 के दशक में मशहूर अमेरिकी टीवी शो द कॉस्बी शो में थियो हक्सटेबल का किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाले अभिनेता मैल्कम-जमाल वार्नर अब हमारे बीच नहीं रहे। 54 साल की उम्र में एक्टर का निधन हो गया है। कोस्टा रिका के समुद्री तट पर तैराकी के दौरान वो एक हादसे का शिकार हो गए। मैल्कम-जमाल वार्नर को अमेरिका के हर घर में तब जाना गया, जब उन्होंने 1984 से 1992 तक चले लोकप्रिय सिटकॉम 'द कॉस्बी शो' में थियो हक्सटेबल की भूमिका निभाई। वो शो में डॉक्टर हक्सटेबल के सबसे छोटे बेटे थे। थियो का किरदार निभाने वाले वार्नर ना सिर्फ एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि बाद में उन्होंने निर्देशक और निर्माता के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई। मैल्कम-जमाल वार्नर की खबर जैसे ही फैली, हॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई।



## स्किन टोन को लेकर किया गया शर्मिंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर लगातर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान उनके साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर खुलकर बातचीत की। एक खबर के अनुसार, वाणी कपूर ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक फिल्म से उन्हें इसलिए हटा दिया गया, क्योंकि उनका रंग गोरा नहीं था। एक फिल्म निर्माता ने कहा कि वह उस किरदार के लिए गोरी नहीं हैं। इसके अलावा उन्हें बहुत पतली होने के लिए भी ताने सुनने पड़े थे। लोग अक्सर कहते थे कि उन्हें वजन बढ़ाना चाहिए, क्योंकि लोगों को भरे हुए शरीर वाली महिलाएं ज्यादा पसंद हैं। इस सभी बातों को लेकर वाणी का कहना है, 'वह खुद से खुश हैं और जैसी हैं, वैसे ही रहना चाहती हैं। वह फिट और स्वस्थ हैं और ऐसी बातों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।'



## 25 जुलाई को रिलीज होगा वॉर-2 का ट्रेलर

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म 'वॉर 2' के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी दी है कि 'वॉर 2' का मच अवेटेड ट्रेलर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर की रिलीज डेट बताते हुए मेकर्स की ओर से एक पोस्ट शेयर की गई, जिसमें एक ऋतिक और जूनियर एनटीआर का एक पोस्टर शेयर किया गया है। इस पोस्टर पर ही ट्रेलर की रिलीज डेट लिखी है। इसके साथ ही लिखा है, '2025 में भारतीय सिनेमा के दो आइकन अपने सिनेमा के सफर के 25 साल पूरे कर रहे हैं। वॉर 2 यशराज फिल्म के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। जबकि ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर के किरदार में ही दिखाई देंगे।

टीवी मसाला



## सोशल मीडिया पर स्टार बन चुकी है ये बच्ची

**नई दिल्ली।** देवथा सीरियल स्टार मां चैनल का एक सुपरहिट शो रहा है, जिसमें छोटी बच्ची 'देवम्मा' का किरदार सबको बहुत पसंद आया था। अहाना बर्फी ने इस शो में प्यारा सा किरदार निभाया था, शो में उन्होंने अपने टैलेंट से सभी का दिल जीता था। अहाना ने ज्यादातर इमोशनल सीन में अपनी एक्टिंग से गहरी छाप छोड़ी है, हालांकि, देवथा सीरियल के बाद वह तेलुगु टीवी सीरियल्स में नजर नहीं आईं। लेकिन सोशल मीडिया पर वह पहले काफी एक्टिव रही हैं। अहाना बर्फी के इंस्टाग्राम पर करीब 4 लाख फॉलोअर्स हैं। माना जाता है कि वह किसी भी किरदार को अपनी एक्टिंग से खास बना सकती हैं। यही वजह है कि वह टीवी की दुनिया में धाक जमाए हुए हैं। अहाना बर्फी का जन्म 20 जनवरी को हुआ था, खबर है कि इन दिनों वह पढ़ाई में बिजी हैं और इसी वजह से एक्टिंग से थोड़ी दूरी बनाए हुए हैं। फिलहाल वह अपनी पढ़ाई पर फोकस करना चाहती हैं। उन्होंने कुछ शॉर्ट फिल्मों में भी काम किया है, हालांकि अब वह एक्टिंग से ब्रेक पर हैं, लेकिन उनकी हाल की फोटोज देखकर लोग हैरान हो रहे हैं, वो अब बेहद खूबसूरत और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर उनके पहले और अब की फोटोज को देखकर लोग कमेंट कर रहे हैं कि वह कितनी बदल गई हैं और पहले से भी खूबसूरत हो गई हैं। कुछ समय पहले उनका एक पारिवारिक फंक्शन वीडियो भी वायरल हुआ था। अहाना की एक फोटो बलैया और श्रीलीला के साथ भी वायरल हुई थी। फैंस का मानना है कि अगर अहाना दोबारा एक्टिंग में आती हैं तो उन्हें बहुत बड़ा प्यार और फॉलोइंग मिलेगी।

## अविनाश प्यार से बंधे रिश्ते में आएंगे नजर

**नई दिल्ली।** अविनाश मिश्रा टीवी की दुनिया के पॉपुलर एक्टर हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' के बाद अब वह अपना नया शो लेकर आ रहे हैं। अविनाश मिश्रा बालाजी टेलीफिल्म्स के यूट्यूब ओरिजिनल शो प्यार से बंधे रिश्ते में नजर आएंगे। हाल ही में अविनाश मिश्रा ने अपने इस नए शो को लेकर बात की और कहा कि वह प्रोजेक्ट की तलाश में थे जिसके जरिए वह दर्शकों से कनेक्ट कर पाए। अविनाश मिश्रा ने अपने नए शो प्यार से बंधे रिश्ते के बारे में कहा, 'बिग बॉस के बाद मैं ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रहा था, जिससे मैं फिर से अपने दर्शकों से जुड़ सकूं। 'प्यार से बंधे रिश्ते मुझे बिल्कुल सही लगा। मैं बालाजी टेलीफिल्म्स का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और अपने पहले यूट्यूब शो की जिम्मेदारी मुझे दी।' उन्होंने कहा कि यह शो उनके लिए भी कुछ नया और अलग है।



## बॉबी देओल की फिल्म बंदर का टीआईएफएफ में होगा प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म बंदर (बंदर पिंजरे में) का आगामी टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2025 में विश्व प्रीमियर होने वाला है। यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। टोरंटो अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कनाडा में 4 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित होने वाला है। यहां इसे दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप कर रहे हैं। बॉबी देओल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है। बॉबी देओल ने जो पोस्टर शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि एक छोटे कमरे में कई लोग सो रहे हैं। इन सबके बीच बॉबी देओल चिंता में बैठे हुए हैं। कमरे की दीवार पर लोगों के कपड़े टंगे हैं। इसी कमरे में कई बर्तन भी रखे हैं।



पोस्ट शेयर करते हुए बॉबी देओल ने जो टैग्स लगाए हैं, उसके मुताबिक फिल्म में अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा भी नजर आ सकती हैं। बॉबी देओल की पोस्ट पर अभिनेता विक्रांत मैसी ने कमेंट करते हुए लिखा है बहुत-बहुत बधाई सर। अभिनेत्री सैयामी खेर ने लिखा है 'याय...' हुमा कुरैशी ने बॉबी देओल को मुबारकबाद देते हुए फायर वाला इमोजी बनाया है। सनी देओल ने भी थम्स अप और दिल वाला इमोजी बनाया है। बॉबी देओल आखिरी बार तेलुगु फिल्म डाकू महाराज में दिखाई दिए थे।

*नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसे स्टार्स भी हुए हैं, जिन्हें शुरुआत में तो सफलता मिली, लेकिन उसके बाद वो अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गए। इनमें कई ऐसे भी सितारे शामिल हैं, जिनकी पहली फिल्म ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।*

## सफल डेब्यू के बाद अचानक इंडस्ट्री से गायब हुए ये सितारे

**इमरान खान** : सुपरस्टार आमिर खान के भांजे इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म जाने तू या जाने ना से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म को पसंद भी किया गया था। इसके बाद इमरान खान कई और फिल्मों में भी नजर आए जिनमें मेरे ब्रदर की दुल्हन, ब्रेक के बाद, मटरू की बिजली का मन डोला, वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा, एक मैं और एक तू, गोरी तेरे प्यार में और डैली वैली जैसी फिल्में शामिल हैं। इमरान आखिरी बार 2015 में आई फिल्म कट्टी-बट्टी में नजर आए थे। इसके बाद लगभग दस साल बीत चुके हैं, लेकिन इमरान खान इंडस्ट्री से गायब हैं। हालांकि, ऐसी चर्चाएं हैं कि वो हैप्पी पटेल नाम की फिल्म में नजर आ सकते हैं।

**असिन** : आमिर खान के साथ सुपरहिट फिल्म गजनी से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली अभिनेत्री असिन बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडस्ट्री में भी काफी चर्चित रहीं। लेकिन, शादी के बाद असिन अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। असिन की बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो इनमें अधिकतर



बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थीं। असिन की फिल्मों में गजनी, लंदन ड्रीम्स, रेडी, हाउसफुल 2, बोल बच्चन, खिलाड़ी 786 और ऑल इज वेल जैसी फिल्में शामिल हैं। असिन ने अपने कॅरियर में आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है।

**अमृता राव** : साल 2006 में आई फिल्म विवाह से रातों-रात नेशनल क्रश बन जाने वाली अमृता राव ने अपने करियर में कई फिल्में की। लेकिन, फिर अमृता अचानक लाइमलाइट से दूर हो गईं। हालांकि, वो छह साल पहले आई नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म ठाकरे में नजर आई थीं। लेकिन, फिलहाल अमृता एक लंबे वक्त से इंडस्ट्री से दूर हैं। अमृता ने अपने कॅरियर में 'इश्क विश्क, मस्ती, मैं हूं ना, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, प्यारे मोहन और शौर्य जैसी फिल्में दी हैं।

**जायद खान** : इंडस्ट्री में कई स्टारकिड ऐसे भी रहे जिनका कॅरियर कुछ खास नहीं रहा। ऐसे ही स्टारकिड्स में शामिल हैं वेटरन एक्टर संजय खान के बेटे जायद खान। चुरा लिया है तुमने से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले जायद खान का कॅरियर कुछ खास नहीं रहा।

## दुनिया बनाने वाले..., दोस्त-दोस्त न रहा जैसे मशहूर गाने गाए

# अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में बनाई जगह



***नई दिल्ली।*** *'इक दिन बिक जाएगा, माटी के मोल, जग में रह जाएंगे, प्यारे तेरे बोल'। गायक मुकेश की आवाज में यह गाना लोगों को खूब भाया। उन्होंने अपने गानों से देश ही नहीं, विदेशों में भी लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई। उन्होंने जीना यहां मरना यहां, दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, दोस्त-दोस्त न रहा और मेरा जूता है जापानी जैसे मशहूर गाने गाए। भले ही मुकेश इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह अपने गानों के जरिए लोगों के दिलों में जिंदा हैं।*

### भाग कर की शादी

मुंबई में मुकेश को एक गुजराती व्यापारी की लड़की सरला से प्रेम हो गया। सरला के पिता इस शादी के लिए तैयार नहीं थे। मुकेश के पिता भी इस शादी के लिए राजी नहीं थे। ऐसे में मुकेश ने सरला से भागकर शादी करने का फैसला किया। मुकेश ने सरला से एक मंदिर में अपने चचेरे भाई मोतीलाल की मौजूदगी में शादी की।

### इंजीनियर बनाना चाहते थे पिता

मुकेश बचपन से ही गायक बनना चाहते थे। उन्होंने मैट्रिक तक ही पढ़ाई की। पढ़ाई के दिनों में वह स्कूल के कार्यक्रमों में गाया करते थे। मुकेश के पिता जोरवर चंद माथुर, मुकेश को सिविल इंजीनियर बनाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने मुकेश की नौकरी पीडब्ल्यूडी में लगवा दी। हालांकि, मुकेश के मन में गायक बनने का सपना जिंदा रहा। एक दिन उन्होंने अखबार में देखा कि मुंबई में कलाकारों की भर्ती निकली है। इसके बाद वह मुंबई चले गए। मुंबई पहुंचकर मुकेश को पांच साल बाद कामयाबी मिली।

### पहली बार नाकाम होने पर लोगों ने छोड़ा साथ

मुकेश की बहन की शादी हो रही थी। इसमें गाने बजाने का भी प्रोग्राम हो रहा था। लड़के वालों की जिद पर मुकेश ने समारोह में एल के सहगल के कुछ गाने गाए। इस शादी में फिल्मी दुनिया से भी कुछ लोग आए थे। उन्होंने मुकेश की आवाज सुनी। इसके बाद उन लोगों ने मुकेश कि पिता से कहा कि वह मुकेश को फिल्मों में काम देना चाहते हैं। मुकेश के पिता ने हां कह दी। इसके बाद मुकेश ने पहली बार फिल्म निर्दोष (1941) में गाना गाया और अभिनय किया। यह फिल्म नहीं चली। जिन लोगों ने मुकेश को काम के लिए बुलाया था, उन्होंने भी उनका साथ छोड़ दिया।

### लता मंगेशकर का कॅरियर बनाने में मदद की

लता मंगेशकर मुकेश को अपना भाई मानती थीं। वह रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधती थीं। लता जब भी अपने संघर्ष के दिनों को याद करतीं तो वह मुकेश को भी याद करतीं। मुकेश ने ही लता मंगेशकर को अपना कॅरियर बनाने में मदद की। उस दौर में लता को लोग पतली आवाज की वजह से पसंद नहीं करते थे। उन्हें कई जगहों से नकारा जा चुका था। हालांकि, मुकेश को लता की आवाज अच्छी लगी। उन्होंने लता को नौशाद से मिलवाया। उन्हीं के कहने पर फिल्म अंदाज में लता को छह गाने गाने का मौका मिला। यहां से लता के कॅरियर को रफ्तार मिली।

### मुश्किलों से रिलीज हुआ पहला गाना

*यह साल 1943 का दौर था। मुकेश ने अपने चचेरे भाई अभिनीत फिल्म पहली नजर में दिल जलता है गाना गाया। फिल्म के निर्देशक मजहर खान इस गाने को रिलीज नहीं करना चाहते। उनका कहना था कि मोतीलाल चुलबुले किरदार करते हैं। ऐसे में उन पर गंभीर गाना नहीं जचेगा। ऐसे में उन्होंने कहा कि अगर फिल्म में मुकेश के गाने को दर्शकों ने पसंद नहीं किया तो एक हफ्ते के बाद फिल्म से इस गाने को निकाल दिया जाएगा। लेकिन, मुकेश का गाया गाना लोगों को पसंद आया। इसके बाद मुकेश ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### गानों के जरिए हिट कराई फिल्म

*गायक होने के साथ मुकेश एक फिल्म निर्माता भी थे। उस दौर में वह ऐसे गायक थे कि अपने दम पर फिल्में हिट कराने की ताकत रखते थे। साल 1951 में आई फिल्म मल्हार के प्रोड्यूसर खुद मुकेश थे। फिल्म के गानों को उन्होंने गाया। इसमें उनका साथ लता मंगेशकर ने भी दिया। फिल्म में बड़े कलाकार नहीं थे। इसके बावजूद ये फिल्म हिट रही। इस फिल्म के गाने बहुत मशहूर हुए, जिसकी वजह से यह फिल्म हिट रही।*

# टेस्ट क्रिकेट में इन बल्लेबाजों ने पहली बार में ही ठोक डाले तिहरे और दोहरे शतक

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाना किसी भी बल्लेबाज के लिए बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जाता है। यही कारण है कि अब तक विश्व क्रिकेट में गिनती के ही बल्लेबाजों ने ये मुकाम हासिल किया है। हालांकि, इनमें से कुछ ऐसे प्रतिभाशाली बल्लेबाज भी हुए हैं, जिन्होंने अपनी पहली ही शतकीय पारी को तिहरे शतक में तब्दील किया है। वहीं भारतीय खिलाड़ियों में दिलीप सरदेसाई, विनोद कांबली और मयंक अग्रवाल दोहरे शतक ठोक चुके हैं।



### गैरी सोबर्स

(365* रन बनाम पाकिस्तान, 1958)

वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर गैरी सोबर्स ने 1958 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में अपना पहला शतक लगाया था। किंग्स्टन में खेले गए उस मैच में सोबर्स ने अपनी पहली पारी में नाबाद 365 रन बनाए थे और उनकी बदौलत कैरेबियाई टीम ने अपनी पहली पारी 790/3 के विशाल स्कोर पर घोषित की थी। आखिर में वेस्टइंडीज ने वो टेस्ट पारी और 174 रन से जीता था। सोबर्स ने अपने टेस्ट करियर में कुल 26 शतक लगाए थे।



### करुण नायर

(303* रन बनाम इंग्लैंड, 2016)

भारतीय टीम के करुण नायर ने 2016 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में अपने पहले ही शतक को तिहरे शतक में तब्दील किया था। उन्होंने 381 गेंदों में नाबाद 303 रन बनाए थे। अपनी इस जोरदार पारी में उन्होंने 32 चौके और 4 छक्के लगाए थे। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी को 759/7 के स्कोर पर घोषित किया था। आखिरकार भारत ने वो मैच पारी और 75 रन से जीता था।

### बॉब सिंपसन (311 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया, 1964)

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बॉब सिंपसन ने 1964 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ खेले गए टेस्ट में अपना पहला शतक लगाया और अपनी पारी को तिहरे शतक में तब्दील किया था। ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मुकाबले में पारी की शुरुआत करते हुए उन्होंने 743 गेंदों का सामना करते हुए 311 रन बनाए थे। उनकी बदौलत इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी 656/8 के स्कोर पर घोषित की थी। हालांकि, ये मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

### इन भारतीय बल्लेबाजों ने लगाए दोहरे शतक



भारत की ओर से दिलीप सरदेसाई (बनाम न्यूजीलैंड, 1965), विनोद कांबली (बनाम इंग्लैंड, 1993), और मयंक अग्रवाल (बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2019) ही ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने अपने पहले शतक को दोहरे शतक में तब्दील किया था।

## खबर संक्षेप



### झेंग सर्जरी के कारण अमेरिकी ओपन से हटीं

**न्यूयॉर्क।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने कोहनी की चोट के कारण वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट अमेरिकी ओपन से नाम वापस ले लिया है। अमेरिकी ओपन में उनकी जगह फ्रांस की लेओलिया जीनजीन को मुख्य ड्रॉ में शामिल किया गया है। चीन की 22 वर्षीय खिलाड़ी झेंग ने दो दिन पहले घोषणा की थी कि उनकी दाहिनी कोहनी में दर्द के कारण उन्हें लग रहा था कि उन्हें ठीक होने में महीनों लगेंगे, इसलिए यह सुनिश्चित हो गया था कि वह 24 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन में भाग नहीं ले पाएगी। बता दें कि झेंग की कोहनी की आर्थोस्कोपिक सर्जरी हुई है।

### कार्लोस अल्काराज भी टोरंटो मास्टर्स से हटे

**टोरंटो।** दुनिया के दूसरे नंबर से खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने टोरंटो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया है



जिससे अमेरिकी ओपन से पहले होने वाली इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता की चमक और फीकी पड़ गई है। इससे एक दिन पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, छठे नंबर के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और पांचवें नंबर के खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने अगले सप्ताह शुरू होने वाली इस हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया था। अल्काराज ने कहा, ''मैं अभी विंबलडन की थकान से उबर रहा हूं। इस कारण टोरंटो मास्टर्स में भाग नहीं ले पाऊंगा।'

### एसीसी उपाध्यक्ष पद के लिए पाक बेचैन, भारत ने किया बैठक का बायकॉट



**मैनचेस्टर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अपनी जिद पर अड़े रहना भारी पड़ सकता है। उसने बीसीसीआई के खिलाफ जाने का फैसला किया है और उसकी बार-बार की जा रही एक अपील को मान नहीं रहा। ऐसे में अब बीसीसीआई को दूसरे देशों का साथ भी मिल रहा है। श्रीलंका ने पाकिस्तान के खिलाफ जाने का फैसला किया है। बांग्लादेश का दौरा एक साल के लिए स्थगित होने के बाद ढाका में एशियाई क्रिकेट परिषद की इस सप्ताह वार्षिक आम सभा (एजीएम) होनी थी लेकिन बीसीसीआई ने उस बैठक में नहीं शामिल होने का फैसला किया। अब भारत को इस मुद्दे पर श्रीलंका का भी साथ मिला है। बता दें कि इस बैठक में एसीसी उपाध्यक्ष पद का चयन भी होना है। वहीं अफगानिस्तान से भी बीसीसीआई की बात चल रही है। सूत्रों ने बताया कि बीसीसीआई की ओर से बार बार ढाका में एशियाई क्रिकेट परिषद की बैठक नहीं करने को कहा गया है, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी इस पर अड़े हुए हैं और कई तरह की शर्तें रख रहे हैं।

## चौथा टेस्ट आज से, एक भी टेस्ट इस मैदान में नहीं जीत सकी है भारतीय टीम

# अग्निपरीक्षा : ओल्ड ट्रैफर्ड में गिल ब्रिगेड उतरेगी जीत का इतिहास रचने, इंग्लैंड सीरीज जीतने लगाएगी दमखम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट आज 23 जुलाई से ओल्ड ट्रैफर्ड में खेला जाएगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली मेहमान टीम हर हाल में इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में बराबरी करने का प्रयास करेगी वहीं ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में टेस्ट जीतकर इतिहास रचेगी। वहीं इंग्लैंड की टीम इस मैच को जीतकर सीरीज पर कब्जा जमाने की पुरजोर कोशिश करेगी। भारत के लिए यही टेस्ट मैच अहम है क्योंकि इसी मैच में सीरीज का फैसला होना है। वर्तमान में भारतीय टीम 2-1 से पीछे चल रही है। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम का प्रभावशाली प्रदर्शन रहा है और ऐसे में टीम आत्मविश्वास से लबरेज होगी लेकिन टीम को कैसे भी करके यह मुकाबला जीतना है ताकि बराबरी हो सके और अंतिम टेस्ट मैच रोचक हो।



### मैच में पड़ सकता है बारिश का खलल

मैनचेस्टर टेस्ट में बारिश का खलल देखने को मिल सकता है। मैच के पहले और 5वें दिन बारिश की सबसे ज्यादा संभावना है। इन 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस के रहने के उम्मीद है। इस बीच 26 जुलाई को भी बारिश की संभावना है।

### भारत के खिलाफ इंग्लैंड ने जीते हैं ज्यादा मैच

भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट 1932 में खेला गया था। दोनों टीमों के बीच अब तक 139 मुकाबले खेले गए हैं। 36 मुकाबलों में भारतीय टीम को जीत और 53 में हार मिली है। 50 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। इंग्लैंड की धरती पर दोनों टीमों ने 70 मैच खेले गए हैं। 10 मैच में भारतीय टीम को जीत मिली है और 38 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। 22 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

### भारत ने नहीं जीता इस मैदान में एक भी टेस्ट



भारत ने इस मैदान पर अब तक 1 भी टेस्ट नहीं जीता है और शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इस बार जीत के साथ नया इतिहास लिखने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने यहां अब तक 84 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान टीम को 33 मैच में जीत मिली है। इंग्लैंड को सिर्फ 15 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। उसने यहां 36 मुकाबले ड्रॉ खेले हैं। भारत ने इस मैदान पर 9 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 4 मैच में उसे हार मिली है। इसके अलावा 5 मैच ड्रा रहे हैं। भारत का इस मैदान पर सर्वोच्च स्कोर 432 रन रहा है।

### तेज गेंदबाजों के लिए मददगार है पिच

ऐतिहासिक रूप से ओल्ड ट्रैफर्ड की पिच पर खतरनाक उछाल देखने को मिलता रहा है। यह पिच पारंपरिक रूप से तेज गेंदबाजों के लिए मददगार मानी जाती थी। हालांकि, पिछले कुछ समय में यहां की पिच पर बल्लेबाजों के लिए आसानी हुई है। हाउस्टेट के मुताबिक, यहां पहली पारी का औसत स्कोर 324 रन है। इस मैदान पर हासिल किया गया सर्वोच्च लक्ष्य 294 रन है, जो इंग्लैंड ने 2008 में न्यूजीलैंड के खिलाफ किया था।

## प्रथम श्रेणी क्रिकेट

# अंशुल सहित इन तेज गेंदबाजों ने चटकाए एक पारी में पूरे 10 विकेट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज का चयन पहली बार भारत की सीनियर टीम में हुआ है। वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक पारी में सभी 10 विकेट चटका चुके हैं। अब तक टेस्ट क्रिकेट में चुनिंदा गेंदबाजों ने एक पारी में सभी 10 विकेट लेने का कारनामा किया है। इस बीच उन भारतीय तेज गेंदबाजों के बारे में जानते हैं, जिन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किसी पारी में सभी 10 विकेट लिए हैं।



### प्रेमंगसू चटर्जी

बंगाल के प्रेमंगसू चटर्जी यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज थे। उन्होंने रणजी ट्रॉफी 1956-57 में असम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। चटर्जी ने 19 ओवरों में 20 रन देकर 10 विकेट लिए थे, जिससे बंगाल के पहली पारी के 505/10 के स्कोर के जवाब में असम की टीम सिर्फ 54 रन पर ढेर हुई थी। हालांकि, वह दूसरी पारी में कोई विकेट नहीं ले सके और बंगाल ने पारी के अंतर से मैच जीता था।

### प्रदीप सुंदरम

राजस्थान के पूर्व खिलाड़ी प्रदीप सुंदरम भी इस सूची में शामिल हैं। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 1985 में जोधपुर में विदर्भ के खिलाफ रणजी मैच की पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया था। सुंदरम ने 22 ओवरों में 78 रन देकर 10 विकेट लिए थे।

### देबाशीष मोहंती

ओडिशा की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले देबाशीष मोहंती भी ये कारनामा कर चुके हैं। दाएं हाथ के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने वेस्ट जोन की ओर से खेलते हुए 2001 में दलीप ट्रॉफी में साउथ जोन की पहली पारी में 46 रन देते हुए सभी 10 विकेट लिए थे।

### अंशुल कंबोज

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने रणजी ट्रॉफी 2024-25 में केरल क्रिकेट टीम के खिलाफ उनकी पहली पारी में सभी विकेट लिए थे। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 30.1 ओवर में 49 रन देते हुए ये सफलताएं हासिल की थी।

## चाइना ओपन

# प्रणय पांच मैच प्वाइंट बचाकर अगले दौर में, लक्ष्य सेन बाहर



एजेंसी ▶▶| चांग्झू

भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने पांच मैच प्वाइंट बचाए और एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां जापान के कोकी वतनबे को हराकर चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन फिर से पहली बाधा पार नहीं कर पाए। विश्व के 35वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने 18वें नंबर के वतनबे के खिलाफ 8-21, 21-16, 23-21 से जीत हासिल की। लक्ष्य का खराब प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें अच्छी शुरुआत के बावजूद चीन के पांचवें वरीय ली शि फेंग से 21-14, 22-24, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### कॅरियर के इस पड़ाव पर जीत जरूरी थी : प्रणय

प्रणय ने मैच के बाद कहा, ''मेरे करियर के इस पड़ाव पर, हर जीत मायने रखती है। मैं टूर पर वापस आकर खुश हूं। खेल का स्तर वास्तव में काफी बेहतर हो गया है और आपको शुरू से ही कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। अब हर राउंड जीतना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा, ''पुरुष एकल में औसत आयु अचानक 22-23 वर्ष हो गई है। बहुत सारे नए चेहरे हैं और आप वास्तव में नहीं जानते कि उनका खेल कैसा है। अब अनुभव बहुत ज्यादा मायने नहीं रखता है।

### दूसरे गेम के बाद बनाई बढ़त

भारतीय खिलाड़ी की पहले गेम में जापान के खिलाड़ी के सामने एक नहीं चली लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने अच्छी वापसी करके मैच को बराबरी पर ला दिया। तीसरा और निर्णायक गेम काफी रोमांचक रहा। प्रणय आखिरी गेम में 2-11 से पीछे थे, लेकिन फिर उन्होंने लगातार पांच अंक लेकर अंतर कम कर दिया। फिर भी 15-20 के स्कोर पर जापान के खिलाड़ी के पास पांच मैच प्वाइंट थे। भारतीय खिलाड़ी ने इन सभी मैच प्वाइंट को बचाकर 21-20 की मामूली बढ़त हासिल कर ली और आखिर में यादगार जीत दर्ज की।

### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय पहले ही दौर में चीनी ताइपे की लिन हिस्यांग ती से 23-21, 11-21, 10-21 से हारकर बाहर हो गईं। ए सूर्या और ए प्रमुथेश तथा रोहन कपूर और रुथविका गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ियां भी अपने शुरुआती दौर के मैच हार गईं।

# एरिगैसी-गुजराती होंगे चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में मुख्य आकर्षण

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और अनीश गिरी छह अगस्त से यहां शुरू हो रहे चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के मुख्य आकर्षण होंगे। भारत के सबसे प्रतिष्ठित क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट में मास्टर्स और चैलेंजर्स श्रेणियों के 20 खिलाड़ी भाग लेंगे।

इस प्रतियोगिता की इनामी राशि एक करोड रुपए है। मास्टर्स श्रेणी में एरिगैसी, गुजराती और गिरी के अलावा जॉर्डन वान फॉरेस्ट, लियांग अवॉन्डर, विंसेंट कीमर, रे रॉबसन, व्लादिमीर फेडोसेव और प्रणव वी शामिल होंगे।



### चैलेंजर्स श्रेणी में ये खिलाड़ी होंगे शामिल

चैलेंजर्स श्रेणी में कार्तिकेयन मुरली, लियोन मेंडोंका, वैशाली आर, हरिका द्रोणावल्ली, अभिमन्यु पुराणिक, आर्यन चोपड़ा, अधिबान बस्करन, इनियान पी, दीप्तायन घोष और प्रणेश एम शामिल होंगे। मास्टर्स चैंपियन को 25 लाख रुपये मिलेंगे, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को क्रमशः 15 लाख रुपये और 10 लाख रुपये मिलेंगे। चैलेंजर्स के विजेता को सात लाख रुपये और अगले साल मास्टर्स में जगह मिलेगी।

# जिम्बाब्वे के स्क्वॉड में सिकंदर-करन की वापसी, चार खिलाड़ी हुए बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जिम्बाब्वे की टीम जुलाई के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 जुलाई से दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इस सीरीज के लिए जिम्बाब्वे ने अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। जिम्बाब्वे की टीम ने इससे पहले अपना आखिरी टेस्ट सीरीज साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उस सीरीज की तुलना में जिम्बाब्वे की टीम में 4 बदलाव हुए हैं। आपको बता दें कि जिम्बाब्वे की टीम इन दिनों साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के साथ मिलकर टी-20 ट्राई सीरीज खेल रही है।



### जिम्बाब्वे-न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच 30 जुलाई से 03 अगस्त के बीच खेला जाएगा। वहीं दूसरा टेस्ट मैच 7 अगस्त से 11 अगस्त के बीच खेला जाएगा। ये दोनों मुकाबले क्वींस स्पोर्ट्स क्लब बुलावायो में खेला जाएगा। आपको बता दें कि जिम्बाब्वे की टीम इन दिनों साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के साथ मिलकर टी-20 ट्राई सीरीज खेल रही है।

### न्यूजीलैंड सीरीज के लिए जिम्बाब्वे का स्क्वॉड

क्रेग एर्विन (कप्तान), ब्रायन बेनेट, तनाका चिवांगा, बेन करन, ट्रेवर ग्वांडू, रॉय कैया, तनुनुरवा मकोनी, क्लाइव मदांडे, विंसेंट मासेकेसा, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, न्यूमैन न्यामहुरी, सिकंदर रजा, तफदजवा त्सिगा, निकोलस वेल्च, सीन विलियम्स।

## विभिन्न देशों की शीर्ष टीमें लेती हैं हिस्सा

# चैंपियंस लीग में सीएसके सहित इन टीमों ने जीते हैं खिताब

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

अगले साल सितंबर से पुरुषों की टी-20 चैंपियंस लीग फिर से शुरू होगी। यह टूर्नामेंट लगभग 1 दशक बाद वापसी के लिए तैयार है। बता दें कि आखिरी बार 2014 में यह लीग खेली गई थी, जिसमें विभिन्न देशों की शीर्ष टीमें हिस्सा लेती हैं। भारत की चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इसका खिताब जीत चुकी हैं। इस बीच चैंपियंस टी-20 लीग के उन संस्करणों के बारे में जानते हैं, जिनमें भारतीय टीमें विजेता बनीं थीं।



### चेन्नई सुपरकिंग्स (2010)

चेन्नई सुपर किंग्स ने चैंपियंस लीग के दूसरे संस्करण का खिताब अपने नाम किया था। जोहान्सबर्ग में खेले गए फाइनल में **CSK** ने दक्षिण अफ्रीका की वारियर्स टीम को 8 विकेट से हराया था। खिताबी मुकाबले में वारियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के बाद 128/7 का स्कोर बनाया था। जवाब में **CSK** ने मुरली विजय की 58 रन की पारी की मदद से 6 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल किया था।



### मुंबई इंडियंस (2011)

चैंपियंस लीग के तीसरे संस्करण का खिताब **MI** ने जीता था। दिलचस्प रूप से 2011 में फाइनल मैच 2 भारतीय टीमों के बीच खेला गया था। फाइनल में एमआई ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 31 रन से हराया था। चेन्नई में हुए उस मैच में एमआई ने पहले खेलते हुए जेम्स फ्रेंकलिन के 41 रन की मदद से 139 रन बनाए थे। जवाब में आरसीबी की टीम 108 रन पर सिमट गई थी।

### मुंबई इंडियंस (2013)

सन 2013 में एक बार फिर एमआई ने इस खिताब को जीतने में सफलता हासिल की थी। चैंपियंस लीग के इतिहास में एमआई की टीम 1 से अधिक खिताब जीतने वाली पहली टीम बनी थी। दिल्ली में खेले गए फाइनल में एमआई ने राजस्थान रॉयल्स को 33 रन से हराया था। अरुण जेटली स्टेडियम में हुए मुकाबले में एमआई ने 202/6 का स्कोर बनाया था। जवाब में आरआर की पारी 169 रन पर सिमट गई थी।

### चेन्नई सुपरकिंग्स (2014)

सन 2014 में खेले गए संस्करण में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में सीएसके की टीम विजेता बनी थी। फाइनल में सीएसके ने केकेआर को 8 विकेट से हराया था। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए मैच में आरसीबी ने 180/6 का स्कोर बनाया था। जवाब में सीएसके की टीम ने सुरेश रैना के शतक की मदद से 18.3 ओवर में लक्ष्य हासिल किया था। रैना ने 62 गेंदों में नाबाद 109 रन बनाए थे।




संस्कार मुहिम...

सोशल मीडिया पर 'स्टार' बनने की होड़ में मासूम दिल हथियारों से खेल रहे

# हथियारों वाली सेल्फी नहीं किताबों से बने सपने

**संस्कारधानी जबलपुर में चौंकाने वाली तस्वीरें, अब बेटी भी बनने लगी 'गैंगस्टर गर्ल', समाज को सोचने की जरूरत**

शुभम् शुक्ला

**जबलपुर।** एक समय था जब बच्चों की मुस्कान सच्चाई और सपनों की कहानी कहती थी। आज वही चेहरे, वही मासूम आंखें अब खतरनाक चाकुओं, तमंचों और 'गैंगस्टर' जैसे टैग के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। यह कोई फिल्मी दृश्य नहीं हमारे ही शहर संस्कारधानी जबलपुर की सच्चाई है। हाल ही में एक वायरल फोटो में 13-14 साल के एक बालक को दोनों हाथों में धारदार चाकू लिए देखा गया। उसके चेहरे पर डर नहीं, बल्कि एक 'स्टाइल' का भाव था। कुछ दिन पहले एक किशोरी का वीडियो वायरल हुआ जिसमें उसने खुद को 'डॉन क्वीन' बताते हुए धमकी भरे शब्द बोले। यह घटनाएं सिर्फ कानून की नहीं, समाज के लिए भी चेतावनी हैं।




### बेटा हो या बेटी फ्रेम में दोनों भटक रहे

आज न सिर्फ लड़के, बल्कि लड़कियां भी इंस्टाग्राम रील्स पर हथियार लेकर, गैंगस्टर गानों पर एक्टिंग करती नजर आ रही हैं। वह नहीं समझतीं कि इस 'रील' की असल लाइफ में कीमत क्या है। यह फैशन नहीं, आत्म-विनाश की शुरुआत है। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर सोशल मीडिया पर ऐसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### नौ थाना क्षेत्रों में हुई कार्रवाई

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में जबलपुर पुलिस ने इन घटनाओं को गंभीरता से लिया। गोहलपुर, ग्वारीघाट, कटंगी, मझौली, इंद्राना, गोरखपुर, गोसलपुर, सिहोरा और बरगी थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर दर्जनों किशोर-किशोरियों को थानों में बुलाया गया। थाना स्तर पर काउंसलिंग कर उन्हें और उनके अभिभावकों को यह समझाया गया कि दिखावे की यह लत एक दिन उन्हें अपराध की दुनिया में धकेल सकती है।

### मोबाइल है लेकिन मॉनिटरिंग नहीं!

हर घर में मोबाइल है, लेकिन बच्चों की स्क्रीन पर क्या चल रहा है, इस पर चुप्पी है। बच्चे किसे फॉलो कर रहे हैं? किन गानों, वीडियो या ट्रेंड्स से प्रभावित हो रहे हैं? यह सवाल पूछना अब शिक्षा नहीं, जिम्मेदारी बन चुका है और इस जिम्मेदारी से कोई भी मां-बाप, कोई भी शिक्षक या समाज का सदस्य बच नहीं सकता।

### दबंग बनने की नहीं, दृढ़ सोच की जरूरत

यह समय है यह समझने का कि लड़के-लड़कियां दोनों आज बराबर चुनौती में हैं। उन्हें यह बताना ज़रूरी है कि शक्ति चाकू में नहीं, सोच में होती है। हीरो वह नहीं जो डराएं, बल्कि वह हैं जो दिशा दिखाएं।

### समाधान सिर्फ कानून नहीं, संवाद ज़रूरी

पुलिस की निगरानी जरूरी है, पर बदलाव तब आएगा जब हर घर में एक संवाद शुरू होगा। हर दिन बच्चों से 15 मिनट दिल से बात करें, उन्हें सुनें, उनकी उलझनों को समझें, डर के कारण नहीं विश्वास के साथ संवाद करें।

### बचपन को बचाइए नहीं तो भविष्य खो देंगे

आज रील्स में खोए हुए बच्चे, कल मुकदमे में खो सकते हैं। पुलिस, स्कूल, समाज सब अपने-अपने हिस्से की भूमिका निभा रहे हैं। अब बारी माता-पिता और परिजनों की है। आप आज अगर जागे, तो एक बच्चा संभलेगा और जब बच्चे संभलते हैं, समाज बदलता है।

### अभिभावकों को जागरूक होना पड़ेगा



सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर उसे वायरल करने का ट्रेंड तेजी से चल रहा है। पुलिस निगरानी कर रही है ऐसे कुछ वीडियो को बनाकर वारदात को भी अंजाम दिया गया है जिसके चलते उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। इस मामले में सबसे पहले अभिभावकों को जागरूक होना पड़ेगा, ताकि बेटा हो या बेटी सही दिशा में आगे बढ़ सकें।

-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान

## बादलों की बसाहट से उमस पड़ रही भारी

**जबलपुर।** उत्तरी मध्यप्रदेश और राजस्थान के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है लेकिन जबलपुर और उसके आस-पास रिमझिम बारिश के ही आसार हैं । मंगलवार को सुबह से बादल छाए रहे, जिससे उमस बढ़ गई. दोपहर में कुछ देर बूंदाबांदी हुई, मौसम पहले जैसा हो गया। बादलों की बसाहट से उमस भरी गर्मी पूरे दिन हावी रही। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी झमाझम बारिश के आसार नहीं हैं।

मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातः काल 86 प्रतिशत और सायंकाल 78 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान बंदाबांदी हुई जो दर्ज नहीं की गई। 1 जून से आज तक कुल वर्षा का आंकड़ा 632.3 मिमी (लगभग 24.8 इंच) दर्ज किया जा चुका है। उत्तर पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर की रफ्तार से चली। सूर्योदय सुबह 5.38 बजे और सूर्यास्त शाम 6.56 बजे होगा। गत वर्ष आज के दिन 119.6 मिमि वर्षा नहीं हुई थी। जबकि कुल वर्षा 418.03 मिमी दर्ज की गई थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान *२.०१ डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.04 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टे के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

*अतिरिक्त चरण के तहत होंगी सीट आवंटित*

## यूजी में एडमिशन के लिए 31 जुलाई तक अतिरिक्त सीएलसी राउंड, कॉलेजों में प्रवेश जारी

हरिभूमि, जबलपुर

जबलपुर सहित प्रदेशभर के सरकारी और निजी अशासकीय कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण 16 जुलाई से शुरू किया गया है। यह 31 जुलाई तक जारी रहेगा। विद्यार्थियों के लिए 16 जुलाई से प्रवेश पोर्टल पर हर कॉलेज में खाली सीटों को दर्शाया जा रहा है। विद्यार्थी इन रिक्त सीटों पर सीधे महाविद्यालय में पहुंचकर एडमिशन ले सकते हैं।

31 जुलाई तक हर दिन दोपहर बाद 3 बजे तक पंजीयन अथवा विकल्प चयन भी कर सकते हैं। हेल्प सेंटर द्वारा शाम 4 बजे तक प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किया जा रहा है। शाम को 5 बजे मेरिट लिस्ट जारी की जा रही है। मेरिट लिस्ट जारी होने के अगले दिन विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश शुल्क जमा न किए जाने की स्थिति में प्रवेश मान्य नहीं होगा। अतिरिक्त सीएलसी ग्राउंड की यह प्रक्रिया 31 जुलाई तक चलेगी।

### पीजी में 78 हजार सीटें आवंटित

उच्च शिक्षा विभाग ने कालेजों की स्नातकोत्तर(पीजी)में 78 हजार सीटें आवंटित की है। इसमें यूजी से पीजी पाठ्यक्रम में मेजर और माइनर विषय बदलने वाले विद्यार्थियों के लिए भी सीटें आवंटित की गई है। इसके लिए दो दिन में साक्षात्कार भी आयोजित किया गया था। इसमें प्रदेश भर से करीब चार हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे। पीजी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने अभी तक करीब डेढ़ लाख विद्यार्थियों का पंजीयन हो चुका है। दो राउंड में करीब 48 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है।सीएलसी में प्रवेश के लिए करीब 55 हजार विद्यार्थियों का सत्यापन हुका है। आवंटन जारी होने के बाद विद्यार्थी 25 जुलाई तक फीस जमा कर प्रवेश ले पाएंगे। फीस जमा नहीं करने की दशा में प्रवेश अमान्य कर दिया जाएगा।

**शुल्क का भुगतान 23 से 26 जुलाई तकः** विद्यार्थियों को आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों, टीसी माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन के लिए उपस्थित होकर 23 से 25 जुलाई तक लिंक इनिशिएट कराना होगा। आवंटित कॉलेज में प्रवेश शुल्क का भुगतान 23 से 26 जुलाई तक करना होगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 26 जुलाई है।

### एनसीटीई कोर्सेस में प्रवेश में लिए भी अतिरिक्त

*उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एनसीटीई पाठ्यक्रम (बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीएड एमएड (एकीकृत तीन वर्षीय) एवं बीएलएड तथा बीएड (अंशकालीन तीन वर्षीय) संचालित करने वाले शासकीय अथवा अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी कर दी है। इसके लिए 18 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन अथवा आवेदन किए जा चुके हैं।*


**हाईकोर्ट ने पमरे महाप्रबंधक सहित अन्य से मांगा जवाब**

## रेलवे ने जमीन अधिग्रहण के बदले नौकरी या हर्जाना क्यों नहीं दिया

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने जमीन अधिग्रहण के बदले नौकरी या हर्जाना न दिए जाने पर जवाब-तलब किया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने केंद्र शासन, रेल मंत्रालय, महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे, डीआरएम को नोटिस जारी किए हैं।

याचिकाकर्ता सतना निवासी आशाकृत त्रिपाठी की ओर से अधिवक्ता रविंद्र गुप्ता, प्रदीप सिन्हा व सौरभ सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि रीवा-सीधी-सिंगरौली और खजुराहो-पन्ना-सतना नामक दो नई रेलवे



लाइनों के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया है। याचिकाकर्ता की जमीन ग्राम करही, हरमल्ला, तहसील रघुराज नगर, जिला सतना में स्थित है। उसे जमीन अधिग्रहण के बदले काफी कम मुआवजा दिया गया। नियमानुसार नौकरी दी जानी चाहिए थी या फिर पांच लाख का हर्जाना। लेकिन इनमें से कुछ भी नहीं दिया गया। जब नौकरी का आवेदन निरस्त कर दिया गया तो याचिकाकर्ता ने खुद को ठगा महसूस किया। उसने कई बार आवेदन दिए। लेकिन कोई नतीजा न निकलने पर हाई कोर्ट चला आया। भूमि अधिग्रहण से पूर्व रेलवे ने संभागायुक्त रीवा और कलेक्टर के जरिए नियुक्तियां प्रदान करने का प्रचार करवाया था। लेकिन अधिसूचना के विपरीत व्यवहार कर उसे वंचित कर दिया गया।

*कोर्ट ने किया फैसला सुरक्षित*

## परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की दो जमानत अर्जियों पर सुनवाई पूरी हो गई। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने अर्जियों पर सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित कर लिया। उल्लेखनीय है कि प्रिवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत ईडी द्वारा दर्ज मामले में भोपाल की जिला सत्र न्यायालय ने 24 अप्रैल 2025 को सौरभ शर्मा की जमानत अर्जी निरस्त कर दी थी । प्रकरण के अनुसार, 17 दिसंबर 2024 को सौरभ शर्मा के ठिकानों पर छापेमारी शुरू हुई थी। उसके घर से करोड़ों रुपए नकदी और दो क्विंटल चांदी की सिल्लियां मिली थीं। ईडी ने सौरभ शर्मा सहित उसके परिवार के सदस्यों समेत 12 व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। आरोपी सौरभ शर्मा बीते 4 फरवरी से न्यायिक अभिरक्षा में है। ईडी द्वारा दर्ज प्रकरण में जिला न्यायालय ने उसे जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद जमानत के लिए हाईकोर्ट में ये अर्जियां दायर की गईं। सुनवाई के दौरान आरोपी की ओर से तर्क दिया गया कि उससे अभी तक जितनी रकम मिली है, वह पूरी उसकी नहीं है। उसके नाम जो संपत्तियां नहीं हैं, उनसे उसका कोई लेना-देना नहीं है। वहीं ईडी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सौरभ शर्मा ने ही संपत्तियां अर्जित करने के बाद अपने दोस्त और रिश्तेदारों के नाम की हैं। सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया।

**गुरुकुल आश्रम व ज्ञानदास सहित अन्य को नोटिस**

## हाई कोर्ट ने 100 साल पुराना रास्ता बंद करने पर मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने छिंदवाड़ा जिले के ग्राम खजरी, जामुन गिरी में गुरुकुल आश्रम से गुजरने वाले 100 साल पुराने प्राचीनकालीन रास्ता को बंद किए जाने के मामले में जवाब-तलब किया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने प्रमुख सचिव राजस्व, छिंदवाड़ा कलेक्टर, एसडीओ, तहसीलदार व संस्कृत पुश्तैनी विद्यापीठ, गुरुकुल आश्रम और ज्ञानदास को नोटिस जारी किए गए हैं। अगली सुनवाई 18 अगस्त को होगी।

जनहित याचिकाकर्ता छिंदवाड़ा निवासी एडवोकेट ईशांशु प्रसाद की ओर से अधिवक्ता अजय सेन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि छिंदवाड़ा के ग्राम खजरी में गुरुकुल आश्रम है। जहां से 100 साल पुराना प्राचीनकालीन रास्ता है। आश्रम के कर्ताधर्ताओं ने उक्त रास्ते को बंद कर दिया है। जबकि उक्त रास्ते का वर्षो से ग्रामीणजन अपनी खेती की भूमि में जाने व बच्चें स्कूल जाने के लिए करते आ रहे थे। अनावेदकों ने रास्ता बंद कर उसमें गेट लगाकर उक्त रास्तें की जमीन पर फसल लगा दी है। उक्त मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की गई, जिस पर पूर्व में स्टे भी दिया गया। लेकिन बाद में स्टे यह कहते हुए हटा



लिया गया कि 90 दिन से अधिक समय तक स्टे नहीं दिया जा सकता। आवेदक की ओर से कहा गया कि रास्ता बंद होने से ग्रामीणों, किसानों और बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदक की ओर से कहा गया ये सब इसलिये किया गया, ताकि किसान अपनी जमीनों को कम दामों में बेचने मजबूर हो जाएं।

**मंडल के स्टेशनों किलाबंदी चेकिंग**

## 538 बेटिकट यात्रियों से 3 लाख 11 हजार जुर्माना वसूला

हरिभूमि जबलपुर

जबलपुर मंडल के स्टेशनों पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक II शशांक गुप्ता के नेत्रत्व मे चल टिकट निरीक्षकों की टीम ने मंगलवार दोपहर 12 बजे से 16 बजे तक वाणिज्य विभाग के 36 टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से किलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। टिकट चेकिंग स्टॉफ की निगरानी में चलाये गए इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन के



बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जाँच के स्टेशन के बाहर न जा सकें। इस जांच मे आरपीएफ़ बल भी उपस्थित था।

इस दौरान यात्री गाडियों को जबलपुर स्टेशन पर रोककर 538 यात्रियों को पकड़कर उनसे लगभग 03 लाख 11 हजार रुपए से अधिक का रेल राजस्व प्राप्त किया गया। यात्री गाड़ियों में डेली अप डाउन करने वाले एम एस टी धारक आरक्षित कोचों मे यात्रा करते हुए पकड़े गए, एवं अनियमित टिकट लेकर तथा अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वालों एवं स्टेशन पर आवारा घुमने वालो की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे द्वारा एक दिवसीय औचक विशेष जांच अभियान चलाया गया। इसके साथ ही 274 प्लेटफार्म टिकट जारी किए गए। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक डॉ. मधुर वर्मा नें बताया कि रेलवे द्वारा प्रारंभ किया गया यह जांच अभियान और आगामी दिनों में भी विभिन्न स्टेशनों पर निरंतर चलेगा। यह जांच अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया कि सभी यात्री उचित टिकट के साथ यात्रा करें।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240